RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 260
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जापान ओपन में फिर पहले दौर में हारी
स्पोर्ट्स-12

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस लाई अविश्वास प्रस्ताव

## सदन ने दी मंजूरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बातचीत कर चर्चा की तिथि तय करेंगे

● सरकार बोली- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जनता को पूरा विश्वास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बुधवार को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर चर्चा के लिए सदन ने मंजूरी भी दे दी। दूसरी ओर, सरकार ने कहा है कि जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर पूरा विश्वास है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करेंगे, हालांकि कांग्रेस का कहना है कि इस पर बृहस्पतिवार से ही चर्चा होनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की ओर से सामूहिक तौर पर लाया गया है। मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी से संसद के भीतर जवाब मांग रहे विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से कांग्रेस ने इस रणनीति के साथ यह कदम उठाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में बोलने के लिए बाध्य किया जा सके। विपक्ष से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई द्वारा पेश इस प्रस्ताव को लोकसभा ने चर्चा के लिए स्वीकृति प्रदान की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह सभी दलों के नेताओं से बातचीत करके इस पर चर्चा की तिथि के बारे में अवगत कराएंगे। विगत नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर होगा जब मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले, जुलाई, 2018 में मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ 126 वोट पड़े थे, जबकि इसके खिलाफ 325 सांसदों ने वोट दिया था। इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य पहले से तय है, क्योंकि संख्याबल स्पष्ट रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में है। लोकसभा की 543 में से पांच सीटें अभी रिक्त हैं।

इनमें से 330 से अधिक सांसद भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य घटक दलों के हैं। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उसके साथी दलों के सदस्यों की संख्या 140 से अधिक है। करीब 60 सांसदों का संबंध उन दलों से है, जो दोनों गठबंधनों का हिस्सा नहीं हैं। अविश्वास प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के पिछले कार्यकाल में भी यही किया था और जनता ने उसे सबक सिखाया था। इस बार फिर देश की जनता इन लोगों को सबक सिखाएगी। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव आने दीजिए, सरकार (शेष पेज 9)

## माइक हुआ बंद, तो बोले खड़गे- आत्मसम्मान को पहुंची चोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राज्यसभा में मणिपुर हत्या पर अपनी बात रखते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान बोलते समय अपना माइक्रोफोन बंद कर दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यरत खड़गे ने इस व्यवधान को अपने विशेषाधिकार का उल्लंघन और अपने आत्मसम्मान का अपमान बताया है।

उन्होंने सदन के कामकाज के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की और सवाल किया कि क्या यही लोकतंत्र है। बाद में धनखड़ ने स्पष्ट किया कि जानबूझकर माइक्रोफोन बंद नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि जब सदन में एक विधायी मामले पर चर्चा कर रहा था, तो खड़गे को बोलने के लिए मंच दिया गया। ऐसी चर्चाओं के दौरान किसी भी व्यवधान की अनुमति नहीं है और उपसभापति ने तदनुसार हस्तक्षेप किया। यह घटना सदन में हंगामे के बीच उस समय हुई, जब विपक्षी सदस्य मणिपुर में तीन महीने से चली आ रही जातीय हिंसा के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बयान की मांग कर रहे थे। जवाब में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सदस्यों ने मोदी, मोदी का नारा लगाना शुरू कर दिया, जिससे सदन में अराजकता फैल गई। कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई, और दोपहर के भोजन के बाद फिर से शुरू होने पर, उच्च सदन ने हिमाचल प्रदेश में हट्टी समुदाय को आदिवासी दर्जा देने के लिए एक विधेयक पारित किया, जिसमें विपक्षी सदस्य अनुपस्थित (शेष पेज 9)

# राहुल गांधी करेंगे एक और भारत जोड़ो यात्रा

● आगामी 15 अगस्त से उत्तर प्रदेश से शुरू होने की संभावना, सभी चुनावी राज्यों से होकर गुजरेगी

● उत्तर प्रदेश में सपा और रालोद भी बना रहे साइकिल और ट्रैक्टर यात्रा की योजना



**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में एक और भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने की योजना बना रही है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर लंबी पहली भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से उत्साहित पार्टी इसे इसी साल विधानसभा चुनाव में जाने वाले राज्यों से निकालने का खाका तैयार कर रही है।

इसकी शुरुआत 15 अगस्त से उत्तर प्रदेश से हो सकती है। कहा जा रहा है कि यह पदयात्रा राहुल गांधी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर करने जा रहे हैं और उत्तर प्रदेश को इसीलिए चुना गया है, क्योंकि किसी भी दल के लिए केंद्र में सत्ता का रास्ता इसी प्रदेश से होकर जाता है। दूसरी भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश से शुरू होगी और गुजरात के सौराष्ट्र से उत्तर-पूर्व में ईटानगर तक जाएगी। इस बीच, एक अन्य प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी (सपा) भी इसी तरह की राज्य-केंद्रित यात्रा की योजना बना रही है। सपा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकालने पर काम कर रही है। यह भी उत्तर प्रदेश से होकर गुजरेगी।

सपा की साइकिल यात्रा 8 अगस्त को प्रयागराज से शुरू होने की संभावना है और इसमें रालोद प्रमुख जयंत चौधरी भी शामिल होंगे। अखिलेश की सपा और जयंत की रालोद बीते दिनों बेंगलुरू में गठित हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया घटक दलों में शामिल हैं। जहां अखिलेश उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में साइकिल से यात्रा करेंगे, वहीं जयंत के ट्रैक्टर और कभी-कभी बैलगाड़ी का इस्तेमाल करने की संभावना है, जो केवल (शेष पेज 9)

# ज्ञानवापी सर्वे पर रोक 27 तक के लिए बढ़ाई



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के एएसआई सर्वेक्षण पर लगी रोक को बृहस्पतिवार तक के लिए बढ़ा दिया है। अदालत इस मामले में कल अपराह्न साढ़े तीन बजे सुनवाई करेगी। इस मामले में दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर ने मामले में आगे की सुनवाई बृहस्पतिवार को जारी रखने का आदेश दिया। अदालत के आदेश के अनुपालन में एएसआई के वाराणसी केन्द्र के अपर निदेशक आलोक त्रिपाठी अदालत में मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि एएसआई की टीम किसी भी तरह से ढांचे को क्षतिग्रस्त नहीं करने वाली है। सुनवाई के दौरान, शाम पांच बजे के बाद अदालत ने कहा कि चूंकि सुनवाई का समय पूरा हो गया है, इसलिए, आगे की सुनवाई कल की जाएगी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि एएसआई का सर्वेक्षण शुरू करना है। इस पर, एएसआई के अधिकारी ने बताया कि एएसआई की टीम विवादित परिसर में नहीं है और अदालत के आदेश के बगैर सर्वेक्षण का कोई काम नहीं किया जाएगा। उच्च न्यायालय ने वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की अपील पर बुधवार को सुबह साढ़े नौ बजे सुनवाई शुरू की जो दोपहर साढ़े बारह बजे तक चली और दोपहर के भोजनावकाश के बाद सुनवाई फिर शाम साढ़े चार बजे से शुरू होकर पांच बजे तक चली। मस्जिद कमेटी के वकील ने दलील दी कि 21 जुलाई को आदेश पारित करते समय वाराणसी की अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंच गई कि सर्वेक्षण रिपोर्ट की अनुपस्थिति में मुद्दे को हल नहीं किया जा सकता, लेकिन अदालत ने इस निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले उसके समक्ष रखी गई सामग्रियों पर चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि निचली अदालत को सबसे पहले पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करनी चाहिए थी, लेकिन संपूर्ण शिकायत में इस तरह के साक्ष्य का कोई जिक्र नहीं है। सुनवाई के दौरान अंजुमन (शेष पेज 9)

### उच्चतम न्यायालय ने ज्ञानवापी समिति की याचिका बहाल की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ज्ञानवापी समिति की उस याचिका को बुधवार को बहाल कर दिया, जिसका उसने मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के काम पर रोक लगाते समय 24 जुलाई को अनजाने में निपटारा कर दिया था। एएसआई यह पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कर रहा था कि क्या मस्जिद का निर्माण वहां पहले मौजूद किसी मंदिर पर किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुफेजा अहमदी के अभ्यावेदनों का संज्ञान लिया। अहमदी ने कहा कि न्यायालय ने पिछली सुनवाई में एएसआई के काम पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उसकी अंतरिम याचिका के बजाय मुख्य याचिका का निपटारा कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 24 जुलाई को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एएसआई के विस्तृत वैज्ञानिक (शेष पेज 9)

# मणिपुर में महिलाओं के साथ दरिंदगी स्तब्ध और भयभीत करने वाला: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा है कि मणिपुर में दो महिलाओं पर हमले के वीडियो से अमेरिका स्तब्ध एवं परेशान है और उनका देश न्याय दिलाने के भारत सरकार के प्रयासों का समर्थन करता है। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो महिलाओं को भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर उन्हें घुमाए जाने का वीडियो 19 जुलाई को सामने आया था, जिसकी पूरे देश में निंदा की गई। यह घटना चार मई की है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम मणिपुर में दो महिलाओं पर नृशंस हमले के वीडियो से स्तब्ध हैं और यह वीडियो परेशान करने वाला है। हम लिंग आधारित हिंसा के इस कृत्य की शिकार महिलाओं के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हैं और उन्हें न्याय दिलाने के भारत सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हैं। मणिपुर में हिंसा को लेकर पाकिस्तान के एक संवाददाता के सवाल के जवाब में उन्होंने यह बात कही। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं कहा है कि महिलाओं के खिलाफ इस प्रकार की हिंसा किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा, और जैसा कि हमने पहले कहा (शेष पेज 9)

## मणिपुर के मोरेह में भीड़ ने घरों में आग लगाई, बसों को निशाना बनाया

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर** के मोरेह जिले में बुधवार को भीड़ ने कम से कम 30 घरों और दुकानों को आग लगा दी और सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खाली पड़े ए घर म्यांमा सीमा के करीब मोरेह बाजार क्षेत्र में थे।

आगजनी के बाद भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी भी हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि घटना कोई हताहत हुआ है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि यह आगजनी कांगपोकपी जिले में भीड़ द्वारा सुरक्षा बलों की दो बसों को आग के हवाले करने की घटना के एक दिन बाद हुई। यह घटना सपोरमीना में उस समय हुई, जब बसें मंगलवार शाम दीमापुर से आ रही थीं। इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने मणिपुर की पंजीकरण संख्या वाली बस को सपोरमीना में रोक लिया और कहा कि वे इस बात की जांच करेंगे कि बस में कहीं दूसरे समुदाय का कोई सदस्य तो नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि उनमें से कुछ लोगों ने बसों में (शेष पेज 9)

# ईडी निदेशक का कार्यकाल बढ़ाने के लिए सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

● शीर्ष अदालत हाल ही में ईडी निदेशक संजय मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को ठहरा चुकी है अवैध



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल के विस्तार को अवैध ठहराए जाने के कुछ दिन बाद केंद्र ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की समीक्षा जारी रहने के मद्देनजर उन्हें 15 अक्टूबर तक पद पर बने रहने की अनुमति देने के लिए बुधवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। केंद्र ने अपने आवेदन में कहा कि एफएटीएफ की समीक्षा के दौरान मिश्रा की अनुपस्थिति भारत के राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ को बताया कि सरकार ने शीर्ष अदालत के 11 जुलाई के फैसले में संशोधन के लिए एक आवेदन दायर किया है। मेहता ने पीठ से कहा कि इस मामले में तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। हम इस आवेदन को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करते हैं।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि 11 जुलाई का फैसला तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सुनाया था, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल भी शामिल थे और फिलहाल वे अलग-अलग पीठ का हिस्सा हैं। न्यायमूर्ति गवई ने मेहता से कहा, रजिस्ट्री को प्रधान न्यायाधीश से एक पीठ गठित करने का अनुरोध करने दें। सॉलिसिटर जनरल ने पीठ से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करते (शेष पेज 9)

# एनआईए ने लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी विक्रम बरार को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के एक करीबी सहयोगी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्रम बरार को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि विक्रम बरार को प्रत्यर्पण के तहत संयुक्त अरब अमीरात से भारत लाया गया है जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एनआईए का एक दल विक्रम बरार को भारत वापस लाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात गया था। एनआईए ने बताया कि बरार मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के अलावा अन्य लोगों और कारोबारियों की हत्या में शामिल है। वह कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बरार और अन्य की मदद से भारत में हथियारों की तस्करी तथा जबरन वसूली के मामलों में भी संलिप्त है। जांच एजेंसी ने कहा, वर्ष 2020 से फरार बरार भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या, हत्या का प्रयास, वसूली और शस्त्र कानून से जुड़े मामले समेत कुल 11 मामलों में वांछित (शेष पेज 9)

# सीमा से 100 किमी भीतर भूमि संरक्षण कानूनों से बाहर

● हंगामे के बीच लोकसभा ने वन संरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**लोकसभा** ने बुधवार को मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इस विधेयक का उद्देश्य देश की सीमाओं के 100 किमी के भीतर की भूमि को संरक्षण कानूनों के दायरे से छूट देना और जंगल में चिड़ियाघर, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं की स्थापना की अनुमति देना है।

इस विधेयक को संक्षिप्त बहस के बाद कानून पारित कर दिया गया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सदन में चर्चा का जवाब दिया। इस विधेयक के प्रावधानों के तहत, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्र में रक्षा या सार्वजनिक उपयोगिता परियोजनाओं के निर्माण के लिए पांच हेक्टेयर भूमि पर जंगल साफ करने के लिए किसी पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इस विधेयक का उद्देश्य 1980 के वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन करना है, जो उद्योगों और स्थानीय समुदायों द्वारा लकड़ी और अन्य खनिजों सहित वन संसाधनों को नियंत्रित करता है। सदन में मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग और विपक्षी नारों और तख्तियों के बावजूद, लोकसभा ने विधेयक पर विचार और पारित करने को आगे बढ़ाया।

विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा की दिया कुमारी ने कहा कि इसमें वन सफारी और इको-टूरिज्म से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं जो सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाते हैं। संक्षिप्त चर्चा में वाईएसआर कांग्रेस के श्री चंद्रशेखर, भाजपा के राजू बिस्ता और शिवसेना की भावना गवली ने भी भाग लिया। आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने सदन में उक्त विधेयक पर चर्चा पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, ऐसे में किसी नीतिगत विषय से जुड़े विधेयक को तब तक सदन में नहीं लाया जा सकता, जब तक अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाए। इस पर पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष 10 दिन के अंदर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए कोई भी तारीख तय कर सकते हैं जिसका अर्थ (शेष पेज 9)

## जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में शोर-शराबे के बीच जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया, जिसमें लोगों की सुविधा एवं फायदे के लिए जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र में डिजिटल पंजीकरण और इलेक्ट्रॉनिक निष्पादन का प्रावधान किया गया है।

लोकसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया। इसके माध्यम से जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 का संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक पेश किए जाने के दौरान मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्य शोर-शराबा कर रहे थे। विधेयक को पेश किए जाने पर कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी ने आपत्ति प्रकट की।

उन्होंने दावा किया कि सदन में ऐसा करने के लिए विधाई क्षमता का अभाव है और इससे निजता के अधिकार का उल्लंघन होता है। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969, जन्म एवं मृत्यु के मामलों के पंजीकरण के नियमन को लेकर अमल में आया था।

## क्विक न्यूज

### कुलगाम में आतंकवादियों के भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड़, छात्र गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक पीएचडी छात्र की गिरफ्तारी के साथ, पुलिस ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में एक आतंकवादी भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस ने कहा कि मामले में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादियों से जुड़े उनके दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, कुलगाम पुलिस को मिली विशिष्ट जानकारी पर कार्वाई करते हुए, कोड नाम डॉ. सबील नाम के व्यक्ति की तलाश शुरू की गई, जो जिला कुलगाम और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को आतंकवादी संगठन में भर्ती होने के लिए प्रेरित कर रहा था, वित्त पोषण कर रहा था और साजोसामान की सहायता प्रदान कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा, व्यवस्थित प्रयासों के बाद, एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। जब वाहन के कागजात मांगे गए, तो यह बात सामने आई कि वाहन का इस्तेमाल कुलगाम के अश्मुजी निवासी डॉ रब्बानी बशीर द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि अश्मुजी में एक चौकी स्थापित की गई और बशीर को पकड़ लिया गया।

# पानी के बहाव में जलकुंभी बन रही रुकावट

## बारिश के कारण राहत शिविरों में भरा पानी, जलस्तर घटने से करहेड़ा में सामान्य हो रहे हालात

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पिछले पांच दिन से हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने से मुश्किलें झेल रहे लोगों के लिए बारिश ने और भी परेशानी बढ़ा दी है।

सुबह से लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाए गए राहत शिविरों में पानी भर गया। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र करहेड़ा के लोग हैं जो अपना घरबार छोड़कर राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। लेकिन राहत शिविरों में भी लोगों की मुश्किलें बारिश ने बढ़ा दी हैं।

करहेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय में राहत शिविर बनाया गया है जहां परिसर में भारी मात्रा में पानी भर गया है। पानी भरने से लोग कक्षों में ही कैद होकर रह गए हैं।

पंप सेट लगाकर राहत शिविर से पानी निकालने का काम किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि करहेड़ा से भी करीब दो फुट तक पानी कम हो गया है। करहेडा के अधिकतर प्रभावित क्षेत्र खाली हो गए हैं। जहां लोग रह रहे हैं उन्हें भी सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह ने बताया कि हिंडन नदी का पानी अब तेजी से कम हो रहा है। पिछले 24 घंटे में पानी का जलस्तर करीब दो फुट कम हुआ है। सम्भावना है कि जल्द ही पानी कम हो जाएगा। पम्प सेट के जरिए भी जगह-जगह से पानी निकाला जा रहा है।


राहत शिविरों मेडिकल जांच के लिए पहुंची डॉक्टरों की टीम।

राहत शिविरों में भी पंप सेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है। बारिश को लेकर एसडीएम ने कहा कि इससे कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा। पहली प्राथमिकता नदी के पानी का जो जमाव करहेडा और अटोर क्षेत्र में हुआ है उसे कम करना है। बारिश से पानी का जलस्तर में कोई बदलाव नहीं होने वाला है। नदी से जलकुंभी हटाने का काम अभी भी जारी है कि ताकि पानी आगे बढ़ता रहे। बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री, पीने का पानी लगातार पहुंचाया जा रहा है जिससे लोग भूखे प्यासे न रह सकें।

पानी पूरी तरह से निकलने के बाद ही बिजली और पानी सप्लाई हो सकेगी। हालांकि अभी मौसम विभाग ने कई दिन तक बारिश होने की सम्भावना जताई है जिससे हिंडन नदी का जलस्तर फिर से बढ़ सकता है। सहारनपुर की ओर से लगातार पानी आ रहा है। इसे लेकर अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### वर्षा से पंचशील सोसाइटी बेसमेंट में भरा पानी

**गाजियाबाद।** सुबह हुई तेज बारिश के कारण पंचशील प्रिमरोज की सोसायटी के बेसमेंट में पानी भर गया। पानी भरने के कारण बेसमेंट की पार्किंग में खड़ी गाडियों को भी नुकसान होने का खतरा मंडरा रहा है तो वहीं करंट लगने के डर से सोसायटी वासी बेसमेंट में जाने से डर रहे हैं। सोसायटी वासियों का आरोप है कि लोहे के पिलर भी जंग खा गए हैं जिससे 6 हजार सोसाइटी वासियों की जान खतरे में पड़ गई है लेकिन जीडीए अधिकारी उनकी समस्या सुनने को तैयार नहीं है।

# डंप यार्ड पहुंचे जिलाधिकारी और सीईओ बोले- अवैध निर्माण हुआ तो होगा बंद

**● हिंडन में जलस्तर बढ़ने से डूब गई थी 350 कार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

हिंडन नदी का जल स्तर बढ़ने से मंगलवार सेक्टर-143 में कार के डंप यार्ड में करीब 350 कार डूब गई थी।

बुधवार सुबह इसी यार्ड में नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम, डीएम मनीष वर्मा, डीजीएम श्री पाल भाटी के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीएम गोशाला भी गए, वहां से गायों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये बना तो पूरी तरह से अवैध है। लेकिन यहां यार्ड के जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था। इनको नोटिस जारी कर जो भी कार्रवाई होगी की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिंडन बैराज से करीब 2000 क्यूसेक पानी कम हुआ है। यानी एक से दो इंच तक हिंडन के जल स्तर गिरा है। लेकिन आने वाले 48 घंटों तक अलर्ट रहेगा। उन्होंने बाढ़ प्रभावित उन लोगों से अपील की जो अब तक बाहर नहीं आए है वे सभी लोग राहत कैंप में जाए।


बाढ़ के पानी में फंसी गायों को सुरक्षित स्थानों पर भेजते डीएम।

पानी कभी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि यहां दो प्रकार के निर्माण है पुराने और नए। एनजीटी के गाइड लाइन के अनुसार नए निर्माण पर कार्यवाही की जाएगी। वहीं पुराने निर्माण को लेकर क्या नियम है इसको देखा जा रहा है। इसके अलावा जितने भी भू माफिया है जिन्होंने यहां निर्माण होने दिया है। उन सभी को चिह्नित कर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने गांवों का निरीक्षण किया और अवैध निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी।इसके अलावा आस पास हैबतपुर, छीजारसी, सोरखा, कुलेसरा पुस्ता के पास बनी कच्ची कॉलोनियों में भी पानी घुस गया है। पुलिस और जिला प्रशासन के लोग लगातार बचाव कार्य में जुटे हैं।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेंद्र सिंह गुसाईं/ रेखा नरेंद्र सिंह गुसाईं/ LBDEL00005679498 | फ्लैट नंबर- 401, चौथी मंज़िल स्काई क्रीवा, प्लॉट नंबर 17 पर स्थित, सेक्टर- 50, द्रोणागिरी, नवी मुंबई- 400702/ जुलाई 25, 2023 | फरवरी 27, 2023 रु. 18,69,653/- | दिल्ली/ एनसीआर एवं मुंबई |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 27, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005**

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुलदीप कुमार, बी-207, आईएनए कालोनी, नई दिल्ली, दिल्ली-110023. खाता संख्या :- LBFDB00005214694, LBFDB00006107397 | आवासीय प्लॉट नंबर 1686 (पुराना प्लॉट नंबर एनए-38), भू तल, सेक्टर-ए, आवासीय कालोनी "ग्रीनफील्ड्स" के नाम से ज्ञात, ग्राम सराय ख्वाजा, तहसील बड़खल, जिला फरीदाबाद-121002 | 13-05-2023 रू. 36,72,169/- रू. 16,95,503/- | 02-02-2023 |
| 2. | गोविंद गौतम, सरोज देवी, ए-47 बी, राधे श्याम पार्क एक्सटेंशन, निकट मुथूट फाइनैंस, दिल्ली-110051 खाता संख्या :- LBDEL00005822772, LBDEL00005906675 | एलआईजी प्लॉट नंबर 122, सेक्टर-ई, शास्त्री पुरम योजना, लोहामंडी वार्ड, आगरा | 13-05-2023 रू. 21,07,374/- रू. 32,151/- | 05-02-2023 |
| 3. | कपिल डांग, कांता देवी, 53 55 प्रथम तल, पाकेट ई 16 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00004807343 LBDEL00004808769 | जेओडीए प्रॉप नंबर 53-55 प्रथम तल, ब्लॉक ई-16 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 13-05-2023 रू. 15,74,432.68/- रू. 10,03,221.28/- | 03-02-2023 |
| 4. | आईटीई इंजीनियर्स प्रा. लि., अश्वनी कुमार अरोड़ा, सुनील कुमार अरोड़ा, आशा रानी अरोड़ा, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर-59, एचएसआईडीसी, फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद-121001 खाता :- एलबीएफडीबी00003397830 एलबीएफडीबी00005318106, एलबीएफडीबी 00003398878, एलबीएफडीबी00005164172 | प्लॉट नंबर 1678, सेक्टर-009, अर्बन एस्टेट, हरियाणा, फरीदाबाद-121001 | 19-06-2023 रू. 58,12,869.36/- रू. 8,44,426.36/- रू. 38,52,950.13/- रू. 82,278.67/- | 06-04-2023 |
| 5. | संजय कुमार गर्ग, वेद प्रकाश गर्ग, मंजू रानी गर्ग, 480 सैनिक विहार, पीतम पुरा, दिल्ली-110034 खाता :- एलबीडीईएल00005259349 एलबीडीईएल00005356436 | सम्पत्ति सं. 480 लेआउट प्लान दिल्ली सैनिक को-आपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड, सैनिक विहार के नाम से ज्ञात, पीतम पुरा, दिल्ली-110034 | 24-06-2023 रू. 3,63,29,750.87/- रू. 43,96,666/- | 03-04-2023 |
| 6. | दीपक खंडेलवाल/दीप्ति/ मकान नंबर ई 8, अंशतः वार्ड नंबर 14, दयाल बाग, ग्राम लफारपुर, फरीदाबाद-121004 एलबीएफडीबी00002993646/ एलबीजीयूआर00005336276 | यूनिट/कॉमर्शियल स्पेस नंबर 21, लोअर ग्राउंड फ्लोर, वार्मवुड प्लाजा, इरोस गार्डन कालोनी, स्थित ग्राम लक्कड़पुर, सूरज कुंड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा-121004 | 24-06-2021 रू. 17,07,786.18/- रू. 4,22,001.57/- | 31-05-2022 |
| 7. | अर्जुन शर्मा कुसुम, शर्मा टॉय अड्डा, मकान नंबर 23, ट्रांजिस्ट होस्टल, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 खाता नंबर :- LBNOD00005308499, LBNOD00005319044 | फ्लैट नंबर बी-5/402, चतुर्थ तल, पंचशील प्राइम-390, मेन हापुड़ रोड, ग्राम हरसांव, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | 24-06-2023 रू. 38,24,584.99/- रू. 6,72,213/- | 03-09-2022 |
| 8. | परमजीत सिंह, राजिन्दर कौर बंगा, एच. नंबर 626, सेक्टर-21 ए, हरियाणा, फरीदाबाद-121001 खाता नंबर :- LBNOD00005144083, LBDEL00005143800, LBDEL00001530424, LBNOD00005240483 | प्लॉट नंबर 626, सेक्टर-21 ए, अर्बन एस्टेट, हरियाणा, फरीदाबाद-121001 | 24-06-2023 रू. 42,78,585/- रू. 2,50,645/- रू. 27,24,995/- रू. 9,88,907/- | 11-04-2023 |
| 9. | धनेश्वर ठाकुर, मंजू ठाकुर, एच-5/32, सेक्टर-16, रोहिणी, एच-ब्लॉक, पाकेट-5, दिल्ली -110089 खाता नंबर :- LBDEL00002429403, LBDEL00005335850 | फ्लैट नंबर 32, प्रथम तल, एलआईजी, ब्लॉक एच, पाकेट 5, सेक्टर-16, स्थित रोहिणी आवासीय स्कीम, रोहिणी, दिल्ली-110089 | 24-06-2023 रू. 14,35,347.24/- रू. 2,38,378.37/- | 05-04-2023 |
| 10. | देव सिंह, मदन कुमार, फ्लैट नंबर ए-175, गली नंबर 10, चंदर विहार, मंडावली, फजलपुर, दिल्ली-110092/ खाता नंबर :- एलबीएनओडी 00004913739, एलबीएनओडी00004952971 | अपार्टमेंट नंबर 2151, 20वां तल, ब्लॉक एफ, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर बी एस -01, सेक्टर-8, सिद्धार्थ विहार, निकट इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201001 | 24-06-2023 रू. 35,99,579.61/- रू. 1,56,582.61/- | 31-10-2022 |
| 11. | सकल ओबेराय, सुनील कुमार ओबेराय, 1497, पार्क व्यू अपार्टमेंट्स, सेक्टर-29, नोएडा-201301/ खाता नंबर :- एलबीएनओडी 00001902563, एलबीएनओडी00001904820 | पेंट हाउस नंबर केएसआई0052501, विशटाउन नोएडा, कासा आइजल्स, स्थित सेक्टर-129, नोएडा-201301 | 24-06-2023 रू. 43,26,809/- रू. 57,752/- | 08-09-2022 |
| 12. | ज्योति लूथरा, राजीव लूथरा, मकान नंबर 31, द्वितीय तल, ब्लॉक बीएच, शालीमार बाग, ईस्ट दिल्ली-110088 खाता नंबर - एलबीडीईएल00004493010 एलबीडीईएल00004581605 | सम्पत्ति सं. 31 (ईस्ट), ब्लॉक बीएच, सम्पूर्ण द्वितीय तल (छत/टेरेस के अधिकार नहीं), स्टिल्ट पार्किंग में 1/4 स्वामित्व अधिकार सहित, शालीमार बाग आवासीय स्कीम शालीमार बाग के नाम से मशहूर, दिल्ली -110088 | 26-06-2023 रू. 1,64,19,070.42/- रू. 58,74,217.17/- | 11-04-2023 |
| 13. | मनीष कपूर, प्रीति कपूर, 93 4 गुलमोहर एस्टेट, सेक्टर पीटी 1, कासना, ग्रेटर नोएडा-201310 खाता नंबर - एलबीएनओडी00005462665, एलबीएनओडी00005918659 | फ्लैट नंबर 104, भू तल, ब्लॉक नंबर 35, सेक्टर-ओमीक्रोन 1, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201307 | 30-06-2023 रू. 32,92,650/- रू. 5,94,487/- | 08-04-2023 |
| 14. | उमेश कुमार सिंह, रीना सिंह, जी 6, अशोक विहार फेज-3, पालम विहार रोड, हरियाणा, गुरूग्राम-122001 खाता नंबर :- एलबीजीयूआर 00001828313,एलबीजीयूआर00002013804 | यूनिट नंबर एनजीएच-051, टावर एच, न्यू टाउन हाइट, सेक्टर-90, मानेसर, गुरूग्राम -122001 | 30-06-2023 रू. 14,47,141.06/- रू. 51,667/- | 08-09-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 27 जुलाई, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**PUBLIC NOTICE**

To be known to all, **ANURAG SHANKAR S/o SH. VIDYA SHANKAR R/o FLAT NO.E-12, SHIV BHOLE APARTMENT, PLOT NO.20,SECTOR-7, DWARKA,NEW DELHI-110075 Allottee/ Owner of FLAT NO.E-12, SHIV BHOLE CGHS LTD., PLOT NO.20,SECTOR-7,DWARKA, NEW DELHI-110075** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original document i.e.Share Certificate issued by society of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 689138/2023 dated 24/07/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi.Any person (s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No.7093477333 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to President /Secretary,Shiv Bhole CGHS Ltd.orDeputy Director (Group Housing) or Director (Group Housing),Delhi Development Authority Vikas Sadan, New Delhi-110023.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all, **Sanjay Sharma S/o Sh.R.P. Sharma R/o Flat No.185, Ground Floor,surya Niketan,Vikas Marg Extn.,Delhi-110092 Allottee/owner Of DDA LIG Flat No.4,Ground Floor,Block-D-5,Pocket-8,Sector-23B,Dwarka ,New Delhi,** have applied for certified copies & conversion from leasehold to freehold in DDA. The original documents i.e.Demand/allotment Letter,Possession Letter,NOC For Water And Electricity Connection,Site Possession Slip & Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R/NCR/LR NO.690603 /2023 dated 24/07/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi.Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9818143355 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-LIG or Director (Housing)-LIG,Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **Dr. ARUNIMA GHOSH,** daughter of Late Mrs. Nandita Ghosh, resident of 36, Pocket A-4, Konark Apartments, Kalkaji Extension, New Delhi-110019, have lost/ misplaced the original i.e. Allotment Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Water and Electricity, etc. and all some documents in respect of **Flat No.36, Pocket A-4, Konark Apartments, Kalkaji Extension, New Delhi-110019** on 19/07/2023 on an Auto on my way from Pocket A-4, Kalkaji Extension to Nilgiri Apartments, Alaknanda. That a FIR/Lost Report to this effect has been lodged with Police Station vide LR no. 694317/2023 dated 25/07/2023.

Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact above named person at above address or through Ph. No. 8448412755.

Achin Sharma (Advocate)
Regd. No. D/5425/2021
Ph. : 9650865007, 9810221449

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ2606=YOM-2023
2) TATAMOTORS TACEGOLD
REG. NO. UP15FT6637-YOM -2022
3) BHARATBENZ_ BB1014CHS
REG. NO. HR47E7220-YOM- 2020
4) TATAMOTORS TACEGOLD
REG. NO. DL1LAE8923-YOM- 2021
5) TATAMOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAH9395-YOM-2022
6) EICHR_VECV_EICPRO2114
REG. NO. HR38AC4786-YOM -2021
7) TATAMOTORS_TATAACE
REG. NO. DL1LAJ3856-YOM -2022
8) TATAMOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ4908-YOM- 2023
9) SWRJ_MAZDA SML_ISUZU
REG. NO. DL1LAB2386-YOM- 2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : ABHINAV LAL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 7798988481 EMAIL – abhinav.lal@kotak.com


# गाजियाबाद नगर निगम की तेजी से बढ़ी करों से आमदनी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ की इनकम बढ़ाने की प्लानिंग का असर दिखाई देने लगा है। इसी के चलते ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजाय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले तीन महीने में नगर निगम की इनकम में पिछले वित्तीय वर्ष से अधिक टैक्स की वसूली हुई है।

टैक्स की वसूली बढ़ने के साथ ही शहर में अब विकास की रफ्तार को भी गति मिलेगी। यह दावा नगर आयुक्त का है। दरअसल जब नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने नगर निगम का चार्ज संभाला तब निगम की इकम काफी कम थी।

साथ ही निगम पर कई सौ करोड़ रुपये का कर्ज भी था। नगर आयुक्त के मैनेजमेंट का ही कमाल है कि तेजी के साथ नगर निगम की टैक्स से इनकम बढ़ रही है। साथ ही जो देनदारी नगर निगम पर थी वह भी तेजी के साथ कम हो रही है। नगर निगम अब ग्रामीण वार्ड के लोगों को भी टैक्स जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है। इसका असर भी हो रहा है।

# मोदीनगर में नदी से बहकर आया चार फुट लंबा कछुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में गांव बिसोखर स्थित नाले में मंगलवार देर रात लगभग चार फुट लंबा व तीन फुट चौड़ा कछुआ बहता हुआ आ गया। विशालकाय कछुए को देखकर ग्रामीणों में कौतूहल मच गया।

कछुआ नाले के कबाड़ में फंस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद नाले से कछुआ निकाला और ठेले में रखकर गोविंदपुरी चौकी ले गए। कछुए को देखने के लिए चौकी पर सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम कछुए को मिनी ट्रक में रखकर मोदीनगर क्षेत्रीय वन कार्यालय मुरादनगर गंगनहर पर ले गई। गांव बिसोखार के ग्रामीण मंगलवार रात वहां से गुजरने वाले नाले के पास टहल रहे थे।

इसी दौरान उन्हें नाले में कुछ अजीब सा जीव दिखा। टॉर्च की रोशनी की गई तो लगभग 4 फुट लंबा कछुआ देखकर ग्रामीण चकित रह गए। ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कबाड़ में फंसे कछुए को बाहर निकाला।

# मालिक ने फैक्ट्री में खुद ही कर डाली 1 करोड़ की चोरी

**● बैंक का था 40 लाख का कर्ज, घर-वर्कशॉप में छुपाया माल**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में फैक्ट्री से एक करोड़ रुपए का सामान चोरी होने की घटना झूठी निकली।

बैंक से 40 लाख रुपए का कर्ज था। इसके नोटिस आ रहे थे। बैंक के तगादे से बचने के लिए फैक्ट्री मालिक ने खुद ही चोरी की और सारा सामान घर-वर्कशॉप में पहुंचा दिया। खुद ही कैमरे में चोरी होने की सूचना पुलिस को दे दी। महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने ये केस सॉल्व करते हुए फैक्ट्री मालिक को हिरासत में ले लिया है। इंडस्ट्रियल एरिया में चौधरी अवतार सिंह की सुपर एसजे इलेक्ट्रॉनिक वायर हार्नेस कंपनी है। अवतार सिंह ने 24 जुलाई को थाना कोतवाली में अपनी फैक्ट्री में चोरी की रिपोर्टदर्ज कराई। अवतार सिंह के मुताबिक, वे 23 जुलाई की रात 8 बजे कंपनी को बंद करके गए थे। 24 जुलाई की सुबह 9 बजे फैक्ट्री पर पहुंचे तो 37 लाख रुपए की मशीनरियां और करीब 65 लाख रुपए का रॉ मैटेरियल, वायर गायब मिला। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आगे की छानबीन शुरू कर दी। फैक्ट्री फुटेज देखी गई। इसमें पाया गया कि पूरी रात फैक्ट्री में किसी गाड़ी की एंट्री नहीं हुई।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी फैक्ट्री मालिक और नौकर

सिर्फ फैक्ट्री मालिक की गाड़ी 15 मिनट के लिए अंदर आई थी। शक के आधार पर पुलिस ने जब क्रॉस प्रश्न पूछे तो फैक्ट्री मालिक ने घटना के बारे में कुबूल कर लिया। फैक्ट्री मालिक चौधरी अवतार सिंह ने पुलिस को बताया, मुझ पर बैंक का करीब 40 लाख रुपए का कर्ज था।

बैंक से इसके लगातार नोटिस आ रहे थे। मुझे घर में शादी के लिए रुपयों की जरूरत थी। इस कारण मैंने सामान चोरी होने का नाटक रचा था। पुलिस ने बताया कि अवतार सिंह के घर और वर्कशॉप से चोरी का माल बरामद हुआ है।

### बदमाशों ने ऑटो सवार महिला के बैग से उड़ाई रकम

**गाजियाबाद।** ऑटो सवार बदमाशों ने साथ बैठी महिला के बैग से 1.10 लाख रुपये साफ कर दिए। महिला बच्चों के एडमिशन के लिए रकम उधार लेकर वापस अपने घर जा रही थी। इसी बीच बदमाशों ने मौका देखकर घटना को अंजाम दिया।

गाजियाबाद स्थित चिरंजीव विहार निवासी अनुराधा बीती रात नगर की वैशाली कॉलोनी अपने भाई अंकुर चौधरी के पास आई थी। बताया गया कि उसे बच्चों के एडमिशन के लिए रुपयों की जरूरत थी। अपने भाई से 1.10 लाख रुपये लेकर वह घर लौट रही थी। रकम उसने एक बैग में रखी हुई थी।

# अल्जीरिया भेजने के नाम पर दो युवकों से ठगी

**● नौकरी दिलाने का दिया था झांसा, गिरफ्तार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विदेश में नौकरी कर पैसे कमाने की चाहत दो युवकों को खासी महंगी पड़ी है। जालसाजों ने उन्हें अल्जीरिया भेजने के नाम पर 70 हजार रूपये ठग लिए। पीड़ित ने थाना फेस 1 में दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

इस मामले में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। मूल रूप से जनपद कुशीनगर निवासी रवि प्रताप सिंह व सुरेंद्र प्रताप ने बताया कि वह दोनों बेरोजगार हैं और अपनी आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए विदेश जाकर नौकरी करना चाह रहे थे। उनकी मुलाकात मयूर विहार दिल्ली निवासी रविंद्र कुमार व लालू यादव उर्फगुड्डू से हुई। दोनों आरोपियों ने एसआरके इंटरनेशनल कार्यालय मिनिस्ट्री ऑफ़ ओवरसीज इंडियन अफेयर्स के मीठापुर पटना बिहार में स्थित कार्यालय पर उनका इंटरव्यू लिया था। इंटरव्यू लेने के बाद उन्होंने गत 24 जुलाई को नोएडा के सेक्टर 3 के ए26 में बुलाया।



दोनों आरोपियों ने उन्हें अल्जीरिया भेजने के लिए पासपोर्ट और टिकट के नाम पर 70 हजार ले लिए। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने उन्हें फर्जी वीजा व फर्जी एयर टिकट थमा दिए। रवि प्रताप ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि वीजा और टिकट फर्जी है तो वह दोबारा इनके नोएडा स्थित कार्यालय पर पहुंचे, लेकिन वहां ताला लटका हुआ था।

# हाईस्पीड ट्रेन के लिए मेरठ में तैयार हुई छठी सुरंग

**● भैंसाली से बेगमपुल के बीच बनी है टनल**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर मेरठ में भूमिगत सेक्शन में टनलिंग का कार्य पूरा कर एनसीआरटीसी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

भैंसाली से बेगमपुल के बीच निर्मित इस छठी और आखिरी टनल का निर्माण कर रही टनल बोरिंग मशीन निर्मित रीट्रिविंग शाफ्ट से बाहर निकली। आरआरटीएस कॉरिडोर पर मेरठ के भूमिगत सेक्शन में तीन स्टेशन हैं। मेरठ सेंट्रल, भैंसाली और बेगमपुल। इन तीनों स्टेशनों को आपस में जोड़ने के लिए तीन भाग में कुल छह टनलों का निर्माण किया गया है। भैंसाली और बेगमपुल को जोड़ने वाली यह छठी और आखिरी टनल लगभग एक किलोमीटर लंबी है। मेरठ में लगभग 5.5 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में आने और जाने के लिए तीन समानांतर टनलों को महज 15 महीने के समय में पूरा कर लिया गया है। मेरठ की पहली टनल का निर्माण अक्टूबर 2022 में पूरा कर लिया गया था, और अब जुलाई 2023 में छठी टनल के पूर्ण होने के साथ ही मेरठ में टनलिंग का कार्य पूरा हो गया है। इस सेक्शन में निर्मित टनलें शहर के बहुत घनी आबादी वाले इलाकों को पार करते हुए, बेगमपुल नाले के नीचे से गुजरते हुए बेगमपुल स्टेशन पहुची हैं।


भैंसाली से बेगमपुल के बीच बनी टनल।

सुदर्शन 8.2 टीबीएम द्वारा नाले को पार करने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया गया और टनल विशेषज्ञों द्वारा अत्यधिक सावधानी बरती गई। इस सेक्शन में 600 मीटर रेडियस का एक बहुत ही तीखा मोड़ भी था, जहां टीबीएम द्वारा टनलिंग करना एक कठिन काम था। एनसीआरटीसी 23 किलोमीटर के क्षेत्र में 13 स्टेशनों के साथ, आरआरटीएस कॉरिडोर पर ही स्थानीय मेट्रो की सुविधा प्रदान करने की पहल कर रहा है। इस पूरे कॉरिडोर को 2025 तक जनता के लिए संचालित करने का लक्ष्य है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पीएम मोदी ने प्रगति मैदान में भारत मंडपम राष्ट्र को किया समर्पित

## 123 एकड़ में तैयार परिसर देश के सबसे बड़े बैठक, सम्मेलन व प्रदर्शनी केंद्र के रूप में विकसित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र परिसर (आईईसीसी) भारत मंडपम को राष्ट्र को समर्पित किया और इसे भारतीयों द्वारा अपने लोकतंत्र को दिया एक खूबसूरत उपहार करार दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 बैठकों पर दो स्मारक सिक्के और दो डाक टिकट जारी किए।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि नकारात्मक सोच वालों ने इस परियोजना को भी लटकाने का प्रयास किया लेकिन भारत मंडपम को देखकर आज हर भारतीय खुशी से भरा हुआ है और गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, भारत मंडपम आह्वान है भारत के सामर्थ्य का, भारत की नई ऊर्जा का। यह भारत की भव्यता और इसकी इच्छाशक्ति का दर्शन है। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में वृद्धि की रफ्तार और तेज होगी और देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज वह हासिल कर रहा है जो पहले अकल्पीय था, इसलिए विकसित होने के लिए देश को बड़ा सोचना ही होगा। उन्होंने कहा, इसी सिद्धांत को अपनाते हुए भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नकारात्मक सोच वाले लोगों की कमी नहीं है क्योंकि उन्होंने इस निर्माण को रोकने के लिए भी बहुत कोशिशें की। उन्होंने कहा, लेकिन जहां सत्य होता है, वहां ईश्वर भी होता है। अब यह सुंदर परिसर आपकी आंखों के सामने मौजूद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की फितरत होती है, हर अच्छे काम को रोकने की और टोकने की।

उन्होंने राजपथ का नाम कर्तव्य पथ किए जाने के दौरान विपक्षी दलों के विरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि उस समय भी अदालत में ना जाने कितने मामले उठाए गए थे। उन्होंने कहा, लेकिन जब कर्तव्य बन गया वे लोग भी दबी जुबान से कह रहे हैं अच्छा हुआ है जी। देश की शोभा बढ़ाने वाला है। और मुझे विश्वास है कुछ समय बाद भारत मंडपम के लिए भी वह टोली खुल करके बोले या ना बोले लेकिन भीतर से तो स्वीकार करेगी। और हो सकता है किसी समय यहां भाषण देने भी आए। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर यह घोषणा की कि दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा संग्रहलाय बनने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोरोना के कठिन काल में जब हर तरफ काम रुका हुआ था तब देश के श्रमजीवियों ने दिन-रात मेहनत करके इसका निर्माण पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ हफ्तों बाद यहीं पर जी-20 से जुड़े आयोजन होंगे और दुनिया के बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष यहां उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा, भारत के बढ़ते हुए कदम और भारत का बढ़ता हुआ कद इस भव्य भारत मंडपम से पूरी दुनिया देखेगी।


प्रगति मैदान में भारत मंडपम के उद्घाटन के मौके पर श्रमिकों के साथ ग्रुप फोटो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


रंग बिरंगी रोशनी से नहाया भारत मंडपम

### समारोह में 3000 मेहमानों ने की शिरकत

*भारत मंडपम के उद्घाटन समारोह में करीब 3,000 मेहमान शामिल हुए। इनमें मंत्रिमंडल के सदस्य, उद्योग एवं फिल्म जगत की हस्तियों के अलावा अन्य प्रमुख लोग भी शामिल थे। इस अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किया गया।*

### अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित

आयोजनों के लिए उपलब्ध स्थान के मामले में यह परिसर विश्व के शीर्ष प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्रों में से एक है। इसमें सम्मेलन केंद्र, प्रदर्शनी हॉल और एम्फीथिएटर सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। प्रगति मैदान परिसर के केंद्रीय स्थल के रूप में विकसित किया गया है। इस परिसर में बहु-उद्देश्यीय हॉल और प्लेनरी हॉल की संयुक्त क्षमता 7,000 लोगों की है, जो ऑस्ट्रेलिया के सिडनी ओपेरा हाउस से अधिक है। इसके शानदार एम्फीथिएटर में 3,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

### 2700 करोड़ से किया गया विकसित



इस परियोजना को लगभग 2,700 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। लगभग 123 एकड़ भूभाग में तैयार यह परिसर देश के सबसे बड़े बैठक, सम्मेलन और प्रदर्शनी केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार सुबह परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा करने के बाद प्रधानमंत्री ने इस परिसर के पुनर्विकास में योगदान देने वाले श्रमिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

## सुरक्षा में तैनात रहे 2000 पुलिस कर्मी

- कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच आईईसीसी परिसर को उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परिसर के उद्घाटन के मद्देनजर प्रगति मैदान के आसपास बड़ी संख्या में अपने कर्मियों को तैनात किया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा इकाई, स्वाट टीम और यातायात इकाई के कर्मियों के साथ नई दिल्ली जिले के लगभग 2,000 कर्मियों को कार्यक्रम स्थल पर तैनात किया गया है।

प्रगति मैदान क्षेत्र नई दिल्ली जिले के अंतर्गत आता है। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस के कुल 15 जिले हैं। अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए अन्य जिलों के कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

सशस्त्र कर्मियों के साथ पुलिस की ऐसी गाड़ियों को भी तैनात किया गया जो एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) युक्त कैमरों से लैस हैं। अधिकारी के मुताबिक, सुरक्षा व्यवस्था को सितंबर में यहां होने वाली जी-20 बैठक के एक अभ्यास के तौर पर लिया जा रहा है। शाम को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर इलाके में यातायात प्रभावित होने की संभावना है। मोदी ने बुधवार को प्रगति मैदान में पुनर्विकसित भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) परिसर में इसके आधिकारिक उद्घाटन से पहले पूजा की। उन्होंने परिसर के निर्माण में शामिल मजदूरों से बातचीत की और उन्हें सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया था कि प्रगति मैदान में इस परियोजना को लगभग 2,700 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। उसके मुताबिक, लगभग 123 एकड़ भूभाग में तैयार यह परिसर देश के सबसे बड़े बैठक, सम्मेलन और प्रदर्शनी केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है।

# भारी बारिश से कई जगहों पर जलभराव, जाम

- न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री और अधिकतम 33 डिग्री रहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के कई हिस्सों में बुधवार सुबह मध्यम से भारी बारिश के कारण लोगों को जलभराव और जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

बारिश के चलते न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 33 डिग्री के आसपास रहा। पिछले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया था। उच्च आर्द्रता और सामान्य से अधिक तापमान से शहरवासी परेशान थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार के लिए दिन में मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि बृहस्पतिवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी के आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली की प्रमुख वेधशाला सफदरजंग में बुधवार सुबह आठ बजकर 30 मिनट तक 24 घंटे की अवधि में 37.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

इसी तरह लोधी रोड में 35.1, आयानगर में 26, मुंगेशपुर 53.5 और मयूर विहार के मौसम केंद्र पर 110.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। 15 मिलीमीटर से नीचे हल्की , 15 से 64.5 मिलीमीटर के बीच मध्यम, 64.5 से 115.5 मिलीमीटर के बीच भारी, 115.6 से 204.4 मिलीमीटर के बीच बहुत भारी और 204.4 मिलीमीटर से ऊपर बारिश को अत्यंत भारी माना जाता है।

शहर में जुलाई में अब तक सामान्य 173.7 के मुकाबले 368.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। पूरे महीने में औसतन 195.8 मिलीमीटर बारिश होती है। दिल्ली में पिछले चार महीनों में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

अप्रैल में 16.3 मिलीमीटर के औसत के मुकाबले 20.1 मिलीमीटर, मई में सामान्य 30.7 मिलीमीटर के मुकाबले 111 मिलीमीटर और जून में सामान्य 74.1 मिलीमीटर के मुकाबले 101.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अगले 24 घंटों में शहर में 107 मिलीमीटर अतिरिक्त वर्षा हुई।

आठ जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से अगले 36 घंटों में दिल्ली में अभूतपूर्व 260 मिलीमीटर वर्षा हुई, जिससे सरकार को बाढ़ की चेतावनी जारी करनी पड़ी और स्कूलों को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा।

## यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे, चिंता बरकरार

**नई दिल्ली** । दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बुधवार सुबह खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे आ गया, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी और ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा के चलते इसके दोबारा बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह नौ बजे लोहे के पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर 205.09 मीटर दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नदी के जल स्तर में वृद्धि से राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे राहत और पुनर्वास कार्य पर असर पड़ने की आशंका है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के अनुसार, यमुना में जल स्तर शनिवार रात 10 बजे 205.02 मीटर से बढ़कर सोमवार सुबह तीन बजे 206.57 मीटर हो गया और फिर गिरावट शुरू हो गई। दिल्ली को इस महीने अभूतपूर्व जलभराव और बाढ़ से जूझना पड़ा। शुरुआत में आठ जुलाई और नौ जुलाई को भारी बारिश के कारण बड़े पैमाने पर जलजमाव हुआ। इसके बाद हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा सहित यमुना के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदी के जलस्तर में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। नदी का जल 13 जुलाई को 208.66 मीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

## फायर एनओसी : कोचिंग केंद्रों के बंद होने की आशंका से छात्र चितिंत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अग्निशमन सेवा से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना संचालित किए जा रहे कोंचिग संस्थानों को बंद करने के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई की चिंता सता रही है।

उनका कहना है कि सरकारी नौकरी की तैयारी करने के लिए ऑनलाइन कक्षाएं सुविधाजनक माध्यम नहीं हैं। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 22 वर्षीय यतीन ने बुधवार को कहा कि कोचिंग संस्थान बंद होने से शिक्षा का नुकसान होगा और उनकी राय है कि कक्षाओं का ऑनलाइन तरीका ऑफलाइन कक्षाओं जितना सुविधाजनक नहीं है। यतीन ने कहा कि अगर कोचिंग संस्थान बंद हो गए तो विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान होगा। हम ऑनलाइन कक्षाओं में ज्यादा समय तक पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। जून में आग लगने पर 10 दिन के लिए कक्षाएं बंद कर दी गईं थी। हमने ऑनलाइन मोड को अपना लिया है लेकिन हमें एकाग्रता की कमी का सामना करना पड़ता है।

## सर गंगाराम अस्पताल में मरीज ने डॉक्टर को मारा चाकू, दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सक के कमरे में उपचार के दौरान एक मरीज ने कथित रूप से छोटे चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

दिल्ली के करोल बाग इलाके में स्थित सर गंगाराम अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सतनाम सिंह छाबड़ा से हमलावर अवसाद का इलाज करा रहा था। पुलिस के अनुसार, मरीज की पहचान बिहार के रहने वाले राजकुमार के रूप में की गई है, वह परामर्श के लिए मंगलवार को न्यूरोसर्जन से मिला। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि वह अचानक उत्तेजित हो गया और कथित तौर पर अपनी जेब में छुपाए चाकू से डॉक्टर पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों तथा चिकित्सक के सहायक के तुरंत दखल देने से चिकित्सक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और मरीज को काबू कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में सर्जन के अंगूठे पर हल्की चोट आई है। मरीज के साथ उसके परिजन भी अस्पताल आए थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि डा. छाबड़ा अस्पताल में तीन दशक से काम कर रहे हैं।

## जलबोर्ड पानी की बचत के लिए दोबारा प्रयोग पर दे रहा जोर

- जल बोर्ड के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मी में पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने और भूजल संरक्षण के मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड कई कदम उठा रहा है। साथ ही जल बोर्ड पानी की बचत यानी जल संरक्षण के लिए शोधित पानी के रियूज पर भी जोर दे रहा है।

इसी कड़ी में पानी की उपलब्धता बढ़ाने और पानी की बचत के मुद्दे पर दिल्ली जल बोर्ड ने बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने की। बैठक में पानी की बचत और भूजल संरक्षण को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। सोमनाथ भारती ने भूजल स्तर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए भूजल संरक्षण के लिए फैसला किया कि दिल्ली जल बोर्ड अब दिल्ली में गैर पीने योग्य पानी के उपयोग के लिए शोधित पानी के इस्तेमाल को प्राथिमकता देगा। बैठक में तय किया गया कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन से पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता है, उन क्षेत्रों में ट्यूबवेल लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



तालकटोरा में आयोजित ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन सम्मेल में राष्ट्रीय महासचिव विशंभर वासु और उप प्रधान प्रहलाद मोदी।

### तालकटोरा स्टेडियम में जुटे देशभर के राशन डीलर्स

**नई दिल्ली।** तालकटोरा स्टेडियम में बुधवार को ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन को मज़बूत करने और अपनी मांगों को लेकर देशभर के राशन डीलर्स एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार नाथ झा, राष्ट्रीय महासचिव विशंभर वासु, उप-प्रधान प्रहलाद मोदी ने शिरकत की। सम्मेलन में 16 जनवरी 2024 को रामलीला मैदान में विशाल प्रदर्शन की घोषणा की गई। सम्मेलन में वाराणसी के जिलाध्यक्ष ब्रह्म देव मिश्रा उर्फ इलाका गुरु ने संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया। संगठन उपाध्यक्ष शिव कुमार गर्ग दिल्ली और राष्ट्रीय सहायक सचिव कर्मजीत सिंह अड़ैचा ने व्यवस्था का संचालन किया।

### अदालत ने टाइटलर को पांच अगस्त को किया तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 1984 के सिख-विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश हत्याकांड मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को पांच अगस्त को तलब किया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले में आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद बुधवार को आदेश पारित किया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 20 मई को मामले में टाइटलर के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या किए जाने के एक दिन बाद एक नवंबर, 1984 को यहां पुल बंगश क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे में आग लगा दी गई थी।अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में, सीबीआई ने दावा किया कि टाइटलर ने एक नवंबर, 1984 को आजाद मार्केट में पुल बंगश गुरुद्वारे पर इकट्ठा हुई भीड़ को उकसाया और भड़काया, जिसके परिणामस्वरूप गुरुद्वारे में आग लगा दी गई और तीन सिखों- ठाकुर सिंह, बादल सिंह और गुरुचरण सिंह- की हत्या कर दी गई। सीबीआई ने कहा कि एजेंसी ने टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा), 109 (उकसाना) और धारा 302 (हत्या) के तहत आरोप लगाए हैं।

# खेलों में प्रतिभा दिखाएंगे नगर निगम स्कूलों के बच्चे

## 950 से अधिक शिक्षकों को शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए किया जाएगा प्रशिक्षितः महापौर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निगम स्कूलों के बच्चे भी अब खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के छात्र पढ़ते हैं। ऐसे में यदि इन बच्चों को शुरू से शारीरिक शिक्षा व खेलों के प्रति जागरूक करें तो वे आगे चलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

ऐसे में शारीरिक विकास बहुत अहम भूमिका निभाता है। इसी सिलसिले में एमसीडी ने एक पखवाड़े तक चलने वाले अध्यापक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार से शुरू किया है। यह शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 अगस्त चलेगा, जिसमें शिक्षकों को योगा, शारीरिक प्रशिक्षण, जुंबा एक्सरसाइज, समेत खेलों के बारे में जानकारी व अन्य सह पाठ्यक्रम गतिविधियां का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि इन गतिविधियों के माध्यम से निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिले।


अध्यापक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर मेयर शैली।

महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को अध्यापक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया;

- शैली ओबरॉय ने करोल बाग में किया अध्यापक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12 जोन के लगभग 950 से अधिक अध्यापकों को शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर महापौर ने कहा कि शिक्षा से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। अध्यापक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम अपने आप में अनूठा कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत सामान्य शिक्षकों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सह पाठ्यक्रम गतिविधियां के माध्यम से सर्वांगीण विकास करने में मदद मिले।

अतिरिक्त आयुक्त विकास त्रिपाठी ने कहा कि निगम विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की कमी है। जिसे देखते हुए अन्य शिक्षकों को इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से शारीरिक गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है। इससे निगम विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को लाभ मिलेगा। खेलों का हमारे जीवन में अहम स्थान होता है जो हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## दिल्ली में चार दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने त्योहारों को देखते हुए जुलाई से सितंबर के बीच चार दिन का ड्राई डे घोषित किया है। बुधवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने आबकारी विभाग से ड्राई डे को लेकर आए प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

इसके तहत जुलाई से सितंबर महीने के दौरान मुहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी और मिलाद-उन-नबी ईद-ए-मिलाद का पर्व पड़ रहा है। मतलब इन पर्वों के दिन दिल्ली में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। आबकारी विभाग ने 1 जुलाई से 30 सितंबर की अवधि के लिए ड्राई डे की सूची जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार, 29 जुलाई को मुहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 7 को कृष्ण जन्माष्टमी और 28 सितंबर को मिलाद-उन-नबी ईद-ए-मिलाद का पर्व पड़ रहा है।

हाल-ए-नागरिक अस्पताल

# अंदर शौचालय की टूटी टंकी, बाहर फैली है गंदगी

## कई दिन से डस्टबिन से नहीं निकाला गया है कूड़ा-करकट

## अस्पताल से निकलने वाली गंदगी कई दिन से सड़ रही

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में गेट नंबर-2 के शौचालय के भीतर टूटी पानी की टंकी।


अस्पताल के बाहरी क्षेत्र में कई दिन से गंदगी से अटे डस्टबिन।

**सेक्टर**-10 स्थित नागरिक अस्पताल में जनसुविधाओं को लेकर शायद ना तो अधिकारी गंभीर हैं और ना ही कर्मचारी। यहां कहने को तो एक क्वालिटी टीम है। जो अस्पताल में कमियों को देखकर उनमें सुधार करवाती है, लेकिन अस्पताल में क्षतिग्रस्त शौचालय, डस्टबिन, गंदगी इस क्वालिटी टीम की क्वालिटी पर ही सवाल खड़े करती है।

अस्पताल के कुछ हिस्से को तो दिखावे के लिए चमकाकर रखा जाता है, बाकी अस्पताल में गंदगी, कूड़ा आमतौर पर फैला हुआ देखा जा सकता है। पिछले दिनों अस्पताल में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) की टीम के दौरे को लेकर अस्पताल चमका नजर आया। यह तस्वीर टीम के दौरे के तीसरे दिन ही बदल गई। हम पहले बात करते हैं अस्पताल के शौचालय की। अस्पताल के गेट नंबर-2 के पास बने शौचालय के हालत फिर से बदतर हो गए हैं। शौचालय के भीतर टॉयलेट शीट और उसमें फ्लश के लिए पानी की टंकी टूटकर नीचे गिरी हुई है। इसे सही करने करने की जहमत नहीं उठाई गई है। शौचालयों में जब क्वालिटी टीम का दौरा था तो वहां हाथ धोने के लिए डिस्पेंसर तक लगवाए गए थे, जो अब गायब हैं। अस्पताल के इमरजेंसी विभाग के ठीक सामने इमरजेंसी वार्ड में भी गंदगी नजर आई। मरीजों के बेड के नीचे काफी गंदगी थी। यह रात 9 बजे की बात है। ऐसा लगा कि जैसे दिनभर में वहां पर सफाई हुई ही नहीं।

### अस्त-व्यस्त तरीके से सूखाते हैं कपड़े

अस्पताल में मरीजों, स्टाफ के ओटी व अन्य कार्य करने के दौरान पहनी जाने वाली ड्रेस के सुखाने को लेकर भी कर्मचारियों की कार्यशैली सही नहीं। अस्पताल की लॉन्ड्री में धोए जाने वाले कपड़े वहीं पर पड़े पुराने पाइन आदि पर डालकर सुखाए जाते हैं। लॉन्ड्री में धोए जाने वाले कपड़े अस्पताल के पीछे के गेट के ठीक बाहर सुखाए जाते हैं। वहां से लोग भी कपड़ों के बीच से आते-जाते हैं।

### कई दिन से गंदगी से अटे पड़ें हैं डस्टबिन

अस्पताल के बाहरी क्षेत्र में हाल ही में नए लगाए गए डस्टबिन के हाल भी बुरे हैं। कई डस्टबिन तो उखड़ चुके हैं। सभी डस्टबिन में गंदगी भरी पड़ी है, लेकिन उनको खाली नहीं किया जा रहा। ऐसे में गदंगी सड़ रही है और वातावरण में बदबू फैल रही है। अस्पताल में जो कूड़ा घर बनाया हुआ है, उसमें भी कई दिन से अस्पताल से निकलने वाली गंदगी थैलियों में बंद करके डाली गई है। यहीं पर इको ग्रीन की एक ट्रॉली भी कई दिन से गंदगी से भरी खड़ी है। यहां से गंदगी उठाई नहीं जा रही। अस्पताल के एक सफाई कर्मी से डस्टबिन खाली करने को लेकर बात की गई तो उसने कहा कि जहां सारी गंदगी डाली जाती है, वहां से गंदगी उठाई ही नहीं जा रही तो वे डस्टबिन को खाली करके क्या करेंगे।


अस्पताल की लॉन्ड्री के कर्मचारियों द्वारा अव्यवस्थित तरीके से सुखाए गए कपड़े।


कूड़ा घर में कई दिन से पड़ी गंदगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता समेत घर के तीन सदस्यों पर जानलेवा हमला

**सोहना।** भोंडसी की रेयान इंक्लेव कॉलोनी में अधिवक्ता समेत माता-पिता और भाई पर जान लेवा हमला। अधिवक्ता ने महिला समेत 8 नामजद आरोपियों पर लगाया ईंट, पत्थर, पंच और कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप। पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी। रेयान इंक्लेव कॉलोनी निवासी अधिवक्ता मनीष पवांर ने बताया कि रविवार की सायं साढ़े पांच बजे वह और उसके माता-पिता व छोटा भाई करन अपने मकान के बाहर खड़े थे। जहां पर पहले से ही अमन, संदीप, संतोष, अद्दू, दौलतराम, विरेन्द्र, कुलदीप, स्नेहलता व प्रशांत खड़ें हुए थे। जिन्होने ने बिना किसी कारण उनके ऊपर ईंट, पत्थर से हमला करना शुरु कर दिया। देखते ही देखते आरोपियों ने कुल्हाड़ी और लोहे के बनें पंच से हमला करना शुरु कर दिया। आरोपियों ने उन्हे पूरी तरफ से लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने उसके पैर पर कुल्हाड़ी से वार करते हुए गंभीर रुप से घायल किया। जिसका उसने अस्पताल में होकर उपचार शुरु कर दिया है। भोंडसी पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### पीएम ने किया 140 करोड़ जनता का अपमान कैप्टन अजय यादव

**गुरुग्राम।** कांग्रेस विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया को ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन से बराबरी करके पूरे देश की 140 करोड़ जनता का अपमान किया है।कैप्टन अजय सिंह यादव ने अपने गुरुग्राम स्थित कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बयान की भर्त्सना करते हुए कहा प्रधानमंत्री को इंडिया से बिल्कुल भी प्यार नहीं है। वे एक-एक करके देश को बेचने में लगे हुए हैं। 26 दलों वाले गठबंधन इंडिया का उद्देश्य सत्ता हांसिल करना नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करना है। मणिपुर जैसे जघन्य अपराध को रोकना, महिलाओं की रक्षा करना, युवाओं को रोजगार और देश में अमन-चैन-शांति बनाना है। जबकि 38 दलों से बने एनडीए का उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना है। नगर निगम में की गई वार्ड बंदी और आरक्षित की गई सीटों पर बोलते हुए कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर बता दिया कि वह एससी और ओबीसी विरोधी है। 36 वार्ड में से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए केवल 3 सीटें ही आरक्षित की गई हैं और ओबीसी को मात्र 2 सीटें दी गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने मणिपुर पर बोलते हुए कहा कि मणिपुर में द्रोपदी का चीर हरण हो रहा है मगर धृतराष्ट्र आंखों पर पट्टी बांधे हुए है। सिर्फ महिलाओं की नहीं, बल्कि देश की अस्मिता भी बेआबरू हुई है।


पत्रकारों से बात करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव।

# गुरुग्राम विस पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक


पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक लेती जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में गुरुग्राम विधानसभा के सरस्वती मंडल, शीतला मंडल, अर्जन मंडल, दयानंद मंडल, के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं शक्ति केंद्र प्रमुख, निवर्तमान पार्षद की बैठक हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन हो रहे हैं। जिले की 2 विधानसभा बादशाहपुर एवं पटौदी विधानसभा दोनों में बहुत ही भव्य पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न हुए हैं। जल्द ही गुरुग्राम विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन होना है। यह सम्मेलन 2024 का चुनावी रण जीतने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह है। बैठक में जिला महामंत्री मनीष, गाडौली महेश यादव, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, स्थानीय निकाय के प्रदेश सह संयोजक अनिल यादव, सीएसआर के वाइस चेयरमैन बोधराज सीकरी, मीडिया प्रमुख अजीत यादव, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, श्रवण आहूजा, प्रियव्रत कटारिया, नितिन शांडिल्य समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम-भरत के जीवन से शिक्षा लेकर मजबूत हो भाई का रिश्ते : बोधराज सीकरी

हर धार्मिक आयोजन में युवाओं में संस्कारों की हों बातें

## युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर बचा सकते हैं अपनी संस्कृति

पायनियर समाचर सेवा। गुरुग्राम

**समाजसेवी** बोधराज सीकरी ने कहा कि हमारे समाज में बहुत सी ऐसी विडंबनाएं हो गई हों, जिनसे आपसी रिश्तों में कड़वाहट आ गई है। भाई-भाई दुश्मन बनकर बैठे हैं। ऐसे समय में श्रीराम-भरत के जीवन को प्रेरणा के रूप में लेकर भाईयों के बीच रिश्ते मजबूत और प्रगाढ़ होने चाहिए। यह बात उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।


गुरुग्राम में हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य।

सेक्टर-15 पार्ट-1 स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में प्रधान विनय मंगला, राज यादव उपप्रधान, राजेश गर्ग महा मंत्री और राजेश गर्ग कोषाध्यक्ष, अश्वनी वशिष्ट, सचिव, पदम डागर, संदीप सिंगल, भीम, राकेश गोसाई आदि ने मिलकर भव्य हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक संगीतमय तरीके से आयोजन करवाया। सीकरी की ओर से यह मुहिम पिछले 5 महीने से चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम निरंतर बढ़ रही है। इसका आंकड़ा 244545 के पार हो चुका है।

इस दौरान बोधराज सीकरी ने अपने आधे घंटे के वक्तव्य में युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कार, संगति, एकता और मान्यता यह पांच मंत्र आज के युवा के अंदर परिवर्तन ला सकते हैं। युवा राष्ट्र के प्रति अपनी कर्तव्य परायणता को समझ सकता है। उन्होंने कहा कि संस्कार की नींव घर पर रखी जाती है, जिसके लिए माता का बहुत बड़ा योगदान होता है। पहले मां और जननी एक होती थी। जो जन्म देती थी वही पालन करती थी। जिसके करण बच्चे में मां के संस्कार अंकुरित होते थे। अब जननी और मां अलग-अलग हैं। जननी वो जो बच्चे को जन्म देती है और मां वो जो बच्चे का पालन करती है। 21वीं सदी में आज के मां का रोल दाई, माई, मेड और नेनी निभाती है। जिसके कारण बच्चों में उसी दाई-माई के संस्कार जाते हैं। युवा पीढ़ी का संस्कारवान न बनने का बड़ा कारण शिक्षा पद्धति भी रहा। बोधराज सीकरी के अनुसार वर्तमान सरकार ने शिक्षा पद्धति में परिवर्तन लाकर आने वाली पीढ़ी के लिए न्याय किया है। मंदिर के प्रधान विनय मंगला ने सभी का विशेष कर बोधराज सीकरी और उनकी टीम का आभार प्रकट किया।

# गुरुग्राम में बनने वाला भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र होगा खास : डा. अमित जैन



गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र का मॉडल व शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों से बात करते डा. अमित जैन।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के सेक्टर-9 में बनने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र दुनियाभर में खास होगा। इसमें सरस्वती नदी पर विशेष म्यूजियम बनेगा। देश की सभी मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं पर शोध कार्य होंगे। यहां संस्कृति हाट का निर्माण, पुस्तकालय, अनुसंधान केन्द्र, सभागार, प्रवासी भारतीय साहित्य तथा संस्कृति शोध केंद्र व विभिन्न राज्यों का समन्वय केंद्र स्थापित होगा। यह जानकारी केन्द्र के मुख्य संयोजक डा. अमित जैन ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के शिलान्यास अवसर पर 29, 30 और 31 जुलाई को त्रिदिवसीय संस्कृति महोत्सव होगा। यह स्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न गतिविधियों का केंद्र बिंदु साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस त्रिदिवसीय संस्कृति महोत्सव में देश विदेश के 300 से अधिक मुख्य अतिथि एवं 3000 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह के सत्र में 29 जुलाई को हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय करेंगे। समापन केंद्रीय सड़क परिवहन राज मार्ग मंत्री नितिन

## भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र में 22 भाषाओं में शोध होंगे

गडकरी के मुख्य अतिथि होंगे। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी, गंगा प्रसाद, बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल लालपुरा, पूर्व रक्षा सचिव एवं राज्यसभा महासचिव डॉ. योगेंद्र नारायण सहित अनेक प्रखर राजनीतिक, साहित्यकार, लेखक व आईएएस भाग लेंगे। रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक सत्र में प्रसिद्ध नृत्यांगना शुभदा वराडकर के साथ देश के कोने कोने से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिला लेख पठ होगा।

केंद्र भारतीय संस्कृति और कलाओं का प्रतिनिधित्व करेगा। इस केंद्र में भारतीय संस्कृति और कलाओं को संकलित, सुरक्षित, संवर्धित तथा प्रदर्शित करने के लिये अनेक कार्य किये जायेंगे। भारत की संस्कृति और इतिहास को समेटे हुए सरस्वती नदी से संबंधित म्यूजियम इस केंद्र पर स्थापित किया जायेगा।

## दबंगों ने बंद मकान को जेसीबी से गिरा प्लाट पर किया अवैध कब्जा

**सोहना।** भोंडसी की लक्ष्मी नगर कॉलोनी में दबंगों ने बंद पड़ा मकान में तोड़-फोड़ करके जबरन कब्जा कर लिया। मकान मालिक के शिकायत करने पर दबंगों ने जान से मार देन की धमकी दी। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम की शक्ति नगर कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र प्रताप ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसका एक मकान भोंडसी की लक्ष्मी नगर कॉलोनी में है। जिसमें उसने एक मकान, शौचाल व चारों तरफ से चार-चार फुट उंची चार दीवारी की हुई है। रविवार को भोंडसी की ही हंस निवासी आशा, देवेन्द्र, विकास, बजरंग व उसकी पत्नी ने योजना बनाकर जेसीबी बुलाते हुए उसके मकान को तोड़ दिया। दबंग जबरन मकान के मुख्य गेट को तोड़ते हुए जेसीबी को अंदर तक ले गए। जहां बना शौचालय समेत पक्के कमरे को गिरा दिया। इतना ही नहीं आरोपी उक्त प्लाट पर जबरन कब्जा करके बैठ गए है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद से जांच शुरु करदी। मौके पर खड़ी जेसीबी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# पर्यावरण संरक्षण में युवा ला सकते हैं क्रांति : नवीन गोयल


गुरुग्राम के सेक्टर-17 स्थित श्री माधव सेवा केंद्र में युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

## आरडब्ल्यूए व एनजीओ को फ्री में पौधे वितरित करने के लिए चलाया अभियान

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्या डा. सुधा यादव के मार्गदर्शन में शहर की आरडब्ल्यूए व एनजीओ को फ्री पौधे वितरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान बेहद ही महत्वपूर्ण है। विभाग के प्रदेश पमुख नवीन गोयल ने सभी का आह्वान किया है कि इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि हम अपने खराब हुए पर्यावरण में सुधार कर सकें।

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम की 754 आरडब्ल्यूए और एनजीओ को इस विषय पर पत्र लिखे गए हैं। वे पर्यावरण संरक्षण विभाग से संपर्क करके हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण मुहिम को एक आंदोलन के रूप में चलाएं। पौधे वितरण का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि अमरूद, तुलसी, जामुन, नीम, पपरी (पहाड़ी), सहजन, इमली, बोगनविलियान, कनेर, शहतूतर, बड़, पीपल, मौलश्री आदि पौधे नर्सरी में हैं। इन पौधों को रोपकर हमें अपने आसपास हरियाली बढ़ाने पर जोर देना है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेहत सही रखने के लिए पौधों की सेहत सुधारनी होगी।

# मकान को घर बनाने का हुनर तो एक औरत में ही होता है...

गुरुग्राम में डेढ़ इंच ऊपर नाटक का हुआ सफल मंचन

## गुरुग्राम में नाटक डेढ़ इंच ऊपर में मंचन करते कलाकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



आप उसे घर कहते हैं। वह तो महज ईंट गारे का एक मकान है जनाब। उसे घर बनाने का हुनर तो एक औरत में ही होता है...। यह डायलॉग है डेढ़ इंच ऊपर नाटक का। जाने माने रंगकर्मी महेश वशिष्ठ द्वारा संचालित स्थानीय रंग परिवर्तन स्टूडियो में रोहतक की नाट्य संस्था हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स (हिपा) द्वारा निर्मल वर्मा के प्रसिद्ध नाटक डेढ़ इंच ऊपर का मंचन किया गया। ललित खन्ना अभिनीत इस नाटक का निर्देशन प्रसिद्ध रंग प्रसारक विश्व दीपक त्रिखा ने किया।

डेढ़ इंच ऊपर इंसान के अकेलेपन, वैचारिक द्वंद्व और रिश्तों में पैदा होने वाले अविश्वास से उपजी निराशा की कहानी है। नाटक पुरुषों के जीवन में स्त्री के महत्व को भी रेखांकित करता है। नाटक में एक व्यक्ति बार में बैठा अनजान लोगों को अपने जीवन की कहानी सुनाता है। भीड़-भाड़ के बीच भी वह खुद को बेहद अकेला महसूस करता है। वह अपनी जिंदगी की घटनाएं परत दर परत दर्शकों से शेयर करने लगता है। असल में उसकी पीड़ा और अकेलेपन का मुख्य कारण उसकी पत्नी है। जिसे वह बहुत प्यार करता था। उसे भरोसा था कि वह उसके बारे में सब कुछ जनता है। क्योंकि उसकी पत्नी उससे कुछ भी नहीं छुपाती। एक दिन उसकी पत्नी को पुलिस पकड़ ले जाती है और बाद में उसकी हत्या कर देती है। पुलिस से उसे पता लगता कि वह सरकार के खिलाफ षड्यंत्र में शामिल थी। भूमिगत विरोधियों की नेता थी। पुलिस समझती है कि उसे पत्नी के सब राज मालूम होंगे, इसलिए वह उसे भी टॉर्चर करती है। उसे पुलिस द्वारा दी गई प्रताडऩा की इतनी पीड़ा नहीं थी, जितनी इस बात से थी कि वह 18 साल से जिस पत्नी के साथ रह रहा था उसने उसे अपनी जिंदगी के इतने बड़े राज की भनक तक नहीं लगने दी। नाटक में ललित खन्ना ने बेहतरीन अभिनय का परिचय दिया और बेहद सहज भाव से विभिन्न परिस्थितियों को जीवंत बनाने में कामयाब रहे। मंचन के दौरान विजय भाटोडिया, अर्जुन वशिष्ठ, हर्ष कुमार जैसे नाटक व फिल्मी दुनिया के अभिनेता, संगीतकार सुभाष नगाड़ा, कर्नल सेठ, समाजसेवी उमा उपाध्याय तथा ऊषा वशिष्ठ सहित अनेक रंगकर्मी तथा नाट्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# शादी-विवाह में खुलकर बजाएं फिल्मी गीत, कोई नहीं मांगेगा रॉयल्टी

## समारोहों में फिल्म गीत बजाने से नहीं होगा कॉपी राइट एक्ट का उल्लंघन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शादी-विवाह, धार्मिक समारोह और अन्य कार्यक्रमों में आप खुलकर फिल्मी गीत बजा सकते हैं। ऐसा करने से आपको कोई नहीं रोकेगा। यानी फिल्म गीतों को बजाने पर अब कॉपी राइट का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस संदर्भ में निर्देश जारी किए हैं।

भारत सरकार, राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित आधिकारिक कार्यक्रमों, धार्मिक समारोह, विवाह व उससे सम्बंधित सामाजिक कार्यक्रमों में फिल्मी गानों का इस्तेमाल अब कॉपी राइट एक्ट के उल्लंघन नहीं माना जाएगा। शादियों व अन्य समारोह में फिल्मी गीत बजाना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन नहीं है। कोई भी ऐसी गतिविधियों के लिए रॉयल्टी नहीं ले सकता है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि उसे शादी-विवाह में गाना बजाने को लेकर कॉपीराइट सोसायटी से रॉयल्टी लिए जाने के बारे में आम लोगों और अन्य पक्षों से कई शिकायतें मिली हैं। अधिनियम की धारा 52 कुछ ऐसे कार्यों से संबंधित है, जिसमें कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं होता है। धारा 52 (1) (जेडए) विशेष रूप से किसी धार्मिक समारोह या आधिकारिक समारोह के दौरान साहित्यिक, नाटकीय अथवा गाना बजाने या साउंड रिकॉर्डिंग के प्रदर्शन का उल्लेख करती है। यह कहीं से भी कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं है। इसमें कहा गया है कि धार्मिक समारोह में विवाह और विवाह से जुड़े अन्य सामाजिक कार्य शामिल हैं।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि हाल में जारी निर्देशों के अनुसार कॉपीराइट सोसायटी को भी समारोहों के दौरान अधिनियम की धारा 52 (1) (जेडए) के उल्लंघन वाले कार्यों में कानूनी कार्रवाई की मनाही की गई है। उन्होंने जिलावासियों से भी अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी व्यक्ति या संगठन अथवा कॉपीराइट सोसायटी की इस धारा का उल्लंघन करने वाली किसी भी अनावश्यक मांग को स्वीकार न करें।

# अनाज मंडी परिसर में लगे कूड़े के ढ़ेर, अधिकारी मौन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अनाज** मंडी परिसर में पिछले पांच दिन से सफाई न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने से गंदगी का माहौल बना हुआ है। कूड़े के ढ़ेरों से उठती बदबू से इनके पास से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। मंडी परिसर में बना कूड़ा केन्द्र पर मक्खी व मच्छरों का आतंक बना हुआ है। जिससे बीमारी फैलने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ है।

अनाज मंडी परिसर में अधिकारियों की उदासीनता के चलते जगह-जगह कूड़ा कचरा के लगे ढेर जान लेवा बीमारी को न्यौता दे रहे है।


सोहना अनाज मंडी में पड़ा कचरा।

अनाज मंडी परिसर में पिछले पांच दिन से सफाई नहीं हुई है। कूडा केन्द्र पर कूड़े के लगे ढ़ेर के आस पास बैठे सब्जी के छोटे दुकानदारों से लेकर ग्राहकों को बीमारी ग्रस्त होने का खुला न्यौता मिल रहा है। कूड़ा केन्द्र के पास फ्ल व सब्जियों की लगे ठेले और साथ में बैठे छोटे दुकानदार कभी भी हैजा, मलेरिया, डेंगू जैसी जान लेवा बीमारी की चपेट में आ सकते है। कूड़ा केन्द्र के पास ही मंडी से बाहर निकलने का रास्त है। जहां से सब्जी खरीदने वाले वाहन और पैदल चलकर आते है। इसके अलावा खेड़ला, दमदमा और अभयपुर आदि को जाने वाले गांवों का टैंपू स्टैंड बना है। जिन्हे कूड़े से उठती बदबू से इस मिनट रुकना भी मुश्किल हो जाता है।

### जगह-जगह पानी जमा

मंडी परिसर में सफाई न होने से आम रास्तों के साथ बनी छोटी-छोटी नालियों मिट्टी जमा रहने से पानी की निकासी नहीं हो रही है। जिससे जमा पानी में मक्खी व मच्छर के पनप रहे है। मंडी परिसर में 50 से 60 सब्जी, फ्ल, कपड़ा, मशाले आदि की रेहड़ियां लगती है। जिन पर सैकड़ो नागरिक सामान खरीदने के लिए आते है।

### अधिकारी नहीं उठाते है फोन

आम नागरिक या मिडिया कर्मी जब मंडी परिसर में फैली समस्या को लेकर फोन से जानकारी प्राप्त करने लिए कॉल करते है। अधिकारी अपना फोन नहीं उठाते है। मार्केट कमेटी सचिव के सहायक अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सफाई के लिए जल्द ही टेंडर छोड़ा जाएगा।

# घुघेरा में जिला स्टेडियम नहीं बनने से खिलाड़ियों में नाराजगी

## 10 साल पहले स्टेडियम निर्माण की घोषणा हुई थी

### आज भी पलवल से बाहर जाने को मजबूर हैं खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** खेल स्टेडियम पलवल का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने से पलवल जिले के खिलाड़ियों में भारी रोष है। खिलाड़ियों का कहना है कि कांग्रेस के शासनकाल में घुघेरा गांव में जिला स्टेडियम बनाने की घोषणा हुई थी, परंतु 10 साल बीत जाने के बाद भी गांव स्टेडियम के नाम पर कुछ भी नहीं है। क्षेत्र के लोगों को खेलों की तैयारी के लिए आज भी फरीदाबाद, गुड़गांव, दिल्ली आदि शहरों में जाना पड़ता है। खिलाड़ी खिताबसिंह, भगतसिंह, धर्मपाल, नरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, विवेक सिंह, अरांता आदि का कहना है कि जिला स्टेडियम बनाने की घोषणा हुड्डा सरकार में की गई थी। परंतु आज तक गांव घुघेरा में स्टेडियम का निर्माण पूरा नहीं हुआ। क्षेत्र के खिलाडियों को हॉकी, बास्केटबॉल, क्रिकेट, जिमनास्टिक, साइकिलिंग, फुटबॉल, तलवारबाजी, निशानेबाजी आदि खेलों की तैयारी के लिए फरीदाबाद, दिल्ली, गुड़गांव आदि शहरों को जाना पड़ता है। गौरतलब है कि फिलहाल जो आगरा चौक पर पुराना स्टेडियम है, वह छोटा है और पर्याप्त सुविधा भी नहीं हैं। इसलिए गांव घुघेरा में जिला खेल स्टेडियम बनना था। जहां पर खेलों की पूरी सुविधा खिलाड़ियों को मिलनी थी। परंतु यहां पर स्टेडियम का बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जिससे खिलाड़ियों में नाराजगी है। खिलाड़ियों का कहना है कि क्षेत्र के युवाओं को बेहतर सुविधा मिलने की आस में घुघेरा की पंचायत ने स्टेडियम के लिए फ्री में जमीन उपलब्ध करवाई थी। परंतु कई साल बाद भी हजारों रुपए खर्च करके खिलाड़ी बाहर जाने को मजबूर हैं। वहीं महिला खिलाड़ी तो अपने खेल को छोड़ने को मजबूर होते हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द स्टेडियम का निर्माण कराने की मांग की है, जिससे खिलाड़ियों को खेलों की तैयारी के लिए बाहर जाने को मजबूर न होना पड़े।

> “ –एलडीसी लोकेश कुमार कहना है कि बुधवार को ही डिप्टी डायरेक्टर गिर्राज सिंह अपनी टीम के साथ स्टेडियम का दौरा करके आए हैं। वहां के ठेकेदार का कहना है छह माह में स्टेडियम का निमार्ण पूरा कर दिया जाएगा।

# बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत, सड़कें बनीं तालाब

### जगह जगह जलभराव होने से लोगों को हुई भारी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



नजारा बल्लभगढ़ अनाज मंडी

बुधवार को सुबह कई घंटे हुई बारिश ने उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को जहां राहत दी, वहीं जलभराव से आफत हो गई। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई जगहों पर जलभराव हो गया। सड़कों पर पानी अधिक होने के कारण गाड़ियां खराब हो गईं। अंडरपास में पानी भरने से कई सेक्टर राजमार्ग से कट गए। एक बार फिर नगर निगम के जलभराव से निपटने के लिए किए गए दावों की पोल खोल दी। पानी निकासी की व्यवस्था खराब होने से पूरा शहर तालाब बन गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश से पहले नगर निगम ने जलभराव से निपटने के लिए बड़े-बड़े दावे किए थे। नगर निगम की ओर से जेसीबी से नालों की सफाई कराई गई। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एनआईटी पांच सहित अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश के पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज लाइन बिछाने का काम जारी है। धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य के बावजूद अधिकारियों का दावा था कि बारिश में सड़कों पर जलभराव नहीं होगा। अंडरपास में पानी नहीं भरे इसके लिए बूस्टिंग स्टेशनों की मोटरों को बदल कर नया लगाया गया। दावा था कि बारिश होने पर कुछ ही देर में अंडरपास का पानी निकल जाएगा लेकिन शनिवार हुई बारिश में निगम के दावे धुल गए।

शहर के बड़े नाले, सीवर लाइनों आदि की समय पर नियमित रूप से सफाई का कार्य नगर निगम को करना होता है। मानसून से पहले हर साल निगम नालों की सफाई कराता है लेकिन यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। बुधवार को हुई बारिश से कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मुख्य सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया।

बारिश से डबुआ कॉलोनी, पर्वतिया कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, सारन रोड पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पानी घरों और दुकानों में भर गया। बारिश के पानी के साथ सीवर की गंदगी भी घरों में घुस गई। इस कारण दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल हो गया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

डबुआ 60 फीट रोड पर एक बार फिर घुटना तक पानी भर गया। इस दौरान कई लोगों की स्कूटी और मोटर साइकिल खराब हो गई इसलिए ऑटो चालकों ने डबुआ जाने से किनारा कर लिया। बीके चौक, नीलम चौक, एक नंबर आदि जगहों से अपने गंतव्य तक सवारी न मिलने से लोगों को परेशानी हुई। कुछ ऑटो चालक चलने को तैयार भी हुए तो उन्होंने लोगों से दोगुना किराया वसूला जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बल्लभगढ़ बस स्टैंड चौक पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी जमा होने से जलभराव की स्थिति बन गई। चौक के साथ बस स्टैंड परिसर में भी पानी भर गया। इससे यात्रियों को बसें पकड़ने में काफी दिक्कतें हुईं।



नजारा बल्लभगढ़ अनाज मंडी

### पलवल में कई जगह जलभराव

बरसात से पलवल के हुडा सेक्टर-2, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भाटिया कॉलोनी, दयाबस्ती, मोहन नगर, राजीव कॉलोनी, शेखपुरा, सल्लागढ़, देवनगर, जवाहर नगर, न्यू कॉलोनी, तुहीराम कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, शिव कॉलोनी, रेलवे रोड, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, पलवल बस अड्डा, आदि में पानी भर गया। जिससे लोगों के वाहन पानी में बंद हो गए। वहीं कई जगह तो लोग अपने वाहनों में धक्के लगाते हुए भी दिखाई दिए। बरसात की वजह से कई जगह लोगो को घरों में भी पानी घुस गया। जिससें लोगों का खाने-पीने का सामान, कपड़ें आदि खराब हो गए। इससें स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# दबंगों ने युवती का अपहरण कर किया गैंगरेप

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



### मुंह में कपड़ा ठूंस उठा ले गए, खेतों में बेसुध हालत में पड़ी मिली

**कुछ** दबंग युवती का मुंह में कपड़ा ठूंस कर अपहरण कर जंगल में बने मकान पर ले गए। वहां चार युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद बेहोश होने पर युवती को खेत में फेंककर फरार हो गए। महिला थाना पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर दो नामजद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत में कहा है कि उसकी 18 वर्षीय बेटी शौच के लिए पास के खेत में गई थी। जब वह एक घंटे तक वापस नहीं आई तो उसने व उसकी पत्नी ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन रात भर कहीं नहीं मिली। सुबह जंगल में बने एक मकान के पास खेत में उसकी बेटी बेहोशी की हालत में पड़ी हुई मिली। वे उसे घर ले आए और करीब एक घंटे बाद होश में आई।

होश में आने के बाद उनकी बेटी ने बताया कि जब वह शौच के लिए खेत में गई तो वहां पर अकरम व मनसाद आ गए।

उन्होंने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसे जबरन उठाकर जंगल में अकरम के खेतों पर बने मकान पर ले गए। वहां पहले से ही दो और युवक मौजूद मिले। वहां ले जाकर आरोपी अकरम ने पहले उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद अन्य युवकों ने भी बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वह बेहोश हो गई तो उसे खेत में फेंक दिया। शिकायत में कहा है कि आरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं, उसके व उसके परिवार के साथ किसी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## झगड़े में महिला की हत्या मामले में शामिल दो आरोपियों पर कसा शिकंजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच पलवल प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद इलियास की टीम ने जवाहर नगर कैंप में सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर को लेकर हुए झगड़े में एक महिला की हत्या वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल एसपी ने पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मामले में जवाहर नगर कैंप की रहने वाली रेखा ने शिकायत दर्ज करवाई कि बीती 14 जुलाई उसके ऊपर सुरेश उर्फ दिलीप, साहिल, अंकुश, आकाश, विकास और उनके स्वजन ने तीसरी मंजिल से शराब की बोतलें और लोहे की रॉड फेंक कर जान से मारने का प्रयास किया। उसकी भतीजी सरिता और उसके पुत्र पर ईंट से वार किया गया। इस हमले में उसकी भतीजी घायल हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने दिया धरना



**पलवल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यू मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के पब्लिक हेल्थ ब्रांच पलवल के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर वेतन न मिलने पर धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता पब्लिक हेल्थ ब्रांच के वरिष्ठ उपप्रधान शिवराम कुंडू ने की व मंच संचालन पब्लिक हेल्थ ब्रांच सचिव रामजीत राणा ने किया। कार्यकारी अभियंता जब अपने कार्यालय में नहीं आये तो ब्रांच सचिव रामजीत राणा ने कार्यकारी अभियंता से फोन पर बात की। कार्यकारी अभियंता ने फिर दो दिन का समय मांगते हुए कहा कि वह स्वयं उपायुक्त से निवेदन कर आपकी समस्या का समाधान करवाने का प्रयत्न करेंगे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मैकेनिकल वर्करज यूनियन के प्रांतीय प्रैस सचिव योगेश शर्मा ने प्रांतीय उपप्रधान राकेश तंवर की भाभी के निधन पर दो मिनट का मौन रखा व मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई बर्बरता की घोर निंदनीय बताते हुए कहा कि देश व प्रदेश कि सरकार जहां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती हैं और उन्हीं बेटियों को न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूत हो रही हैं। राज्य प्रैस सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि कौशल रोजगार निगम के तहत पब्लिक हेल्थ में पिछले लम्बे समय से कार्यरत कर्मचारियों को वेतन न मिलने से अपने बच्चों का लालन-पालन करना दुर्लभ हो रहा है। धरने को जिला उपप्रधान विपिन शर्मा, पब्लिक हेल्थ ब्रांच पलवल के उपप्रधान राधेलाल शर्मा, सुनील शर्मा, राजकुमार आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

### मानसिंह स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किया जागरूक




**फरीदाबदा।** मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जागरूकता अभियान स्वस्थ मन स्वस्थ तन आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग व उप सिविल सर्जन डॉ. राजीव बातिश के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलवल में किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा बारहवीं के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तनाव, घबराहट व नशे के बारे में प्रस्तुतिकरण किया गया व साथ ही विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित पोस्टर भी बनाए गए। साइकेट्रिक नर्स प्रभु दयाल व कम्युनिटी नर्स प्रियंका द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत तनाव व बच्चों में परीक्षा पूर्व होने वाला तनाव, नींद न आना व अपने भविष्य को लेकर चिंतित रहना आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। विभाग द्वारा चलाई जा रही टेली मानस हेल्पलाइन सेवा के बारे में जनमानस को बताते हुए उसके उपयोग के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच इनाम व उपहार वितरित किए गए।

### परीक्षा केंद्र के आसपास 200 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू



**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 23 अगस्त तक डीएलएड के प्रथम व द्वितीय वर्ष तथा सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी अतिरिक्त विषय, आंशिक सुधार) परीक्षा को जिला क्षेत्र में स्थापित किए गए विभिन्न सात परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत और इस दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र के आसपास 200 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू कर दी है। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मियों पर लागू नही होंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सेक्टर 21-ए में पुलिस चेक पोस्ट के सामने जलभराव से परेशानी



**पलवल।** जब भी बारिश होती है तो जलभराव से सेक्टर 21-ए में समस्या बन जाती है। स्थानीय निवासी, सुभाष शर्मा, युगल किशोर शर्मा ने बताया कि महीने में 20 दिन से ज्यादा हुड्डा शॉपिंग सेंटर एवं महिमा लेन के सामने लंबे समय से जलभराव होता रहा है। ड्रेनेज सिस्टम और सीवर चोक पड़े हुए हैं। जिनको नगर निगम ने साफ नहीं करवाया है। नगर निगम प्रशासन व रेजिडेंट वैलफेयर एसोसिएशन के उदासीन रवैया के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम की फरीदाबाद 311 ऐप के माध्यम से जब भी शिकायत भेजी जाती है, उसे कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती है। नगर निगम आयुक्त से अनुरोध है कि अधिकारियों की विशेष रूप से ड्यूटी लगाकर सेक्टर 21-ए की जलभराव संबंधी समस्या का समाधान कराएं।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के लिए 17 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

### 13 अक्टूबर को किया जाएगा ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन

**केंद्र** सरकार की अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के रूप में सेवा करने के लिए युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण 27 जुलाई को सुबह 10 बजे से आरंभ होगा तथा 17 अगस्त 2023 रात्रि 11 बजे बंद होगा। आवेदकों को 250 रुपए पंजीकरण व परीक्षा शुल्क के रूप में जमा करवाने होंगे। उम्मीदवार को अपने पंजीकरण के लिए पोर्टल पर लॉग ऑन करना होगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उम्मीदवार केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गणित, भौतिकी व अंग्रेजी विषय के साथ इंटरमीडिएट/बारहवीं/समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ व अंग्रेजी में कम से 50 अंक के साथ उत्तीर्ण हो या पॉलिटेक्निक संस्थानों से उत्तीर्ण हो।

# अपनी फसल का नियमित करें अवलोकन : डॉ. सहरावत

### किसान अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर अपनी फसल का करवाएं पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**कृषि** विभाग की वर्तमान में चल रही योजनाओं के विषय में अधिकारियों द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में गांव गेलपुर में कृषि विभाग के खंड तकनीकी प्रबंधक पलवल सुंदर सिंह एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक अतुल शर्मा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के किसानों ने भाग लिया तथा अपनी फसल की समस्याओं के विषय में कृषि अधिकारियों से सुझाव मांगे। फील्ड में धान तथा कपास की फसल का अवलोकन करते समय पाया गया कि धान की फसल में पत्तालपेट एवं फसल की जड में सुंडी लगी हुई है, जिसके कारण किसानों की फसल पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सुंदर सिंह ने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी किसान सुबह-शाम नियमित रूप से अपने खेतों में जाकर अपनी फसल का निरीक्षण किया करें, क्योंकि फसल में लगने वाले रोगों से तभी बचा जा सकता है। यदि समय रहते रोग का उपचार नहीं किया तो किसान की पैदावार प्रभावित होती है।

अतुल शर्मा ने किसानों से रूबरू होते हुए कहा कि कपास की फसल एक संवेदनशील फसल है। इस फसल में कीटनाशकों अथवा खरपतवार नाशकों का प्रयोग देखकर ही करना चाहिए। वर्तमान में ऐसा चलन प्रारंभ हो गया है कि यदि एक किसान किसी रसायन का प्रयोग करता है, तो दूसरे किसान भी बिना सोचे समझें।

# कॉलेज में दाखिले के लिए उमड़ रही छात्रों की भीड़

## कहीं सर्वर डाउन तो कहीं छात्रों की मदद के लिए लगाई हेल्प डेस्क

### सभी कॉलेजों में दाखिले के लिए उमड़े छात्रों में दिखा खासा उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनएसयूआई** फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-16ए स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के प्रागण में हेल्प डेस्क लगाकर छात्रों की सहायता की। हेल्प डेस्क का आयोजन एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री की अध्यक्षता में किया गया।

उन्होंने बताया कि इस तरह के हेल्प डेस्क का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है। हेल्प डेस्क के माध्यम से दाखिले संबंधित सभी जानकारियां दी जा रही हैं। अत्री ने कहा कि अबकी बार दाखिला प्रक्रिया में काफी बदलाव किए गए हैं, जिसके चलते छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि दो कटऑफ आ जाने के बाद भी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र बिना दाखिले के वंचित घूम रहे हैं तथा कुछ ऐसे छात्र भी हैं, जिनके अंक कम हैं। ऐसे छात्रों को भी सही कोर्स तथा सही कॉलेज चुनने के बारे में भी बताया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर (9050509509) भी जारी किया है, जिन पर संपर्क करके घर बैठे दाखिला संबंधित जानकारी ले सकते हैं। कृष्ण अत्री ने कहा कि दाखिले के समय पर बहुत से शरारती तत्व कॉलेज में आकर छात्रों से दाखिले के नाम पर पैसे ठग लेते हैं और गायब हो जाते हैं।

जबकि दाखिले सिर्फ मेरिट लिस्ट के आधार पर होते है। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क के माध्यम से लोगों पर भी नजर रखी जा रही है तथा छात्रों को भी ऐसे लोगों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। इस मौके पर छात्रनेता आरिफ खान, मनीष चौधरी, विकास अधाना, संदीप ठाकुर, संजू खुटेला, तरुण डागर, रवि चौधरी आदि ने छात्रों की मदद की।

### सर्वर डाउन होने से छात्रों को हुई परेशानी

वहीं सेक्टर-2 स्थित सुषमा स्वराज महिला महाविद्यालय के डॉ. चंद्रशेखर ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर दाखिले हो रहे हैं। जिस भी कोर्स में सीटें खाली थीं, उस कोर्स में दाखिला लेने के लिए छात्र सुबह ही कॉलेज में पहुंच गए। उन्होंने बताया कि कॉलेज में अभी करीब 50 प्रतिशत सीटें विभिन्न कोर्सों में खाली पड़ी हुई हैं। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली व दूसरी लिस्ट में नहीं आया है, वह ओपन काउंसिलिंग के जरिए दाखिला ले सकते हैं। ओपन काउंसिलिंग में कई बार छात्र को पसंदीदा कोर्स नहीं मिल पाता है। इसलिए छात्र दूसरे कोर्स में दाखिला ले लेता हैं। वहीं ओपन काउंसिलिंग का सर्वर डाउन होने की वजह से छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सर्वर डाउन होने से छात्र अपने फार्म नहीं भर पाए। इसके अलावा कोर्स में दाखिला होने के बावजूद फीस जमा नहीं होने से दाखिला भी कंफर्म नहीं हो पाया। अग्रवाल कॉलेज के डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि ओपन काउंसिलिंग में जिन विद्यार्थियों ने फार्म नहीं भरा है, वह भी भाग लेकर दाखिला ले सकते हैं। यह स्नातक में दाखिला पाने का आखिरी मौका है। ओपन काउंसलिंग में सीटें फुल होने के बाद छात्रों को दाखिला नहीं मिलेगा।

## कारगिल विजय दिवस-वीर बलिदानियों की स्मृति में जेआरसी द्वारा पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य व ब्रिगेड अधिकारी रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में कारगिल विजय दिवस की चौबीसवीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना के जवानों को बारंबार नमन करते हुए और बलिदानी हुए पांच सौ सत्ताइस जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जेआरसी और एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा कारगिल युद्ध की पराक्रम गाथा अमिट रहेगी कि किस प्रकार से पाकिस्तान द्वारा धोखे से किए गए वार और ऊंचाई पर होने बाद भी भारतीय सेना के वीर जवानों ने अपनी जान पर खेल कर पाकिस्तानी सेना को धूल चटाते हुए भागने पर मजबूर कर दिया। भारतीय सेना के शूरवीर जवानों और भारतीय वायुसेना के अद्वितीय तालमेल से पाकिस्तान को इस युद्ध में भारी क्षति हुई। उन्होंने कहा कि हम भारतीय को अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व करने का अधिकार है। उन्होंने देश पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापिका सुशीला मौजूद थे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 जुलाई, 2023



# भारत-चीन संबंध

## संवाद का दावा

**चीन** अब भारत से संवाद और विकास की बात कर रहा है। यह उसके दृष्टिकोण में भारी परिवर्तन है। एक हालिया घटनाक्रम में चीन ने दावा किया कि पिछले साल बाली में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग तथा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच द्विपक्षीय संबंध बहाल करने पर एक 'सहमति' बनी थी। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी पक्ष ने बाली बैठक के दौरान समुचित संवाद का दावा किया है। चीनी विदेश मंत्रालय का यह दावा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोवाल तथा चीन के केन्द्रीय विदेश संबंध आयोग के निदेशक वांग यी की बैठक के बाद आया है। यह बैठक जोहान्सबर्ग में एनएसए की ब्रिक्स बैठक के दौरान हुई है। लेकिन डोवाल-वांग बैठक पर जारी भारत के बयान में चीनी दावे का उल्लेख नहीं है। इसके बजाय इसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर वर्तमान समय में जारी गतिरोध पर ध्यान दिया गया है। चीन के बयान को डोवाल द्वारा इस बात पर जोर देने के संबंध में देखा जाना चाहिए कि चीन ने 'विश्वास तोड़ा' है। एनएसए ने 2020 से पश्चिमी सेक्टर में एलएसी पर रणनीतिक विश्वास में कमी को उजागर कर रहे थे। दोनों पक्षों ने सहमति प्रकट की कि भारत-चीन संबंधों का महत्व न केवल दोनों देशों, बल्कि इस क्षेत्र और पूरी दुनिया के लिए है।

जकार्ता में पूर्व एशिया सम्मेलन तथा आशियान क्षेत्रीय मंच की विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा वांग यी के बीच बैठक ने इन अनुमानों को बल दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शी जिनपिंग के बीच शायद बैठक की संभावना बन रही है। लेकिन ऐसी बैठकों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल, 2020 में गलवान में खूनी झड़प के बाद एलएसी पर गतिरोध बना हुआ है और इस बीच मोदी व शी के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। हालिया चीनी बयान का दावा है कि बाली बैठक में दोनों नेताओं के बीच ज्यादा विस्तृत चर्चा हुई थी और वे भारत-चीन संबंधों में स्थायित्व लाने पर सहमत हुए थे। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में जोर दिया गया है कि दोनों देशों को इस रणनीतिक निर्णय पर दृढ़ रहना चाहिए कि वे एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं तथा विकास के लिए काम करते हैं। इसमें द्विपक्षीय संबंधों की शीघ्र बहाली की इच्छा प्रकट की गई है। वांग यी ने कहा है कि चीन बहुध्रुवीय दुनिया बनाने में भारत के साथ सहयोग का इच्छुक है। भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच हालिया बैठकों ने मोदी व शी के बीच संभावित भावी बैठकों के बारे में आम लोगों में जिज्ञासा पैदा की है। यह संभावना केपटाउन में ब्रिक्स सम्मेलन तथा दिल्ली में जी 20 सम्मेलन में हो सकती है। चीन द्वारा सहमति पर जोर देना उसके पूर्व दृष्टिकोण के एकदम विपरीत है कि एलएसी पर स्थिति 'अपरिवर्तनीय' है और चीन ने कुछ भी गलत नहीं किया है, लेकिन जमीनी यथार्थ इसके एकदम उलट है। शायद चीन के 'हृदय परिवर्तन' का कारण अमेरिका की ओर भारत का झुकाव हो। चीन अपनी सीमा से लगे किसी देश में अमेरिका की सक्रिय सहभागिता पसंद नहीं करता है क्योंकि इसका अर्थ उसके दरवाजे पर खतरा पैदा होना है। दक्षिण चीन सागर में चीन का पहले ही आशियान से टकराव है। इसके साथ ही भारतीय राजनय ने सफलतापूर्वक चीन को हिंद महासागर में अलग-थलग किया है तथा उसे श्रीलंका से बाहर किया है। अजीत डोवाल ने स्पष्ट किया है कि द्विपक्षीय संबंधों में किसी सुधार के लिए एलएसी पर 2020 के पूर्व वाली स्थिति बहाल होनी जरूरी है।



# मिडवाइफों का महत्वपूर्ण योगदान

मिडवाइफों के नेतृत्व वाली इकाइयों में वे माताओं की उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल कर सकती हैं। लेकिन उनको समुचित प्रेरणा व प्रशिक्षण मिलना जरूरी है।



**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जब विकासवादी अर्थशास्त्री डा. जाह्नवी नीलकेणी ने प्रमाण-आधारित शोध पर प्रसव क्लीनिकों का विचार सामने रखा था तो लोगों ने सोचा कि यह अमीरों की बेटियों द्वारा की जाने वाली एक और कल्पना है। यहां तक कि प्रसूति विशेषज्ञों व स्त्री रोग विशेषज्ञों को ऐसे क्लीनिकों के बारे में संदेह था। इन क्लीनिकों का उद्देश्य प्राकृतिक प्रसव को प्रोत्साहित करना तथा उसमें सुविधा देना था, जबकि निजी संस्थानों में लगभग आधे प्रसव अब सीज़रियन सेक्शन या सी-सेक्शन द्वारा होते हैं। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य स्वास्थ्य सर्वेक्षण या एनएफएचएस-5 के अनुसार, सार्वजनिक व निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में सीज़ेरियन प्रसव में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में सी-सेक्शन 2015-16 में 40.9 प्रतिशत से बढ़ कर अब 47.4 प्रतिशत हो गए हैं। सार्वजनिक अस्पतालों में आपरेशन से प्रसव में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि यह निजी अस्पतालों में 17.2 प्रतिशत से बढ़ कर 21.6 प्रतिशत हो गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका अर्थ यह है कि किसी चिकित्सा सुविधा में जाने वाली पांच गर्भवती महिलाओं में से एक का प्रसव सीजेरियन से होता है, फिर चाहे वह सरकारी हो या निजी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की संस्तुतियों को देखते हुए यह दर बहुत अधिक है। इसके अनुसार सीजेरियन प्रसव किसी देश में कुल प्रसव के 10-15 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। नीलकेणी इस समस्या का समाधान पेशेवर मिडवाइफरी, सम्मानपूर्ण मातृ देखभाल तथा प्रमाण-आधारित प्रसूति विशेषज्ञता को समाहित कर सामान्य प्रसव का महत्व बताने के आधार पर करना चाहती थीं, बशर्ते कि माता को किसी ऐसी चिकित्सकीय कठिनाई का सामना न करना पड़े जिससे सीजेरियन प्रसव अनिवार्य हो जाता हो। निजी क्षेत्र में नौ मिलियन प्रसव होने वाली वर्तमान स्थिति में नीलकेणी एक सेंटर आफ एक्सलेंस स्थापित करना चाहती थीं जो मातृ देखभाल में सर्वोत्तम व्यवहारों को प्रोत्साहन देने के लिए मिडवाइफरी माडल के आधार पर प्राकृतिक प्रसव को प्रोत्साहित करे। नीलकेणी ने जानबूझ कर मिडवाइफरी माडल चुना क्योंकि उनके अनुसार, 'भारत में मातृ स्वास्थ्य के समक्ष दुहरी चुनौती है। प्रसव के दौरान चिकित्सा या तो बहुत अधिक व बहुत जल्दी होती है अथवा बहुत देर में व बहुत कम।' पहले मामले में निजी अस्पतालों में चिकित्सकीय हस्तक्षेप बहुत अधिक होता है, जब विशिष्ट लोगों को लेबर पेन बढ़ाने तथा सीजेरियन में धकेला जाता है। दूसरे मामले में तुलनात्मक रूप से गरीब लोगों को ज्यादा चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं होती है, जबकि ऐसे हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि 'हमारा उद्देश्य सही समय पर सही इलाज की सुविधा देना है। प्रत्येक महिला को उच्च गुणवत्ता वाली सम्मानपूर्ण मातृ देखभाल का अधिकार है जो 'बहुत अधिक, बहुत जल्दी' या 'बहुत कम बहुत देर' में न हो।

हमारा विश्वास है कि मिडवाइफरी इन दुहरी चुनौतियों से निपटने में प्रमुख भूमिका अदा कर सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि मिडवाइफरी से 83 प्रतिशत मातृ व नवजात मौतों को रोका जा सकता है। हमारे प्रयास और संसाधन मिडवाइफरी को मातृ देखभाल का आवश्यक आयाम बनाने पर केन्द्रित हैं। इस प्रकार आस्ट्रिका मिडवाइफरी सेंटर-एएमसी का जन्म हुआ। यह देश में अपने किस्म का पहला लेबर व प्रवस में विशेष संवेदनशील तकनीक वाली सुविधा है जो प्राकृतिक प्रसव को बढ़ावा देती है। बैंगलुरू के वासवी अस्पताल में स्थित एएमसी डेनमार्क से प्रेरित 'संवेदनशील तकनीक' का प्रयोग कर इसे आडियोविजुअल साइम्यूलेशन से जोड़ता है। इससे धीमे करने योग्य प्रकाश का प्रयोग शांति प्रदान करने तथा आरामदेह प्रसव में सहायक होता है। गत्यात्मक प्रकाश तथा आडियोविजुअल से आक्सीटोसिन हार्मोन स्त्रवित होने में आसानी होती है जो प्राकृतिक प्रसव के लिए संकुचनों को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार नीलकेणी को मिडवाइफरी माडल प्रयोग के बारे में विश्वास था, उसी तरह वे पूर्णत: स्पष्ट थीं कि समुचित डिजाइन का प्रयोग कर प्रसव अनुभव में परिवर्तन लाया जा सकता है।

उनके द्वारा मातृ देखभाल पर जोर देने के लिए उपयुक्त डिजाइन के साथ ही महीनों का शोध किया गया। इसमें न केवल उपकरणों, बल्कि डिजाइनरों का सहयोग लिया गया जिन्होंने प्राकृतिक प्रसव तथा परियोजना के समग्र दर्शन के समर्थन में उपयुक्त डिजाइनें तैयार कीं। अंतत: वैश्विक डिजाइन फर्म पर्किन्स ईस्टमैन को 5,300 वर्ग फीट सेंटर की प्रोग्रामिंग, प्लानिंग, इंटीरियर डिजाइन तथा क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई। पर्किन्स ईस्टमैन तथा नीलकेणी की टीमों ने अनेक प्रमाण आधारित शोध पत्रों का अध्ययन किया। इनमें एरिडेन लैब्स तथा मास डिजाइन ग्रुप का अध्ययन शामिल था। डा. नील शाह व साथियों ने 'इनोवेशन इन द डिजाइन आफ चाइल्ड बर्थ स्पेसेज़' शीर्षक से यह अध्ययन किया था। डिजाइन प्रक्रिया शुरू करने के पहले आस्ट्रिका द्वारा एक छोटा गुणात्मक सर्वेक्षण कराया गया कि बैंगलुरू की मातायें क्या चाहती हैं। उन्होंने कोपेनहेगेन में जिनजोन के साथ वर्चुअल सम्मेलन किया ताकि मिडवाइफरी माडल की देखभाल में नवीनतम प्रवृत्तियों पर गौर किया जा सके। संवेदनशील तकनीक शिक्षण को स्वीडिश मिडवाइफों के अनुभवों से जोड़ा गया जिन्होंने मिडवाइफरी माडल केयर, लेबर, वाटर बर्थ तथा प्रसव पश्चात बेहतरी पर गंभीर जानकारियां दीं।

यह सुनिश्चित करने के लिए माताओं के अनुभवों पर विस्तार से गौर किया गया कि गर्भावस्था के दौरान सेंटर आउटपेशेंट व इनपेशेंट महिलाओं को लगातार सहायता दे सके। प्रसव सुविधा में शीघ्र प्रसव का एक लाउंज है जो प्रसव पीड़ा के दौरान महिलाओं की सहायता करता है। पर्किन्स ईस्टमैन ने सुनिश्चित किया कि लेबर व प्रसव के दौरान कमरों की डिजाइन तनाव घटाने वाली हो। इसमें व्यायाम उपकरणों के माध्यम से सहायता देने की व्यवस्था की गई है। प्राकृतिक प्रसव के दौरान महिला की सहायता के लिए बर्थिंग बाल, सीलिंग रीबोजो या बर्थ रोप, आदि शामिल हैं। महिलायें वाटर बर्थ या वाटर इमर्शन के लिए एक बर्थिंग पूल का लाभ उठा सकती हैं जिससे लेबर के दौरान दर्द में राहत मिलती है। एएमसी में प्राकृतिक प्रसव के लिए डिजाइन महत्वपूर्ण आयाम है, पर ज्यादा महत्वपूर्ण व प्राथमिक लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाली सम्मानपूर्ण मातृ देखभाल उस स्थिति में भी देना है जब सीजेरियन जैसे चिकित्सा हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। एएमसी में एक बहुविषयी टीम है जिसमें प्रसूति विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नर्सें व प्रशिक्षित मिडवाइफें शामिल हैं जो सभी प्रकार के प्रसव अनुभवों का सामना कर सकती हैं। नीलकेणी के अनुसार महिलाओं को ज्यादा उम्मीद नहीं थी। इसलिए एएमसी ने इसे पुन: परिभाषित किया कि प्रसव प्रक्रिया में महिलायें क्या चाहती हैं। दीर्घकालीन रूप से सेंटर का लक्ष्य मातृ देखभाल व्यवहारों में एक बेंचमार्क स्थापित करना है जिसका क्रियान्वयन पूरे देश में किया जा सके।

कर्नाटक के निजी अस्पतालों में सी-सेक्शन की दर 52.5 प्रतिशत है। 2021 में शुरू होने के बाद से एएमसी की सी-सेक्शन दर 27.4 प्रतिशत है। नीलकेणी का विश्वास है कि इसका कारण मिडवाइफरी माडल की सफलता है। इस माडल से अनेक लाभ सामने आए हैं जिनमें औजारों से प्रसव में कमी, प्राकृतिक प्रसव में वृद्धि, मातृ मृत्यु व रुग्णता में कमी, माता में संक्रमणों में कमी, प्रसव के पश्चात हेमरेज में कमी तथा प्रसव के दौरान आत्मनियंत्रण में बढ़ोत्तरी शामिल हैं। प्रसव के ऐसे अनुभव के बाद महिलाओं में अवसाद की घटनायें भी बहुत कम हुई हैं।

सरकार ने पेशेवर मिडवाइफों का एक कैडर बनाने का निर्णय किया है जिसे नर्स प्रेक्टिशनर मिडवाइफ-एनपीएम का नाम दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि मिडवाइफें मिडवाइफ-नीत केन्द्रों में उच्च गणवत्ता वाली मातृ देखभाल सेवायें दे सकती हैं। मिडवाइफों के प्रशिक्षण में आनलाइन टूल्स के साथ ही प्रत्यक्ष प्रशिक्षण कार्यशालायें सहायक हो सकती हैं। उम्मीद है कि सरकारी स्वास्थ्य कर्मी तथा निजी चिकित्सक नीलकेणी द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त आनलाइन प्लेटफार्म का प्रयोग कर अपनी क्षमता बढ़ाएंगे तथा सम्मानपूर्ण मातृ देखभाल प्रक्रिया को और गति देंगे।

# प्रकृति से निकटता मानव जीवन के लिये हितकारी

> हमें यह समझने की आवश्यकता है कि मनुष्य प्रकृति के के जितना करीब होता है, वह उतनी ही अधिक उदार हो जाती है।

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हाल के दिनों में, साल-दर-साल, हम दुनिया के कई हिस्सों में विनाशकारी बवंडर, चक्रवात, भूकंप और बाढ़ के रूप में प्राकृतिक उथल-पुथल देख रहे हैं, जिनमें से हाल ही में भारतीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे कई अन्य राज्यों में... इन घटनाओं से निकलने वाला संदेश स्पष्ट और स्पष्ट है कि प्रकृति सहनशीलता के मूड में नहीं है। अभी बहुत समय पहले की बात नहीं है जब वैज्ञानिकों ने भविष्यवाणी की थी कि जलवायु परिवर्तन एक दिन मानव सभ्यता के पतन का कारण बनेगा।

दुर्भाग्य से, वह भविष्यवाणी सच होती जा रही है क्योंकि हम देख रहे हैं कि आज भारत के कई हिस्से भीषण बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इन क्षेत्रों में बाढ़ का संकट अभूतपूर्व मानसून के कारण है, फिर भी कोई इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता कि यह स्थिति मनुष्य के कर्मों के कारण आई है। दुनिया भर में हालात इतने खराब होते जा रहे हैं कि हर किसी के मन में एक ही ख्याल आता है- क्या प्रकृति के प्रकोप के खिलाफ हम कुछ नहीं कर सकते? क्या इस सवाल के जवाब की जरूरत है?

जिस मुद्दे पर हम ध्यान देने से चूक रहे हैं वह है प्रकृति के प्रकोप के मूल कारण पर गौर करना। वह प्रकृति मां, जो युगों-युगों से अपनी उदारता से जीवन का पोषण करती आ रही है, इतनी आक्रामकता के साथ विद्रोह करने के लिए क्यों मजबूर है? वे पांच प्राकृतिक तत्व, जो मनुष्य के लिए आनंद और तृप्ति का शाश्वत स्रोत थे, जीवन को निगलने के लिए कैसे मजबूर हो गए हैं? मानव-प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण संबंध का क्या हुआ? सच तो यह है कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के विकारों ने मनुष्य को विकास की अंधी दौड़ में अंधा कर दिया है।



उन्होंने प्रकृति को बेतहाशा लूटा, वापस देने की कोई उदारता नहीं दिखाई। राष्ट्रों ने उस पर अपना दावा किया जो स्वतंत्र रूप से उपलब्ध था, दूसरों को इससे अलग रखा और अदूरदर्शिता के साथ उसका उपयोग किया। वर्तमान सभ्यता प्रकृति का सम्मान करने के बजाय संसाधनों की जमाखोरी और दोहन पर आधारित है। यह बहुत पहले की बात नहीं है जब दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने सर्वसम्मति से बताया था कि ग्लोबल वार्मिंग मानव निर्मित गतिविधियों का परिणाम है जो अपरिवर्तनीय गति में सेट हो गई हैं।

और अगर ये सब अचानक बंद कर दिया जाए, तब भी वैश्विक तापमान कम से कम दो डिग्री बढ़ जाएगा।

इस ख़तरे की घंटी के बावजूद, विकसित और विकासशील दुनिया दोनों प्रगति की दौड़ में पिछड़ने या पिछड़ जाने के डर से एक-दूसरे के पहले उत्सर्जन कम करने के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने का इंतज़ार कर रहे हैं। और लोभ, अहंकार और भय के इस खेल में पृथ्वी दिन-ब-दिन गर्त में धकेलती जा रही है। जब तक हम अपनी विकास प्रक्रिया के आधार की जांच और परिवर्तन नहीं करते हैं, और अपनी जीवनशैली को प्रकृति के नियमों का सम्मान करने के लिए तैयार नहीं करते हैं, हम निश्चिंत हो सकते हैं कि प्रकृति और अधिक क्रूरता से प्रहार करती रहेगी। और वह दिन दूर नहीं होगा, जब वह सब कुछ जिसके लिए हम बहुमूल्य मानव जीवन जोखिम में डाल रहे हैं, कहीं मलबे के नीचे बिखरा हुआ पड़ा होगा।

हमारे पूर्वजों का मानना था कि जिस व्यक्ति ने प्रकृति के पांच तत्वों द्वारा प्रदर्शित शिक्षाओं को आत्मसात कर लिया है, उसके शरीर को प्रकृति का प्रकोप कभी भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्राकृतिक पर्यावरण हमारी आंतरिक प्रकृति का विस्तार है और बाद में होने वाली गड़बड़ी अंतत: प्रकृति के प्रकोप में दोहराई जाती है।

यह समझने की जरूरत है कि प्राकृतिक आपदाएं और उथल-पुथल आम होती जा रही हैं क्योंकि मनुष्य ने प्रकृति के संसाधनों का उपयोग करने के साथ-साथ अन्य पाठों को भी दरकिनार कर दिया है जो उसे सिखाने थे। इसलिए, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि, मनुष्य प्रकृति की उदारता के जितना करीब होता है, वह उतनी ही अधिक उदार हो जाती है।

## आप की बात

### व्यवस्था में विश्वास

**देश** में न्यायपालिका और पुलिसिंग की लचर व्यवस्था के चलते ही कई गंभीर से गंभीर मामलों के आरोपी भी अदालत से बाइज्जत बरी हो जाते हैं। कोई केस जितने लंबे समय तक अदालत में पेडिंग रहता है उसका फैसला उतना ही कमजोर तरह का आता है। यदि अदालत से केस के लिए तारीख पर तारीख ली जाती रहती है तो उसका रिजल्ट भी अच्छा नहीं आता है। इस दौरान मामले से जुड़े अधिकारियों का तबादला हो जाता है, कई गवाह मर चुके होते हैं तथा सबूत खो जाते हैं। न्याय व्यवस्था अभी भी तेज गति से काम नहीं कर रही है जिसका नतीजा अपराधियों के बरी हो जाने के तौर पर सामने आता है। कई बार अनेक वकील भी मामलों में देरी से फैसला करवाने के लिए जिम्मेदार होते हैं वो केस को लंबित करते चले जाते हैं। यदि पुलिस पर्याप्त सबूतों के साथ केस फाइल करे और अदालत जल्द फैसला सुनाने पर आमादा हो तो आरोपी छूटने नहीं पाएंगे। कई बार पुलिस की जांच पड़ताल में कई खामियां रह जाती है। इसका पूरा लाभ अपराधियों को मिलता है। अपराधियों के बरी होने से आम जनता का न्याय तथा प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास टूटता है। व्यवस्था में विश्वास बहाल करना जरूरी हो गया है।

-**प्रियंका सौरभ,** हिसार

### टैक्स की चोरी

**इस साल** आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए अब तक करीब 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने रिटर्न दाखिल कर दिया है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में डेढ़ परसेंट लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किया है। इस संख्या को लेकर आयकर विभाग बहुत खुश है। जबकि बड़े शहरों में और कस्बों तक में कई-कई बंगले करोड़ों रुपए के बनाए हुए खरीदे जा रहे हैं! लोग एक करोड़ रुपए तक की कार खरीद रहे हैं और शाही जिंदगी जीने वाले लोगों की संख्या भी कम नहीं हैं। इनमें अधिकतर उच्च सरकारी अधिकारी, अनेक नेता, अधिकांश सांसद व विधायक शामिल हैं। इसके बावजूद मात्र डेढ़ परसेंट लोगों द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल किया जाना और उसमें से भी लगभग 30 प्रतिशत लोगों द्वारा अपनी आय छूट की सीमा के भीतर बताकर टैक्स नहीं भरने की हालत में भी आयकर विभाग क्यों खुश है? सिर्फ महंगी कारें और विदेश में यात्रा करने वाले, महंगे बंगले खरीदने वाले लोगों की ही जांच पड़ताल की जाए तो बड़ी मात्रा में आयकर चोरी पकड़ में आ सकती है। खेती भी टैक्स चोरी का बड़ा माध्यम है, इसलिए इस क्षेत्र को भी आयकर के दायरे में लाना चाहिए।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### गांवों का हाल

**देश** में आज गांवों का हाल बेहद खस्ता है। रोजगार की तलाश में आधे से ज्यादा ग्रामीण आबादी शहरों की तरफ रोजगार के लिए पलायन कर रही है। इससे शहरों पर भी खासा दबाव पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए केंद्र व राज्य सरकार को भी ग्रामीण विकास की ठोस नीति बनाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। इस संदर्भ में खेती के आधुनिक तौर-तरीके अपनाना भी प्रमुख तत्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानों को दी गई यह सलाह उचित है कि उनको यूरिया का कम इस्तेमाल करना चाहिए और जैविक खेती को अपनाना चाहिए। इसके लिए जहां किसानों को प्रयास करना होगा, वहीं सरकार की भूमिका यह होनी चाहिए कि वह जानकारियां और संसाधनों का इंतजाम करे। देश-प्रदेश की खेती को विश्वस्तरीय बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। इसमें अर्थशास्त्री, प्रबंधन विशेषज्ञ, कृषि वैज्ञानिक, व्यापारी, आदि शामिल हैं। सरकार को उन 85 प्रतिशत छोटे व सीमान्त किसानों पर खास ध्यान देना चाहिए जिनके पास दो हेक्टर से भी कम जमीन है और उनके लिए जीवनयापन कठिन है।

- **राहुल उपाध्याय,** बलिया

### आबकारी नीति

**दिल्ली** की मेट्रो अर्थॉरिटी ने करीब एक माह पूर्व मेट्रो में 2 बॉटल शराब ले जाने की छूट दी थी। किन्तु हाल ही में आबकारी विभाग ने नियमों का हवाला देते हुए केवल एक सीलबंद बॉटल ले जाने की बात कही है। एक तरफ देश में अनेक जगह शराबबंदी की मांग हो रही है और कुछ प्रदेशों में शराबबंदी लागू भी है। दिल्ली में कभी नई शराब नीति लागू कर दुकानों पर शराब बिक्री की अनुमति दी जाती है तो कभी मेट्रो में 2 बॉटल सीलबंद शराब ले जाने की छूट दी जाती है। सरकार को शराब की बिक्री से भारी मात्रा में राजस्व मिलता है और अधिकांश राज्य सरकारें उसे छोड़ना नहीं चाहती हैं। दूसरी ओर सरकार नैतिकता व आदर्श के आधार पर मद्यनिषेध भी करना चाहती है। आदर्श रूप से केन्द्र व देश की सभी राज्य सरकारों को समान आबकारी नीति की ओर आगे बढ़ना चाहिए। वैसे संतुलित व अनुशासित ढंग से मदिरापान की शिक्षा देने में समाज की बड़ी भूमिका है जिसके बिना अनेक दुर्घटनायें, अपराध तथा महिलाओं से छेड़खानी जैसी घटनायें होती हैं। लत व शौक में अंतर करना जरूरी है।

- **महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

# कारगिल के समय विश्व ने किया था भारत की सैन्य शक्ति का एहसास

## योगी ने कारगिल में शहीद हुए योद्धाओं को दी श्रद्धांजलि, परिजनों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध विषम परिस्थितियों में लड़ा गया था। मई 1999 में प्रारंभ हुआ यह युद्ध 26 जुलाई को औपचारिक कारगिल विजय दिवस के रूप में घोषित कर घुसपैठिए पाकिस्तानी सैनिकों को भारत की धरती से खदेड़ने में हमें सफलता प्राप्त हुई थी। वैश्विक मंच पर दुनिया ने एक बार फिर से भारत की सैन्य ताकत का अहसास किया था। 1999 में कारगिल, इसके पूर्व के सभी युद्धों व इसके उपरांत भी सीमाओं की रक्षा करने वाले भारत मां के वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के सदस्यों का अभिनंदन करता हूं, जो परिवार के सदस्यों को खोने के बाद भी मातृभूमि के प्रति बिना डिगे, बिना झुके इसे निरंतर बढ़ा रहे हैं।



मुख्यमंत्री बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। सीएम ने कारगिल में शहीद हुए योद्धाओं की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही पूरे प्रदेशवासियों को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। सीएम ने कहा कि आज नए भारत में हम पीएम मोदी के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। यह नया भारतए जिसमें हर नागरिकों को सुरक्षा की गारंटी है। जिस भारत में आतंकवाद, नक्सलवाद व घुसपैठ की जगह नहीं है। हर व्यक्ति को समान रूप से जीवन जीने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। देश के विकास के लिए न केवल केंद्र व राज्य सरकारें, बल्कि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर कार्य करते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन सभी तबके तक पहुंच रहे हैं, जो आजादी के बाद उपेक्षित थे। सीएम ने कहा कि देश की आंतरिक व वाह्य सुरक्षा के लिए भारत मां के सपूतों का बलिदान अमूल्य है। हम सभी के लिए अविस्मरणीय व राष्ट्र के लिए अभिनंदनीय है, लेकिन प्रदेश सरकार ने उनके परिवारजनों के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करते हुए देश या आंतरिक सुरक्षा में शहीद होने वालों के परिजनों को 50 लाख रुपये व एक सदस्य को उप्र शासन में सेवा का अवसर देने व उनके नाम पर कोई संस्थाए मार्ग का नामकरण की व्यवस्था छह वर्ष में लागू की है।

# प्रदेश में होम्योपैथ के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाने के लिए योगी सरकार सभी तरह की चिकित्सा पद्धतियों को महत्व दे रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में होम्योपैथ के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान की जा रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूपए प्रदेश में राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण व अन्य लंबित महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए सरकार की ओर से वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन पीजी छात्रावास के लिए निर्माण कार्य राशि के तौर पर सरकार ने 1.85 करोड़ रुपए की तीसरी किस्त जारी की है तो वहीं, कानपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू होम्योपैथी कॉलेज व प्रयागराज स्थित राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज समेत लखनऊ के राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वाह्य व अंत: रोगी विभाग के सुदृढ़ीकरण समेत कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को कराए जाने के लिए भी चार करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कानपुर, प्रयागराज व लखनऊ के होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में कुल 24 वृहद निर्माण कार्यों को मूर्त रूप दिया जाना है।

# लोगों में बढ़ी है धार्मिक भावना, सदाचार व आत्मानुशासन पर देना होगा जोर: योगी

- सीएम ने वृंदावन के रामकृष्ण मिशन चैरिटेबल अस्पातल में कैंसर रोगियों के लिए पीईटी सीटी स्कैनर मशीन का किया उद्घाटन
- मुख्यमंत्री ने मथुरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकाप्टर से सर्वेक्षण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ मथुरा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रामकृष्ण मिशन चैरिटेबल अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए पीईटी सीटी स्कैनर मशीन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज जब एक तरफ रोग बढ़े हैं तो ये जरूरी हो जाता है कि हमें स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना होगा। प्रदेश सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है और धर्मार्थ संस्थाएं व वित्तीय एवं औद्योगिक संस्थाएं भी इस दिशा में प्रयास करें तो आम आदमी के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कोटक महिन्द्रा ग्रुप को सीएसआर फंड के तहत पीईटी मशीन प्रदान करने की तारीफ करते हुए अन्य वित्तीय और औद्योगिक संस्थाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। जिस पीईटी सीटी स्कैनर को यहां उपलब्ध कराया गया है, वो सुविधा आसपास के जनपद में उपलब्ध नहीं है। इससे गरीब मरीजों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। मथुरा पहुंचे सीएम योगी ने यहां बांके बिहारी मंदिर में दर्शन पूजन किया साथ ही अधिकारियों के साथ क्राउड और ट्रैफि क मैनेजमेंट को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

रामकृष्ण मिशन चैरिटेबल अस्पताल में अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत परिवर्तन हुआ है। पहले कोई गरीब व्यक्ति कैंसर, हृदय, किडनी रोग या किसी और गंभीर बीमारी से पीड़ित होता था तो उसके लिए उपचार कराना बहुत कठिन होता था। मगर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के जरिए आज गरीब व्यक्ति को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 3400 करोड़ की राशि आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीबों को इलाज के लिए प्रदान की गई है। आज उत्तर प्रदेश में 75 में से 72 जिलों में फ्री डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। पहले केवल 36 जनपदों में आईसीयू बेड की सुविधा थी आज प्रदेश के हर जिला अस्पताल में आईसीयू की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा सुदूर गांव में भी टेली कंसल्टेंसी के जरिए डॉक्टरी परामर्श उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम पिछले 150 वर्ष से अपने संस्थापक स्वामी विवेकानंद के 'नर सेवा, नारायण सेवा' की प्रेरणा को आधार मानकर मानव सेवा का कार्य कर रहा है। जिसे समाज दरिद्र मानता है, उसे नारायण मानकर उसकी सेवा में रामकृष्ण मिशन के संन्यासीगण जुटे हुए हैं। अगर हम सच्चे अर्थों में धार्मिक हैं तो हमें स्वयं के प्रति, समाज और राष्ट्र के प्रति ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा। और यह कार्य पिछले 150 साल से रामकृष्ण मिशन लगातार करता रहा है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि वे ही जीवित है, जो औरों के लिए जीवित है। इंसान में संवेदना नहीं है तो मानव को दानव बनने में देर नहीं लगती। जो शिव की सेवा करना चाहता है उसे शिव के संतानों और प्राणी मात्र की सेवा करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृंदावन के रज-रज में श्रीकृष्ण का वास है। इस पावन भूमि पर देश दुनिया से श्रद्धालु आते हैं। आज यूपी में सबसे ज्यादा पर्यटक आ रहे हैं। पहले गोवा नंबर एक पर था और उत्तर प्रदेश तीसरे नंबर पर। मगर बीते साल 80 लाख पर्यटक गोवा गए और काशी में 7 करोड़ श्रद्धालु आए। बृज क्षेत्र में 6 करोड़ श्रद्धालुगण पहुंचे। ये दिखाता है कि आज लोगों के मन में धार्मिक भाव बढ़ा है। लोग धर्म के साथ जुड़ना चाहते हैं। धर्म को अंतरूकरण की पवित्रता का माध्यम तो बनना ही चाहिए।

हरियाणा के हथिनी बैराज और ओखला बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा जिले में यमुना उफान पर हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से सर्वेक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ के हालत के मद्देनजर राहत एवं बचाव से संबंधित सभी आवश्यक उपाय करने के लिए निर्देशित किया। यमुना में बाढ़ के कारण हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। सीएम ने अधिकारियों को जल्द से जल्द नुकसान का आंकलन करते हुए प्रभावित लोगों को आर्थिक मदद के लिए निर्देशित किया है।

इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के स्वामी तत्वविद्यानंद जी महाराज, स्वामी सुप्रकाशानंद, स्वामी काली कृष्णानंद, कोटक महिन्द्र के आर वरदराजन, प्रदेश के गन्ना विकास चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, पूर्वमंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक मेघश्याम, बलदेव पूरन प्रकाश, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सीएम ने बांके बिहारी मंदिर में किया दर्शन-पूजन

**मुख्यमंत्री** ने मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की जनता के कल्याण की कामना की। इसके अलावा मथुरा में धार्मिक पर्यटन में हुई अप्रत्याशित बढ़ोतरी के चलते शहर में बढ़ी भीड़ को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि बीते साल 6 करोड़ से ज्यादा लोग बृज क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन के लिए आए हैं। भीड़ बढ़ने के कारण बांके बिहारी मंदिर के आसपास दर्जनों गलियों में अव्यवस्था की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता देने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा ट्रैफि क मैनेजमेंट को लेकर भी सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सात अगस्त से शुरू होगा विधानसभा का मानसून सत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सात अगस्त से शुरू होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने बुधवार को बताया कि उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा को उसके वर्ष 2023 के द्वितीय सत्र के लिए सोमवार 7 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से आहूत किए जाने की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अनुमति प्रदान कर दी है। सत्र 11 अगस्त तक चलने की संभावना है। जानकारों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार इस सत्र में कुछ विधेयक और अध्यादेश भी पेश करेगी। विधानसभा की नई नियमावाली भी पेश की जा सकती है। करीब पांच दिन चलने वाले इस सत्र में सरकार द्वितीय वर्ष्ज्ञ 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी।

# सपा फ्रंटल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने समाजवादी फ्रंटल संगठन के निम्नलिखित प्रदेश अध्यक्ष घोषित किए है। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि, समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करन निर्मल, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा एवं समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा मऊ नामित किए गए है। इस सम्बन्ध में सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि नवनियुक्त फ्रंटल संठन के प्रदेश अध्यक्षों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे शीघ्र ही प्रदेश पदाधिकारियों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें।

# टाउनशिप का निर्माण करने वाले निजी डेवलपर्स को मिलेंगे इंसेटिव्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नई** टाउनशिप पॉलिसी 2023 के तहत निवेश करने वाले निजी विकासकर्ताओं को योगी सरकार विभिन्न तरह के इंसेंटिव्स प्रदान करेगी। ऐसे विकासकर्ताओं को सबसे बड़ी राहत भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में मिलेगी। 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम आबादी वाले नगरों में टाउनशिप बनाने पर भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में 25 प्रतिशत जबकि 5 लाख से कम आबादी वाले नगरों में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में शहरीकरण की नई चुनौतियों को देखते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को अफ ोर्डेबल हाउसिंग मुहैया करानेए शहरों के पेरीफेलर क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को नियंत्रित करने, शहरी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ ही निवेश जुटाने के लक्ष्य के साथ योगी सरकार ने इस नीति का निर्धारण किया है। नीति के तहत टाउनशिप के विकास के लिए निजी विकासकर्ता पात्र होंगे। नीति के अनुसार टाउनशिप का क्षेत्रफ्ल 50 एकड़ से कम होने पर केवल आवासीय उपयोग में ही अनुमति प्रदान की जाएगी। वहीं टाउनशिप का क्षेत्रफल 50 एकड़ या इससे अधिक होने पर कृषि उपयोग में भी अनुमति प्रदान की जाएगी, जिसके लिए नियमानुसार आवासीय में भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जाएगी।

# अनियमितता व लापरवाही में एक अधीक्षण व दो अधिशासी अभियंता सहित 9 पर कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की विद्युत व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त एवं उपभोक्ताओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील बनाने का प्रयास उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा लगातार जारी है। इसी उद्देश्य के तहत विद्युत बिल संशोधन में अनियमितता तथा विद्युत संयोजन देने में विलंब के दो अलग-अलग मामलों में एक अधीक्षण अभियंता, दो अधिशासी अभियंता, दो उपखंड अधिकारी तथा एक अवर अभियंता सहित 9 कार्मिकों पर उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष एम. देवराज द्वारा कार्रवाई की गई है।

पहला प्रकरण पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत महाराजगंज जनपद का है। जहां बिल संशोधन की शिकायतों की जांच में दोषी पाए जाने पर वहां तैनात अधिशासी अभियंता हरिशंकर की पेंशन से 3 प्रतिशत की कटौती के आदेश दिए गए हैं। इसी प्रकरण में ईश्वर शरण सिंह उपखंड अधिकारी की परि निंदा एवं एक वेतन वृद्धि रोकी गई है तथा तीन कार्यालय सहायकों को परिनिंदा तथा एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए गए हैं। दूसरा प्रकरण गोरखपुर का है। यहां इंडियन आयल कारपोरेशन को विद्युत संयोजन देने में विलंब के आरोप में अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र को परिनिंदा तथा उनके मूल वेतन को एक कोस्थिका नीचे करने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकरण में अधिशासी अभियंता चंद्रशेखर, उपखंड अधिकारी चंद्रभान चौरसिया तथा अवर अभियंता प्रिंस पाठक को परिनिंदा तथा एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए गए हैं।

पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम. देवराज का कहना है कि शासन की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति निगम में लागू है। उपभोक्ताओं की समस्याओं और कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# वर्षा के बाद पैच रिपेयर, विशेष मरम्मत का कार्य अभियान चलाकर पूर्ण कराएं: जितिन

- पीडब्ल्यूडी मंत्री स्वयं निर्माणाधीन परियोजनाओं के वित्तीय, भौतिक प्रगति की हर महीने करेंगे समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृत बजट को तत्काल खर्च करें। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग समय से किया जाय। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों की उच्च अधिकारी नियमित समीक्षा करें। मंत्री जितिन प्रसाद ने वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों के संबंध में निर्देश दिया है कि क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुल पुलियों की सूची तैयार ली जाए, ताकि मानसून के तत्काल बाद रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण कराया जा सके, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं मिलनी चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिया कि विगत माह की वित्तीय, भौतिक प्रगति के सम्बंध में प्रत्येक माह की 10 तारीख़ को अधीक्षण अभियंता स्तर पर जबकि 15 तारीख़ को मुख्य अभियंता के स्तर पर बैठक करें। इसके साथ ही वह स्वयं भी हर महीने परियोजनाओं की वित्तीय भौतिक प्रगति के सम्बंध में समीक्षा करेंगे। लोक निर्माण मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि स्वीकृत बजट से होने वाले विकास कार्यों को तत्काल पूरा कराएँ ताकि विकास कार्यों के लिए और बजट जारी किया जा सके। निर्माण कार्यों पर अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय का प्रतिशत कम होने के संबंध में निर्देश दिया है कि निर्माण कार्यों की प्रगति और अधिक बढ़ायी जायए जिससे चालू कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जा सके और आम जनमानस को उसका तत्काल लाभ मिल सके। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माणाधीन कार्यों की अनुबंध में दिए गए माइलस्टोन के अनुसार प्रगति सुनिश्चित कराएँ, यदि माइलस्टोन के अनुसार प्रगति नहीं हो रही है तो सम्बंधित कांट्रैक्टर के विरुद्ध कार्यवाही करें, इसके साथ ही संबंधित अधिकारी की लापरवाही पाए जाने पर उसकी भी जवाबदेही तय की जाय। यदि किसी परियोजना में धीमी प्रगति पायी गई, तो उनसे सम्बंधित अधिकारी एवं ठेकेदार की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जाय।

# इण्डिया गठबंधन बनने से भाजपा में घबराहट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इण्डिया गठबंधन बनने से भाजपा में घबराहट है। इंडिया गठबंधन भाजपा का यूपी के साथ ही पूरे देश में सफाया करेगा। इस इंडिया गठबंधन में समग्रता है। हमारी मिली-जुली संस्कृति है। हम लोग सबको जोड़कर साथ लेकर चलेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतंत्र बचाने वालो और संविधान, लोकतंत्र खत्म करने वालों के बीच मुकाबला है। इंडिया और पीडीए का मुकाबला एनडीए और भाजपा नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ देश के लोकतंत्र और संविधान के बचाने वालों का इंडिया गठबंधन है। दूसरी तरफ भाजपा है, जो संविधान और लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग डरे हुए है। उनकी भाषा बदल गई है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। आरएसएस की विभाजनकारी और भाजपा की वोट की नीति के कारण मणिपुर जल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोग भारत को भारत माता, गंगा मां बोलते है। उसी समाज में मणिपुर से माताओए बहनों की जो तस्वीर आयी है, वह सभ्य समाज के लिए कलंक है। इस तरह की घटनाएं कभी स्वीकार्य नहीं हो सकती हैं। भाजपा नेताओं को इंडिया और विपक्ष पर बोलने से पहले मणिपुर की घटना पर जवाब देना चाहिए। भाजपा ने मणिपुर में पूरे समाज में जहर घोला है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है और एक भी जिला अस्पताल नहीं बनाया है। अभी ये लोग सीएचसी बेच रहे हैं आगे अस्पताल भी बेच देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विभागों में इतना भ्रष्टाचार कभी नहीं था। सरकार ने विभागों के भ्रष्टाचार का आंकलन कराया तो पता चला कि पुलिस विभाग सबसे भ्रष्ट है। पुलिस की भाषा और व्यवहार देखकर पता चलता है कि पुलिस इतनी निरंकुश कभी नहीं थी जितना भाजपा सरकार में हो गयी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अखिलेश यादव ने कहा कि कांवड़ियों की मौत प्रदेश सरकार और बिजली विभाग की लापरवाही से हुई। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। कांवड़ियों की मौत दुखद है। सरकार को कांवड़ियों की मौत पर उनके परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजा और सरकारी नौकरी देनी चाहिए। सरकार ने जिन कांवड़ियों पर फूल बरसाया था उनकी मौत पर मुआवजा और नौकरी क्यों नहीं दे रही है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री को कुछ जानकारी नहीं है।

# बसपा के पूर्व जिला सचिव समर्थकों सहित आम आदमी पार्टी में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दिल्ली** की अरविंद केजरीवाल सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में बाराबंकी जनपद के बसपा के पूर्व जिला सचिव रामसहाय गौतम, राम अवध, बहराइच से ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उमेश शुक्ला, राहुल सैनी कई लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की अगुवाई में विभिन्न जनपदों से आए लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों और सिद्धांतों के कारण आज आम आदमी पार्टी देश में सबसे लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है और यह हमारा सौभाग्य है की सैकड़ों की तादाद में देश के सम्मानित, शिक्षित एवं अपने सकारात्मक कार्यों से जनता को लाभ पहुंचाने वाला वर्ग आम आदमी पार्टी की सदस्यता ले रहा है। सभाजीत सिंह ने कहा कि देश में आम आदमी पार्टी ने शिक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, चिकित्सा, महिला सुरक्षा के क्षेत्र में जो सार्थक कार्य किए हैं वह आप से पहले किसी राजनीतिक दल ने नहीं किए और यही वजह है कि लोगों ने इस बात को परख लिया कि भविष्य में उनके लिए आम आदमी पार्टी की नीतियां, आदर्श, सिद्धांत ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

# 'मेरी माटी-मेरा अभियान' के तहत आयोजित हों विभिन्न कार्यक्रम

- 30 अगस्त को दिल्ली में होगा अभियान का समापन कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत 9 अगस्त से 30 अगस्त तक गांव से लेकर शहरों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में लाखों गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और नायकों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाएं और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाए।

मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की सुविधानुसार आगामी 25 अथवा 26 अगस्त को सीजी सिटी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा और सीजी सिटी में 7500 पौधों का रोपण भी किया जायेगा। 30 अगस्त को दिल्ली में इस अभियान का समापन कार्यक्रम होगा। इसके साथ-साथ देश के सभी गांवों से मिट्टी दिल्ली लाई जाएगी और उससे कर्तव्य पथ पर एक उद्यान बनाया जाएगा, जिसे अमृत वाटिका नाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत 9 अगस्त को ग्राम पंचायत व स्थानीय निकाय स्तर पर कार्यक्रमों के लिये स्थल चयन की कार्यवाही समय से पूरी कर ली जाए। स्थल चयन में अमृत सरोवर को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए। अमृत सरोवर न होने पर पंचायत भवन, विद्यालय आदि का चयन किया जाए। इस दिन कार्यक्रम स्थल पर एक शिलाफल कम (शिलापट) स्थापित किया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और नायकों के नाम अंकित किए जाएं। इस कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले लोग एक-एक मुट्ठी मिट्टी लेकर एकत्रित होंगे और पंच प्रण की शपथ लेंगे। प्रत्येक गांव में एक स्थान चिन्हित कर 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका विकसित किया जााए। 15 अगस्त को पुन: स्मारक स्थल पर एकत्रित होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए और राष्ट्रीय गान किया जाए। उन्होंने कहा कि एकत्रित की गई मिट्टी को कलश में लेकर युवा मंगल दल, महिला मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र, स्काउट गाइड, एनसीसी एवं अन्य संस्थानों के युवा अपने-अपने ब्लाक पर एकत्रित होंगे। मिट्टी कलशों को सुसज्जित वाहनों के माध्यम से 27 अगस्त को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचाना होगा। ग्राम स्तर से ब्लाक स्तर पर मिट्टी के कलश यात्रा का रूट इस प्रकार से तय किया जाए कि वह सभी गांवों से होकर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 15 अगस्त के लिए भारत सरकार ने तिरंगे पर ध्यान केंद्रित किया था। इस वर्ष मातृभूमि को नमन करते हुए देश की माटी पर ध्यान केंद्रित किया जाना है। इसी अवधारणा से हम अपनी आजादी का श्रेय उन लोगों को देंगे जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमारी मातृभूमि वह धन्य भूमि है जिसने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान देने वाले वीरों को जन्म दिया है। इस भूमि में पैदा होने के कारण हम भी इस भूमि से जुड़े हुए हैं और देशभक्ति की भावना मिट्टी और इसके लोगों में व्याप्त हो।

# अटल आवासीय विद्यालयों के परिसर को जीरो वेस्ट कैम्पस बनाया जाए: मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पशुधन, संस्कृति, श्रम, राजस्व आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

अटल आवासीय विद्यालयों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय परिसर में चयनित बच्चों व उनके अभिभावकों को बुलाकर सेंसटाईज किया जाए और वृक्षारोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। उद्घाटन से पूर्व सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सभी कमियों को दुरुस्त करा लिया जाए। सभी विद्यालयों में विधिवत ड्रेनेज, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, एसटीपी आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। परिसर को जीरो वेस्ट कैम्पस बनाया जाए। गौआश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थलों के माइक्रो मैनेजमेंट की समीक्षा जिलाधिकारी स्तर पर की जाए। खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की जवाबदेही नियत की जाए। सभी गायों के लिए भूसा, चारा, पशु आहार की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। सभी गौवंश स्वस्थ रहें, इसके लिए उनका मासिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शेड बनवाए जाएं। आश्रय स्थल में जल भराव की समस्या हो तो उसे दूर कराया जाए। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई से 25 अगस्त तक 45 दिवसीय गोचर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर वहों पर बहुवर्षीय हरा चारा, नैपियर ग्रास, बबूल आदि की बुवाई अभियान चलाकर करायी जाए। गो-पेंट मॉडल को अपनाने पर विशेष बल दिया जाए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद में स्थापित सभी कण्ट्रोल रूम को यथासंभव एक ही भवन में स्थापित किया जाये। सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में क्रियाशील पब्लिक एड्रेस सिस्टम को स्थापित कराएं। इन्हें अर्ली वार्निंग सिस्टम से जोड़ा जाए। राहत आयुक्त कार्यालय से जनपद को प्राप्त होने वाले मौसम अलर्ट को सम्बन्धित ग्राम व शहर में प्रसारित कर लोगों को अलर्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि हर जनपद में समस्याओं की प्रकृति व प्रकार अलग-अलग होते हैं। जनशिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापरक निस्तारण व संतुष्टि के स्तर को बढ़ाने के लिए प्राप्त शिकायतों को वर्गीकृत कर विश्लेषण किया जाए

विश्लेषण के अनुरूप ही रणनीति तैयार की जाए और जनपद में उपलब्ध मैनपावर व रिसोर्सेस का उपयोग किया जाए। जिन क्षेत्रों से ज्यादा समस्यायें प्राप्त हो रही हैंए वहां अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर उनका निस्तारण कराया जाए।

# अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा को नमन करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

- कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीद को किया गया नमन

**संवाददाता।** सीतापुर

**कारगिल** युद्ध में अपने अदम्य साहस और हौसलों से विपरीत परिस्थितियों में भी विजय हासिल कर अपनी क्षमता का लोहा मनवाने वाले मां भारती के अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय को कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कैप्टन मनोज पांडेय की जन्म स्थली ब्लाक कसमंडा की ग्राम पंचायत छरासी मजरा रूढ़ा में कारगिल हिल के महानायक परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय की प्रतिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, सिधौली विधायक मनीष रावत ,प्रधान प्रतिनिध रूढा नवनीत मिश्रा ,व सेना के रिटायर्ड अधिकारी व जवानो ने सहीद की प्रतिमापर माल्यार्पण करते हुए उन्हे नमन किया। इस दौरान कैप्टन मनोज कुमार पांडेय अमर रहे , भारत माता की जय के नारों से समूचा क्षेत्र गुंजाएमान हो उठा। अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय को याद कर नमन करते हुए एक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमर बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष संजय, करुणाशंकर त्रिपाठी,,महामंत्री विश्राम सागर राठौर, महामंत्री दीपू भार्गव, जिला उपाध्यक्ष महिलामोर्चा आशा शर्मा, अशोक मिश्रा,विपिन तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, मेहुल कुमार यादव, उमेश सिंह, शंदीप शुक्ला,रवीप्रकाश सिंह, अनुज पाण्डेय, प्रताप यादव, सतीश मिश्रा,पूर्व प्रधान इशरार अहमद खान,अरविंद तिवारी,राकेश यादव, परवेज खान,अभय सिंह चौहान, प्रधान विनोद प्रकाश मौर्या,नवागांव सहायक विकास अधिकारी पंचायत कसमण्डा ओमेन्द्र सिंह, ग्रामपंचायत अधिकारी शुसील कुमार यादव, मनोज कुमार यादव आदि ने पुष्प अर्पित करके शहीद को नमन किया। वैसे तो कारगिल के युद्ध की गाथा काफी लंबी है। करीब तीन माह तक चले इस युद्ध में देश के कई सैनिकों ने अपनी जान गवाई थी। लेकिन इस पूरी जंग में एक अहम भूमिका टाईगर हिल की भी रही। इसी टाईगर हिल पर कैप्टन मनोज पांडेय टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। बता दें कारगिल हिल के महानायक अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय का जन्म 25 जून 1975 को सीतापुर के जनपद के रुढ़ा गांव में हुआ था। मनोज पांडेय का जन्म नेपाली क्षेत्रीय परिवार के पिता गोपीजंद पांडेय के घर हुआ। मनोज की शिक्षा सैनिक स्कूल लखनऊ में हुई वहीं से उनमें अनशासन भाव तथा देश प्रेम की भावना संचारित हुई जो उन्हे सम्मान के उत्कर्ष तक ले गई। इन्हे बचपन से ही वीरता और सत्चरित्र की कहानियां उनकी मां मोहिनी पांडेय सुनाया करती थी। और मनोज पांडेय का हौसला बढ़ाती थी कि वह हमेशा जीवन के किसी भी मोड़ पर चुनौतियों से घबराए नहीं और हमेशा सम्मान तथा यश की परवाह करे। इंटर मीडियट की पढ़ाई पूरी करने के बाद मनोज ने प्रतियोगिता में सफल होने के पश्चात पुणे के पास हड़क वासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा आकादमी में दाखिला लिया। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वह 11 गोरखा राइफल्स रेजीमेंट की पहली वाहिनी के अधिकारी बने। कारगिल युद्ध के दौरान उन्होने पाकिस्तानी सेना को उनकी सीमा में खदेड़कर विजय पताका फ्हराई थी। वह तारीख 26 जुलाई ही थी तभी से प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाने लगा है।

## मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल

**सीतापुर।** सीतापुर के नगर बिसवां में ताजिया खरीदने के दौरान पैसों के लेन देन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बड़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डण्डे भी चले, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी बिसवां भेजा है। पूरा मामला क्या है उसे जानने से पहले आई इंडिया आपको वह वीडियो दिखा रहा है जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे पर लाठी डण्डों से वार किया जा रहा है।

वीडियो देखकर आप समझ सकते हैं कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डण्डे चले जिसमें महिलाएं और युवक लड़ते झगड़ते नजर आ रहे है। दरअसल बुधवार को थाना सदरपुर क्षेत्र के धामीसरायं निवासी देशराज दिलीप, मुनीम और सैलीन आदि थाना कोतवाली बिसवां क्षेत्र के थवईटोला में ताजिया खरीदने पहुंचे थे यहां आपस में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि दशहरा मैदान के पास लाठी डण्डों से मारपीट होने लग गई।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा

- जिलाधिकारी ने खराब प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जेई को कारण बताओ नोटिस जारी
- विद्युत संबंधी किसी भी शिकायत या सूचना हेतु 1912 पर करें संपर्क



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलान, मदनापुर, पुवायां, तिलहर सहित अन्य क्षेत्रों में लाइन लॉस अधिक होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने मुहिम चलाकर विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए । उन्होंने सकल तकनीकी एवं वाणिज्य घाटों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लाइन लॉस तथा बिल भुगतान में देरी व लापरवाही से हो रहे घाटे से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी ने खराब प्रदर्शन वाले जेई को चिन्हित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता जे पी वर्मा को दिए। उन्होंने जेई द्वारा किए कार्यों की समीक्षा करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने जेई के मूवमेंट रजिस्टर भी बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता से कहा कि जेई के कार्यों का औचक निरीक्षण भी करें।उन्होंने विद्युत बिलों में आ रही अनियमितताओं पर भी चिंता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने विद्युत मीटर में आ रही कमियों पर भी नजर रखने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिए।

अधीक्षण अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत संबंधी किसी भी शिकायत या सूचना हेतु 1912 पर संपर्क किया जा सकता है।

# डीएम ने स्कूल में किया पौधारोपण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने पौधा रोपण कर पर्यावरण को हरा भरा रखने का संदेश दिया । मोहल्ला भारद्वाजी स्थित ऑल सेंट्स स्कूल में उत्तर प्रदेश वृक्षारोपण महाकुंभ योजना के अंतर्गत ष्सेव नेचर एंड ट्रीष् नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने भी विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण हेतु बच्चो द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट की विद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को जिलाधिकारी ने देखा, उन्होंने बच्चों बच्चों द्वारा पर्यावरण पर बनाए गए प्रोजेक्ट्स की सराहना की। इस दौरान जिलाधिकारी बच्चों से बनाए गए प्रोजेक्ट्स के विषय में प्रश्न भी पूछे, जिसका बच्चो ने बड़ी उत्सुकता के साथ जवाब दिया। जिलाधिकारी अपने संबोधन में प्रेरित करते हुए कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। जिलाधिकारी ने बच्चों को माननीय मुख्यमंत्री जी के वृक्षारोपण संकल्प के बारे में भी जानकारी दी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने को कहा। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षा रोपण करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चो को पुरस्कार भेंट कर प्रेरित भी किया जिसमे कार्तिक वर्मा, अमायरा, तन्मय अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, अगम सक्सेना, तन्मय प्रशांत, नूतन, ग्रंथ शिमाली, वैष्णवी आदि बच्चो को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन ने कहा हमें अपने किसी भी शुभकार्य की शुरूआत पौधारोपण के साथ करनी चाहिए, इससे हमें प्रकृति का आशीर्वाद मिलता है। ऑल सेंट्स की प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने बच्चो को आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती मां की रक्षा करने का संदेश दिया।

# सांख्यिकी आंकड़ों के संग्रह के लिए कलेक्ट्रेट पर आयोजित हुई कार्यशाला

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सॉख्यिकीय ऑकड़ों के संग्रहण हेतु कार्यशाला आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत काल में पीएम के एक भव्य एवं विकसित भारत निर्माण के प्रण तथा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर वालीअर्थव्यवस्था बनाये जाने की संकल्पना को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश में विकास के अलग अलग आयामों को बल प्रदान किये जाने के लिए समग्र रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। जिनका वास्तविक प्रतिबिम्ब विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त होने वाले आंकड़ों में भी होना जरूरी है। डीएम ने संगोष्ठी में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि जनपद में भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा समय- समय पर कराये जा रहे सर्वेक्षणों में अपने स्तर से अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

**सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न**-सेक्टरों के सकल मूल्य संवर्धन का आंकलन करने के लिए प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण संचालित हैं, जिनके लिए कार्यशाला और जागरूकता अभियानों का आयोजन करके संचालित सर्वेक्षणों के लिए विश्वसनीय आंकड़े संकलित करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से सभी हितधारकों से अपील है कि सर्वेक्षण कर्ताओं को वांछित सही ऑकड़ें देकर उनको सहयोग प्रदान करें। कार्यशाला का उद्देश्य वास्तविक स्थिति के अनुरूप सही ऑकड़ें संग्रहित करके उत्तर प्रदेश को 卐वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना और राष्ट्र निर्माण में योगदान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में हो रहे निवेश विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन, निर्माण, सेवा क्षेत्र व्यापार आदि क्षेत्रों में सम्बन्धित विभागों द्वारा किये जा रहे योगदान का ससमय एवं सही आंकलन इन सर्वेक्षणों के माध्यम से अत्यन्त आवश्यक हैं। इसके लिए सम्बन्धित सेक्टर से जुड़ी सभी इकाईयाँ एवं उनके उत्पाद से जुड़े ऑकड़ों के आंकलन करने वाले सम्बन्धित विभागों को सवेदीकरण करने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सहायक श्रमायुक्त एके सिंह को निर्देश दिये कि उद्यमियों के उद्यम पंजीकरण हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाये। उप निदेशक, (अर्थ एवं संख्या) लखनऊ मण्डल ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने के सम्बन्ध में ऑकड़ों की गुणवत्ता पर विशेष अपील की।

# सफलता के लिए योग्यता के साथ संप्रेषण कला आवश्यक : देवल

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**एस** एस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में एम कॉम के छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शहीद भगत सिंह कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित देव ने बोलते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए केवल योग्यता ही काफी नहीं होती अपितु कुशल संप्रेषण कला भी आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि बहुत से छात्र विद्वान होते हैं किन्तु साक्षात्कार के समय वह बोल नहीं पाते हैं इसलिए उनका चयन नहीं हो पाता है । अपने ज्ञान को प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित करना सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने यह भी कहा शिक्षक बनने के बाद कक्षाओं में भी वही शिक्षक लोकप्रिय होता है जो छात्रों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहता है । अच्छा शिक्षक बनने के लिए भी अच्छा वक्ता होना आवश्यक है । इससे पूर्व डॉ कमलेश गौतम के संचालन में हुए अतिथि



व्याख्यान का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्पांजलि से हुआ। विभागाध्यक्ष डा अनुराग अग्रवाल ने मुख्य वक्ता डॉ देवल का परिचय देते हुए उन्हें सम्मानित किया। अंत में डा देवेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर डॉ गौरव सक्सेना, डॉके के वर्मा आदि शिक्षकों के अतिरिक्त 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक, डीएम ने मुख्य सेविका को दिया नियुक्ति पत्र

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बाल** विकास विभाग के तत्वावधान में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य सेविका नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम व 35 उत्कृष्ट कामकाज वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने किया।

कार्यक्रम में विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद के साथ आंगनबाड़ी से प्रमोशन पाकर मुख्य सेविका बनने वाली फूलमती को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। विधायक ने डीएम, सीडीओ के साथ जिले की बेहतर कामकाज वाली 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली मुख्य सेविकाओ को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि पूर्ण मनोयोग से काम कर विभाग के सभी पैरामीटर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करें। उन्होंने अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इनसे प्रेरणा लेकर इन्हीं की तरह काम करते हुए आगे बढ़ने की बात कही।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रमोशन से मुख्य सेविका बनी फूलमती व उत्कृष्ट काम काज वाली पुरस्कृत होने वाली सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपके कंधों पर समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक सम्यक निर्वहन करें। आगे भी अपने उत्कृष्ट कार्यों की निरंतरता को बरकरार रखें।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका और शानदार काम की सराहना की।

## बच्चे की नाक में फंसा नट, निकालकर बचाई जान



**संडीला( हरदोई )।** एक छोटे बच्चे की नाक में फंसे नट को निकालकर चिकित्साधीक्षक ने उसकी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बछीटा निवासी सर्वेश कुमार के 5 वर्षीय पुत्र यश प्रताप ने खेल खेल में अपनी नाक में एक से0मी0 चौड़ा नट डाल लिया जो उसके दाएं नथुने में अंदर जाकर फंस गया। इस कारण बच्चा सांस ले पाने में काफी कठिनाई महसूस कर रहा था। बच्चे के चाचा राजेश कुमार सिंह उसे लेकर सीएचसी लाए जहां चिकित्साधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य ने गंभीर प्रयास करके बच्चे की नाक से नट बाहर निकालने में सफलता प्राप्त कर ली। अब बच्चा पूरी तौर पर स्वस्थ है।

## पहला इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो संपन्न

कानपुर। 22 से 24 जुलाई तक आयोजित विश्व का अपनी तरह का पहला इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो 2023 कल शाम वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य और शानदार उत्सव के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध प्रमुख मोहन भागवत ने आईटीसीएक्स के संस्थापक प्रसाद लाड और गिरेश कुलकर्णी के साथ मिलकर किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम मेंए 32 देशों के 1098 प्रतिनिधि पर एकत्र हुएए जिन्होंने ज्ञान.साझाकरण के साथ ही नेटवर्किंग मंच पर भाग लेने और प्रस्तुत करने के लिए समान स्तर वार्ता में हिस्सा लियाए जिसमें मंदिर इकोसिस्टम के संगठनए प्रबंधन और प्रशासन पर बातचीतए सत्र और केस अध्ययन शामिल थे। गिरेश कुलकणी ने कहा कि यह अद्भुत पहल है, क्योंकि यह इस धारणा को तोड़ता है कि मंदिर इकोसिस्टम बीते युग से संबंध रखता है।

# पांच पराक्रमी कारगिल सैनिकों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को कारगिल शौर्य दिवस को जिलेभर में शौर्य दिवस मनाते हुए वीर जवानों को श्रद्धाजंलि दी गई। वहीं कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित शहीद स्मारक में डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्पचक्र चढ़ाकर नमन किया गया। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर बलि?दानि?यों को श्रद्धांजलि? अर्पि?त की। इस मौके पर डीएम ने कारगिल युद्ध में शामिल पराक्रमी 05 पूर्व सैनिकों (ऑनररी कैप्टन अकरम खान, ऑनररी लेफ्टीनेंट प्रेम कुमार, सुबेदार लखविंदर सिंह, नायक संदीप कुमार, और नायक खगेश्वर प्रसाद) को शील्ड एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आज का दिन सिर्फ जीत को याद करने का नहीं है, बल्कि सेना के उन जवानों की वीरता, शौर्य, और अदम्य साहस को याद करने का दिन है... जिनके सजदे में देशवासियों का सिर हमेशा से झुकता आया है। आज पूरी देश करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतो को याद कर रहा है। एडीएम संजय सिंह ने कहा कि कारगिल जैसा कठिन युद्ध होने के बाद भी देश के सैनिकों ने बहादुरी को परिचय देते हुए देश की सरहदों को दुश्मनों से मुक्त करवाया। सैनिकों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने पूरा देश आज 24 वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। 1999 में आज ही के दिन भारत ने दुनिया के सबसे दुर्गम युद्ध क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना को खदेड़ कर कारगिल युद्ध में जीत में हासिल की थी। यह खास दिन देश के उन वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने कई मुश्किलों का सामना करते हुए 26 जुलाई, 1999 को पाकिस्तानी सेना को करगिल से खदेड़ कर दुर्गम चोटियों पर विजय पताका फहरायी थी. करगिल विजय।

# बरेली बार ने अमर भारती एडवोकेट की पुण्यतिथि मनाई

**संवाददाता।** बरेली



**बरेली** बार एसोसियेशन के बड़ा वकालतखाना प्रांगण में अंगन सिंह अंगद एडवोकेट के संयोजन में बार एसोसियेशन के पूर्व सचिव स्वर्गीय अमर भारती एडवोकेट की पुण्य तिथि के अवसर पर बरेली बार एसोसियेशन के सदस्यगणो द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में अधिवक्तागण एकत्र हुए तथा उन्होंने अपने पूर्व दिवंगत सचिव व सर्वप्रिय साथी को पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके साथ व्यतीत हुये समय के कई वृतांतो की चर्चा की। इस अवसर पर सर्वप्रथम बरेली बार एसोसियेशन के वरिष्ठ सदस्य अनिल भटनागर एडवोकेट द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय अमर भारती एडवोकेट के साथ अपने अनुभव साथी अधिवक्ताओं के साथ साझा किये। वरिष्ठ सदस्य शशिकान्त शर्मा एडवोकेट द्वारा स्वर्गीय अमर भारती एडवोकेट के साथ गुजरे खट्टे-मीठे अनुभवों से साथियों को सार्वजनिक रूप से अवगत कराया। बार उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरिष कुमार मेहरोत्रा द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वर्गीय अमर भारती के साथ अपने संस्मरण साथी अधिवक्तागण के साथ साझा करे। अपने अनुभव साझा कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले अधिवक्तागणो में काजी जुबैर अहमद, नन्दन सिंह, संजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल तथा रामाश्रय राजा प्रमुख रहे। स्वर्गीय अमर भारती एडवोकेट को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले अधिवक्तागणो में धर्मवीर सिंह, दीपक पाण्डेय, प्रदीप कुमार सिंह यादव, सुनील मिश्रा, यशेन्द्र सिंह, धारा सिंह, अंकित सिंह, शंकर कुमार सक्सेना, संजय कुमार वर्मा, विजय कुमार, हुलासीराम, प्रवेन्द्र कुमार सिंह, दीन दयाल पाण्डेय, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग घटनाओं में चार ने खाया जहर, एक की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**अलग-अलग** घटनाओं ने चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिनमें से एक की मौत हो गई तीन लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है

मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मनकरा निवासी 30 वर्षीय हरपाल पुत्र रामसेवक को बीती रात जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया हरपाल की मां धर्मबती ने बताया कि उसने अपने दिव्यांग बेटे हरपाल का विवाह रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव कैमरी निवासी रेखा से किया था लेकिन विवाह के बाद से ही रेखा अधिकतर समय अपने मायके में ही रहती थी जिसके चलते पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था कुछ दिन पहले भी हरपाल ने जहरीला पदार्थ खाया था लेकिन उसकी हालत बिगड़ने से पहले ही डाक्टरों ने उसे बचा लिया इसके बावजूद रेखा फिर भी अधिकांश समय अपने मायके में ही रहने लगी जिसको लेकर मंगलवार को दोनों पक्षों में पंचायत के बाद समझौता हुआ कि रेखा बुधवार को मायके से ससुराल चली जाएगी हरपाल उसे उसी समय अपने साथ लाने की जिद पर अड़ा था लेकिन ऐसा नहीं हो सका तब हरपाल अपने घर वापस आ गया और रात में उसने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई घर वालों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी वहीं फरीदपुर के परा मोहल्ला निवासी देवेश और उसकी पत्नी रीना को भी इलाज के लिए पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और फिर जिला अस्पताल लाया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि देवेश का अपनी पत्नी रीना से कल शाम किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज देवेश में जहरीला पदार्थ खा लिया यह बात जब रीना को पता चली तो उसने भी जहरीला पदार्थ खा लिया दोनों की हालत बिगड़ने पर घर वालों ने उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है इसके अलावा सुभाष नगर थाना क्षेत्र की राजमहल गार्डन कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय वैभव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि वैभव तो कल शाम को उसके घर वालों ने किसी बात पर जमकर डांटा जिससे नाराज वैभव ने जहरीला पदार्थ खा लिया पता चलने पर घरवाले उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए और फिर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है

## महिला सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं से सीधा संवाद

**ओयल-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश शाह के निर्देशानुसार आज थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली चौकी ओयल की सीमा में पड़ने वाले स्कूल स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज डिमोहरा मे महिला सशक्तिकरण के तहत चौपाल आयोजित की गई! चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सरोज, थाना खीरी से आई हुई महिला आरक्षी, कामिनी व गरिमा यादव, कांस्टेबल शिवा सिंह, कांस्टेबल जुबेर ने स्कूल की छात्राओं को उनके प्रति होने वाले अपराध के बारे में बताया, उनको कैसे सामना करना है यह भी बताया! सरकार द्वारा जारी किए गए सरकारी नंबरों पर कैसे फोन करना है त था उनकी जानकारी भी गुप्त रखी जाएगी यह भी बताया! 1 घंटे से ऊपर चले इस सशक्तिकरण प्रोग्राम मे खूब रुचि दिखाते हुए, बहुत ध्यान से सारी बातें सुनी!

## खस्ताहाल दीवार गिरी, कई मजदूर घायल

**बरेली ।** खस्ताहाल दीवार के बराबर दूसरी दीवार खड़ी करने के लिए खोदी गई नीव मे काम कर रहे कई मजदूर खस्ताहाल दीवार के मलबे में दबकर घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल व अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया कई की हालत नाजुक बनी हुई है बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव भिडोलिया स्थित कब्रिस्तान की खस्ताहाल दीवार के मलबे में दबकर घायल हुए शाहजहांपुर के कटरा निवासी मजदूर रामनिवास औ रबिथरी चौनपुर के गांव रजऊ परसपुर निवासी चंद्रपाल बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा निवासी रिजवान को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## डिजिटल अभियान को नयी परिभाषा दी

लखनऊ। ओटीटी सेवाओं में अपेक्षाएं बढ़ाते हुए और इस विकसित होते उद्योग का विस्तार करते हुए टाटा प्ले बिंज़ ने अपना डिजिटल अभियान . इंडिया इज़ नाउ बिंजिंगष पेश किया है। 360 डिग्री विस्तार के साथ यह ब्रांड मजेदार और अनोखी मेजबान एवं सोशल मीडिया कलाकारए उर्मिला लवेकर के साथ एक दिलचस्प वॉक्स पॉप शैली में ग्राहक पर केंद्रित डिजिटल अभियान चलाएगा। इस वॉक्स पॉप में आँकड़ों की मदद से उपभोक्ताओं की देखने की आदतों का विश्लेषण कर यह जानकारी दी जाएगी कि भारत और इंडिया में लोग लगातार क्या बिंज़.वॉच कर रहे हैं। टाटा प्ले बिंज़ मीम ;उमउमद्ध मार्केटिंग द्वारा ऑनलाईन दर्शकों को खुद से जुड़ी महसूस होने वाली सामग्री लेकर आयेगा। टाटा प्ले बिंज़ ने अपना डिजिटल अभियान करीना कपूर खान के साथ एक ब्रांड वीडियो की रील द्वारा शुरू किया। इस रील को अभी तक एक हफ्ते के समय में 1ण्2 मिलियन व्यूए 53ण्8 हजार लाईक और 1ण्1 हजार शेयर मिल चुके हैं।

## घर की छत पर चढ़े चोर की करंट लगने से मौत

**बरेली ।** घर की छत पर चढ़कर चारपाई चोरी करने की कोशिश कर रहे चोर की पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा क्रैंट थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी नासिर के 22 वर्षीय लड़के काशिफकी बीती रात वहीं के रहने वाले गुड्डू पुत्र छोटे के घर की छत पर करंट की चपेट में आने से मौत हो गई बताया जाता है कि कासिफएक अच्छे परिवार से था लेकिन पिता की मौत के बाद शराब शराब पीने की आदत के चलते वह छोटी मोटी चोरियां करता था बीती रात वह गुड्डू के मकान की छत पर रखी फोल्डिंग चारपाई चोरी करने के लिए चढ़ा था लेकिन जब वह चारपाई चोरी करके नीचे उतर रहा था तभी अचानक पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन से चारपाई टकरा गई और उसमें करंट उतार आया जिससे काशिफकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह होने पर लोगों ने उसकी लाश को छत पर देखा तो हंगामा खड़ा हो गया लोगों की भीड़ मौके पर लग गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# शाहू जी महाराज के सपने को साकार कर रही मोदी सरकारः सांसद पटेल



संवाददाता। चित्रकूट

## ● रगौली महाविद्यालय में हुआ छत्रपति शाहू जी महाराज का जयंती समारोह

**सामाजिक** परिवर्तन के महानायक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य पर भगवान दीन सिंह पटेल महाविद्यालय रगौली में विशाल जयंती समारोह का आयोजन हुआ। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, आदि ने दीप प्रज्वलित कर एवं शाहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत की। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में शोषित,पीड़ित और वंचित वर्ग के लोगों को सत्ता में समान भागीदारी देकर सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाई थी। केंद्र की मोदी और प्रदेश योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चलकर छत्रपति शाहू जी के सपनों को साकार कर रही है।

विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि शाहू जी महाराज ने शिक्षा की अलख जगाकर समाज के दबे कुचले वर्ग के लोगो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में टाप करने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल रहे क्षेत्र के युवाओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में पौधरोपण भी किया गया।

# या हुसैन या अली की सदाओं से पेश की गई शहीदों को खिराज-ए-अक़ीदत



संवाददाता। कोंच, जालौन

**मुहर्रम** की सातवीं तारीख पर अलम के जुलूस निकाले गए। जुलूसों में अकीदतमंदों की भीड़ रही। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। ड्रोन कैमरे ने अलम जुलूस मार्ग पर नजर रखी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस व पीएसी बल मुस्तैद रहा। जुलूस में पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन व उनके कुनबे के 72 साथियों की शहादत को याद किया गया। या हुसैन या अली की सदाएं बुलंद कर शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की गयी।

दोपहर के बाद अलम-ए-मुबारक के जुलूस का सिलसिला शुरू होकर देर शाम तक जारी रहा। अलम मुबारक का मुख्य जुलूस नगर के चन्द्रकुआं चौराहे पर स्थित इमाम चौक से आरंभ किया गया जिसमें नगर के सभी इमाम चौकों के अलम शामिल हुए। जुलूस चन्द्रकुआं से सागर तालाब, रामगंज, नई बस्ती चौराहा से लवली चौराहा, सब्जी मंडी, कटरा से होता हुआ स्टेट बैंक, बंगला से होकर अंसारी चौक, आराजी लैन, कसाई मंडी, आजादनगर, जामा मस्जिद से खलीफा चौक होकर बजरिया, महाते के चौक से सरवानो चौक, राईन चौक से पावर हाउस पहुंचा जहां विशाल मेले के रूप में परिवर्तित हो गया।

# मातम देखने के लिए उमड़ा सैलाब, हुआ पलंगों का मिलाप

## ● या हुसैन की सदाओं के बीच बहाया लहू

संवाददाता। फतेहपुर



**मोहर्रम** की सात तारीख पर या हुसैन-या हुसैन, लब्बैक-लब्बैक या हुसैन की सदाएं गूंज उठी। शिया समुदाय के लोगों ने नौहा ख्वानी के बीच पलंग के आगे पहले हाथ से मातम किया फिर जंजीर से मातम व कमा लगाकर अपना लहू बहाया। जिसे देखकर लोगों ने अपनी उंगलियां दांतों तले दबा ली।

उधर तीन पलंगों का पहला मिलाप शाम तीन बजे पीलू तले चौराहे पर व दूसरा मिलाप सैय्यदवाड़ा कूंड तालाब पर देर रात हुआ। पलंग का मिलाप देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। इन दिनों शहर की ताजियादारी उरूज पर है। सात मोहर्रम पर शहर के सैय्यदवाड़ा, अमरजई से पलंग का जुलूस उठा। पलंग की चिनाई का काम भोर चार बजे ही शुरू हो गया था। तीनों पलंग पर श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमड़ने लगी थी। लोगों ने पलंगों पर फूल व प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सैय्यदवाड़ा मोहल्ले से उठने वाले पलंग के जुलूस में शिया समुदाय की ओर से नौहा ख्वानी के बीच बच्चे बूढ़े व नौजवानों ने जंजीर कमा का मातम किया। जंजीर व कमा का मातम करने वाले लहूलुहान हो गये।

## मातमी धुन में निकाला गया पलंग का जुलूस



**मौदहा, हमीरपुर।** बुधवार को मुहर्रम की सात तारीख होने के चलते यहां पलंग का जुलूस मातमी धुन में निकाला गया। यह जुलूस कजियाना मोहल्ला स्थित गंदीघर इमामबाड़ा से शुरू होकर अपने तय मार्गों से होते हुए लगभग 12 घंटे के बाद समापन स्थल पर पहुंचा। वहीं जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारी मात्रा में पुलिस प्रशासन तैनात रहा।

## मोहर्रम की सातवीं तारीख को निकला पलंग

**राजापुर, चित्रकूट।** कस्बे के शाही इमाम बाड़े से मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहर्रम की सातवीं तारीख को मोहम्मद साहब के शहीदी दिवस को मातम धुन के साथ पलंग निकालकर हाय हुसैन की आवाज लगाते हुए कस्बे के निर्धारित मार्गो से होते हुए पुन शाही इमाम बाड़े में पलंग रखकर फातिया देकर बृहद लंगर का आयोजन किया गया। मुस्लिम समाज राजापुर के अध्यक्ष अतहर नईम ने बताया कि आज के दिन मोहम्मद साहब युद्ध करते हुए शहीद हुए थे। तभी से मोहर्रम के 7 तारीख को मोहम्मद साहब शहीद दिवस के रूप में मुस्लिम मातम के साथ मनाते चले आ रहे हैं।

# मील का पत्थर साबित होगा मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालयः योगेंद्र



**फर्रुखाबाद।** प्रदेश के उच्च शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बुधवार को कमालगंज स्थित नाला बघार मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय का फीता काटकर लोकार्पण किया। जनपद ही नहीं आसपास जिलों के शिक्षाविद राजनैतिक हस्तियों की उपस्थिति विशेष रुप से रही। प्रदेश के उच्च शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी योगेंद्र उपाध्याय ने कहा की मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव ने कहां की मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय मील का पत्थर साबित होगा।. कुलाधिपति के पुत्र डॉ अंचल सिंह ने आए अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। डॉ अंचल सिंह ने कहा कि मेरे बाबा ने एक छोटे से गांव में स्कूल की शुरुआत की थी। उनकी प्रेरणा से मेजर एस डी सिंह विश्वविद्यालय का लोकार्पण हुआ है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी योगेंद्र उपाध्याय ने कहा की मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस विश्वविद्यालय से जनपद के ही नहीं आसपास जिलों देश व प्रदेश के छात्र लाभान्वित होंगे। कुलपति डॉ रंगनाथ मिश्र व ला कॉलेज के प्रा चार्य डॉक्टर राजपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। इस अवसर पर जनपद के राजनीतिक दलों के नेताओं का संभ्रांत जनों की विशेष रूप से उपस्थिति रही।

# आजीविका मिशन से आत्मनिर्भर बन रहीं गरीब परिवार की महिलाएं



**पुखरायां,** कानपुर देहात। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के विकासखंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में बुधवार को आजीविका मिशन के अंतर्गत एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस में जिला मिशन मैनेजर पूजा वर्मा ने स्वयं सहायता समूह से संबंधित महिलाओं आजीविका हेतु अहम जानकारियां दीं।

खंड विकास अधिकारी ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की और ब्लाक मिशन मैनेजर सविता कुशवाहा ने संचालन किया। जिला मिशन मैनेजर पूजा वर्मा ने गोष्ठी में महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजीविका मिशन के तहत महिलाएं घरेलू कार्यों के साथ अपनी मेहनत और लगन से खुद का व्यवसाय भी शुरू कर रहीं हैं। इससे वे परिवार की आर्थिक स्थित की धुरी भी बनने लगी हैं। सरकार की ओर से संचालित आजीविका मिशन महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने शहीद रणबाकुंरों को दी श्रद्धांजलि



संवाददाता। जालौन, उरई

**जालौन**–औरैया हाइवे पर हदरुख गांव में स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल विजय दिवस मनाया। इस दौरान शहीदों को याद कर उनके पदचिह्नों पर चलने का भी संकल्प दोहराया। इस दौरान नगर में शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क पर भी कारगिल युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिकों ने विजय दिवस मनाया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में शहीद स्मारक के संस्थापक सदस्य संतराम सिंह सेंगर पूर्व सूबेदार मेजर आशाराम दोहरे, कैप्टन मास्टर सिंह, महेंद्र सिंह, गंगाराम पाल, सूबेदार रूपराम पाल, एच एस भदौरिया आदि द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई और शहीदों को नमन करते हुए उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में जनपद निवासी शहीद हवलदार सरमन सिंह सेंगर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर आशाराम दोहरे ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे लाड़लों ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। युवाओं को शहीदों के जीवन से सीख लेकर उनके पदचिह्नों पर चलकर देश व समाज की तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए।

उधर, पूर्व सैनिक वेलफेयर एशोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन अखिलेश नगायच के नेतृत्व में कारगिल युद्ध मे शामिल रहे पूर्व सैनिकों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क पर विजय दिवस मनाया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर सूबेदार उदय सिंह, धर्मगुरु सत्यपाल सिंह, हवलदार दशरथ पाल आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### खेत रखवाली कर रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या

**फर्रुखाबाद।** पैसे के लेन देन के विवाद में धारदार हथियार से खेत रखवाले किसान की हत्या मेरापुर थाना क्षेत्र में आज पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर मूंगफली खेत की रखवाली करने दौरान सो हो रहे ग्रामीण की धारदार हथियार का प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आज बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बिछौली का निवासी राकेश उम्र करीब 48 वर्ष कल मंगलवार रात्रि अपने घर से विनोद यादव के खेत की मूंगफली की रखवाली करने के लिए गया था। इसके बाद आज प्रातः जब परिजन खेत पर पहुंचे तो उन्होंने राकेश को मृत खून से लथपथ पड़ा देखा। इधर घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपने दल वल एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। एएसपी डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया पैसे लेन देन के विवाद में विनोद यादव के मूंगफली खेत की रखवाली करने वाले राकेश की हत्या की गई।

### बैंक बकाएदार को लॉकअप में किया बन्द

**राजापुर, चित्रकूट।** राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए राजापुर तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत चौरा के एक बकाएदार से आर्यावर्त बैंक मझगांव की वसूली न होने के कारण बैंक टीम व अमीन टीम के द्वारा पकड़कर तहसील लॉकअप में बन्द कर दिया है। आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक अमित चन्द्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत चौरा के इन्द्रसेन सिंह पुत्र भानुप्रताप सिंह आर्यावर्त बैंक शाखा मझगाँव से 2014 का ऋणदाता है, उसने केंद्र सरकार की योजना किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कुल बकाया धनराशि 7 लाख 20 हजार हो जाने के कारण आज तक कोई किश्त नहीं जमा कर रहा था। बैंक टीम व अमीनों की टीमें जब जब वसूली में जाती थीं तो अनेकों प्रकार के बहाने बनाकर फरार हो जाता था।

### आज फाटक से बाहर आएगा सुप्रसिद्ध ताजिया

**फतेहपुर।** जिले में हिंदू-मुस्लिम की आस्था का प्रतीक एवं सुप्रसिद्ध चांदू मियां का ताजिया आज इमामबाड़े के फाटक से बाहर आएगा। शाम लगभग पांच बजे आयोजक ताजिये को निकालकर बाहर तखत पर जियारत के लिए रखेंगे। जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर ताजिये की जियारत करके चढ़ावा चढ़ाने का काम करेंगे। बताते चलें कि मोहर्रम की पहली तारीख से ही चांदू मियां के ताजिये का इमामबाड़ा प्रतिदिन शाम को जियारत के लिए खोला जाता है और बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर लगातार चढ़ावा चढ़ाने का काम कर रहे हैं। यह ताजिया नौ मोहर्रम की रात बारह बजे के बाद इमामबाड़े से उठाया जाएगा तत्पश्चात अपने कदीमी रास्तों से भ्रमण करता हुआ ताजिया पुनः इमामबाड़े पहुंचेगा। फिर दस मोहर्रम की रात ताजिया उठकर पूरी रात भ्रमण करेगा और ग्यारह मोहर्रम की सुबह ताजिये को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

### अभिनव व विक्रांत का स्पोर्ट्स कालेज के लिये हुआ चयन

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मण्डल के खिलाड़ियों ने स्पोर्ट कॉलेज की प्रदेश स्तरीय अंतिम चयन परीक्षा में अपना दमखम दिखाते हुए सराहनीय प्रदर्शन कर पहली बार स्पोर्ट्स कॉलेज में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयनित चित्रकूटधाम के उदयीमान खिलाड़ियों में अभिनव सिंह यादव एथलेटिक, विक्रांत गिरी एथलेटिक, अभियान शर्मा एथलेटिक्स, संस्कार सिंह बैडमिंटन, व पंकज कबड्डी का चयन वर्ष 2023 व 24 के लिए स्पोर्ट्स कॉलेज में किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है।

# धूमधाम से मना जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि का 23वां स्थापना दिवस

संवाददाता। चित्रकूट

**जगद्‌गुरु** रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का 23वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विशेष सचिव अजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र एवं हेमराज चर्तुवेदी (राजा साहब)मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने की। बुद्धवार को आयोजित जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर पदमविभूषण से सम्मानित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने दूरभाष के माध्यम से सम्बोधित करते हुए सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को बधाई एवं आर्शीवाद प्रदान किया। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का भी आभार व्यक्त किया। इसके अलावा कुलाधिपति ने अपने उद्बोधन कहा गया कि मैं आजीवन दिव्यांजनों के उत्थान एवं विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। दिव्यांग ही मेरे भगवान है। वहीं स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विशेष सचिव अजीत कुमार ने उद्बोधन में विश्वविद्यालय परिवार एवं समस्त छात्र/छात्राओं को बधाई दी साथ ही उन्होंने छात्र/छात्राओं को यह कहा कि अपनी दिव्यांगता को सहयोग की भावना से लीजिए न कि बाधा की भावना से।

# शांतिपूर्वक संपन्न हुआ हरिहरगंज सहकारी समिति के संचालक मंडल का नामांकन

**फतेहपुर।** क्षेत्रीय सहकारी समिति लि. हरिहरगंज के संचालक मंडल का नामांकन शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें अचाकापुर से उर्मिला देवी, अरबपुर से संतोष कुमारी, अब्दुल कासिमपुर से विभा मिश्रा, चकेडी से शिव प्रकाश बाजपेई, जगतपुर गाड़ा से बृजेश मौर्य, ढोड़ियाही से शिव भूषण सिंह, बहलोलपुर से सर्वेश कुमार, सनगांव से रामदुलारे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया क्योंकि एक-एक नामांकन पत्र ही दाखिल हुए हैं, इसलिए निर्विरोध संचालक मंडल के चुने जाने की संभावना प्रबल हो गई है।

# पेज एक का शेष

## सरकार के...

तैयार है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि नियम के अनुसार जब अविश्वास प्रस्ताव को चर्चा के लिए मंजूर कर लिया जाता है, तो उसके 10 दिनों के भीतर सदन में चर्चा होती है। लेकिन लोकसभा की परंपरा रही है कि जब भी यह प्रस्ताव आता है तो बाकी सारे कार्यों को रोककर इस पर चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि हमारा आग्रह है कि लोकसभा अध्यक्ष को प्राथमिकता के आधार पर इसे लेना चाहिए और इस पर कल ही चर्चा आरंभ होनी चाहिए तथा जल्द से जल्द मतदान होना चाहिए। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बिरला ने अविश्वास प्रस्ताव से जुड़े नोटिस का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे सदन को सूचित करना है कि गौरव गोगोई से नियम 198 के तहत मंत्रिपरिषद में अविश्वास प्रस्ताव का अनुरोध प्राप्त हुआ है, कृपया गोगोई सदन की अनुमति प्राप्त करें। इसके बाद गोगोई ने कहा कि मैं निम्नलिखित प्रस्ताव के लिए सदन की अनुमति चाहता हूं-यह सभा मंत्रिपरिषद में विश्वास का अभाव प्रकट करती है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव की अनुमति देने का समर्थन करने वाले सदस्यों से अपने स्थान पर खड़े होने के लिए कहा। इस पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्य खड़े हो गए। इसके बाद बिरला ने कहा कि इस प्रस्ताव को अनुमति दी जाती है। मैं सभी दलों के नेताओं से सलाह करके उचित समय पर इस प्रस्ताव पर चर्चा कराने की तिथि के बारे में आप लोगों को अवगत करा दूंगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की मंगलवार को हुई बैठक में केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के बारे में फैसला हुआ था। कांग्रेस ने अपने सदस्यों को व्हिप जारी करके कहा था कि वे बुधवार को सुबह साढ़े दस बजे संसद भवन स्थित पार्टी संसदीय दल के कार्यालय में मौजूद रहें। अविश्वास प्रस्ताव को चर्चा के लिए जरूरी है कि उसे कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन हासिल हो। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करने के संदर्भ में 10 दिनों के भीतर फैसला करना होता है। सदन की मंजूरी के बाद इस पर चर्चा और मतदान होता है। अगर सत्तापक्ष इस प्रस्ताव पर हुए मतदान में हार जाता है तो प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिपरिषद को इस्तीफा देना होता है।

## माइक हुआ...

रहे। खड़गे का माइक बंद हो जाने की घटना तब हुई जब नेता विपक्ष अपना भाषण दे रहे थे। इस दौरान विपक्षी सदस्य जोर-जोर से हंगामा करने लगे। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे अपनी सीट पर बैठने का आग्रह किया। खड़गे ने विपक्षी सदस्यों की ओर इशारा करते हुए सवाल किया यदि ये लोग मेरा समर्थन नहीं करेंगे तो क्या वे मोदी का समर्थन करेंगे। व्यवस्था बहाल करने के अध्यक्ष के प्रयासों के बावजूद सदन में तीखी नोकझोंक जारी रही।

## राहुल गांधी...

पश्चिमी यूपी के अपने गढ़ में ध्यान केंद्रित करेंगे। मालूम हो कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राज्य की 80 में से 24 लोकसभा सीटें आती हैं। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा में मुख्य रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन सहयोगियों सपा और रालोद की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी भी उत्तर प्रदेश यात्रा का हिस्सा होंगी और वह अमेठी में अपना गढ़ फिर से हासिल करने के साथ-साथ रायबरेली में लोगों का विश्वास बहाल करने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही हैं। रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व दशकों से गांधी परिवार ही कर रहा है। ऐसी भी खबर है कि प्रियंका गांधी अपने परिवार के गढ़ रायबरेली से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। पार्टी हलकों में भारत जोड़ो यात्रा-2 की संभावित तारीखों पर 15 अगस्त, कभी सितंबर या 2 अक्टूबर पर चर्चा हो रही है। हाल के महीनों में चुनाव वाले राज्यों के नेताओं के साथ हुई बैठकों में पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेताओं को प्रत्येक संसदीय क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपकर अपना लोकसभा चुनाव अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इस बैठकों में राहुल गांधी भी शिद्दत से मौजूद रहे। ये नेता इन राज्यों में नवंबर या दिसंबर में पदयात्रा निकालेंगे। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की है। इस दौरान राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस को होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया और एक और यात्रा के लिए तैयार होने की बात कही।

## ज्ञानवापी सर्वे...

इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के वकील ने कहा कि एएसआई को इस मुकदमे में पक्षकार नहीं बनाया गया और उसे सर्वेक्षण करने और इस मामले में विशेषज्ञ राय देने का निर्देश दिया गया। इस पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि इस मुकदमे में विशेषज्ञों को पक्षकार बनाए जाने की कोई जरूरत नहीं है और ऐसा कोई कानून नहीं है कि जिस मामले में विशेषज्ञ की राय ली जाती है उस मामले में उसे पक्षकार बनाया जाए। जैन ने हस्तलेख विशेषज्ञों का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी मामले में इन्हें कभी पक्षकार नहीं बनाया गया, भले ही जरूरत पड़ने पर अदालत किसी मामले में हस्तलेख विशेषज्ञ की राय मांग सकती है। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने कहा कि वादी के पास वास्तव में कोई साक्ष्य नहीं है और वे एएसआई सर्वेक्षण की मदद से साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते हैं। इसपर अदालत ने उनसे पूछा कि यदि कानून साक्ष्य के इस तरह के संग्रह की अनुमति देता है तो याचिकाकर्ता को क्या नुकसान होगा। नकवी ने कहा कि वाराणसी की अदालत के समक्ष मुकदमे में एएसआई सर्वेक्षण के लिए यह उचित चरण नहीं है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एएसआई के सर्वेक्षण से ढांचे को किसी तरह का नुकसान होने नहीं जा रहा। इससे पूर्व, मस्जिद पक्ष के वकील ने आशंका जाहिर की थी कि सर्वेक्षण और खुदाई से ढांचे को नुकसान पहुंचेगा। दोपहर के भोजनावकाश के बाद की सुनवाई शुरू होने से पहले मुख्य न्यायाधीश ने अपर महान्यायवादी को वाराणसी से एएसआई के किसी ऐसे विशेषज्ञ को बुलाने को कहा जो अदालत को बता सके कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया क्या होगी और यह कैसे किया जाएगा। भोजनावकाश के बाद शाम साढ़े चार बजे शुरू हुई सुनवाई में एएसआई के वाराणसी केन्द्र के अपर निदेशक आलोक त्रिपाठी ने अदालत को सर्वेक्षण के तरीकों के बार में विस्तार से बताते हुए आश्वासन दिया कि इससे ढांचे को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया के संबंध में अदालत में एक हलफनामा भी दाखिल किया।

## उच्चतम न्यायालय...

सर्वेक्षण पर 26 जुलाई को शाम पांच बजे तक रोक लगा दी थी। उत्तर प्रदेश सरकार और एएसआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें मस्जिद समिति की विशेष अनुमति याचिका को बहाल किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। मस्जिद समिति ने मुख्य याचिका में वाराणसी जिला अदालत में हिंदू पक्ष के मुकदमे को बिना विधिवत मुहर एवं अधिकृत हस्ताक्षर वाले कागज पर दाखिल करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश सात नियम 11 (सी) के तहत खारिज करने का अनुरोध किया है। मस्जिद समिति ने अपील के लिए पर्याप्त समय दिए बिना सर्वेक्षण करने में अधिकारियों द्वारा दिखाई गई जल्दबाजी के आधार पर एएसआई का काम रोके जाने का अनुरोध करते हुए एक अंतरिम याचिका दायर की थी। अहमदी ने कहा, आदेश सात नियम 11 के तहत दायर याचिका को दलीलें सुने बिना खारिज कर दिया गया। हमने केवल एएसआई सर्वेक्षण का बिंदु उठाया था। शीर्ष अदालत ने काम पर रोक के रूप में अंतरिम याचिका पर राहत देते हुए 24 जुलाई को मुख्य मामले का निपटारा कर दिया था। पीठ ने याचिका को बहाल करने का आदेश देते हुए कहा, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा है कि अंतरिम याचिका की जगह एसएलपी का निपटारा किया गया है। अनजाने में हुई त्रुटि को सुधार लिया गया है।(24 जुलाई के आदेश का) पैराग्राफ 10 हटा दिया जाएगा। मामले की तत्काल सुनवाई के लिए ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया समिति की ओर से दायर याचिका पर शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को निर्देश दिया था कि वह बुधवार शाम को यथास्थिति संबंधी उसके आदेश की समाप्ति से पहले मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई करे। वाराणसी की एक अदालत ने 21 जुलाई को काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए वजूखाने को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर का पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की अनुमति दे दी थी।इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया समिति की अपील पर बुधवार को सुबह साढ़े नौ बजे सुनवाई शुरू की।

## मणिपुर में...

है, हम मणिपुर में हिंसा के शांतिपूर्ण और समावेशी समाधान को प्रोत्साहित करते हैं तथा प्राधिकारियों को मानवीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए काम करने और सभी समूहों के जीवन एवं संपत्ति की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर पर पिछले सप्ताह पहली बार सार्वजनिक टिप्पणी करते हुए इस घटना पर क्षोभ किया था और कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इस क्रूर घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा था, मेरा ह्रदय पीड़ा से भरा हुआ है, क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, और कौन-कौन हैं, वह अपनी जगह पर है... लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासियों की आबादी 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पर्वतीय जिलों में रहते हैं। नॉर्थ मणिपुर ट्राइबल एसोसिएशन की अध्यक्ष फ्लॉरेंस लोवे ने पीटीआई से एक साक्षात्कार में कहा, मैं इस मामले पर बात करके थक चुकी हूं।... हम क्या कर सकते हैं? हमने एक दुनिया होने के नाते, मनुष्य होने के नाते ऐसा कैसे होने दिया? भारत में इसका बहुत सरल समाधान मौजूद है, जो कि राष्ट्रपति शासन है। सरकार ने अपने कुछ कारणों से ऐसा कुछ नहीं करने और कुछ नहीं कहने का फैसला किया है। फ्लॉरेंस उत्तर प्रदेश काडर के भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी की बेटी हैं।

## मणिपुर के...

आग लगा दी। इस बीच, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि इंफाल के सजीवा और थौबल जिले के याइथिबी लोकोल में अस्थाई घरों का निर्माण पूरा होने वाला है। सिंह ने एक ट्वीट कर कहा, बहुत जल्द पीड़ित परिवार राहत शिविरों से इन घरों में जा सकेंगे। राज्य सरकार हाल की हिंसा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए पहाड़ियों और घाटी दोनों में हर संभव उपाय कर रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले महीने कहा था कि पूर्वोत्तर राज्य में जातीय संघर्ष के कारण अपना घर छोड़ने वाले लोगों के लिए तीन से चार हजार घर बनाएगी। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान हिंसा भड़कने के बाद से राज्य में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं तथा कई अन्य घायल हुए हैं। राज्य में मेइती समुदाय की आबादी करीब 53 प्रतिशत है और वे मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और वे अधिकतर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

## ईडी निदेशक...

हुए कहा कि इस आवेदन पर 28 जुलाई (शुक्रवार) तक सुनवाई होनी चाहिए। इसके बाद पीठ ने बृहस्पतिवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे मामले पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने ट्वीट किया, वाह, बहुत खूब, उनके (मिश्रा) सभी तीन विस्तार को अवैध ठहराए जाने और उन्हें अब भी लगभग एक और महीने का समय देने के बावजूद सरकार ने ईडी निदेशक के कार्यकाल के विस्तार की मांग करते हुए एक और आवेदन दायर किया, असंगत।

## एनआईए ने...

था। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान तथा दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों की पुलिस के अनुरोध पर सक्षम प्राधिकरण ने उसके खिलाफ 11 लुकआउट नोटिस जारी किए थे। आतंकवादी-गैंगस्टर साजिश मामले में मंगलवार को यह गिरफ्तारी की गई जिसकी जांच एनआईए कर रही है। एनआईए ने इस मामले के संबंध में अभी तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## सीमा से...

है कि तब तक अन्य विषयों पर विचार करने की गुंजाइश है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पर्यावरण के संबंध में भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के तीन लक्ष्य हैं जिनमें से दो को तय समय से नौ साल पहले प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि तीसरा लक्ष्य देश में कार्बन सिंक को 2030 तक, अतिरिक्त वन क्षेत्र में वृद्धि करके ढाई अरब टन से बढ़ाकर तीन अरब टन करने का है और इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए यह संशोधन विधेयक लाया गया है। मंत्री ने कहा कि संसद की संयुक्त समिति ने देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जाकर बड़ी संख्या में लोगों से बात की और विभिन्न हितधारकों के सुझाव के आधार पर विधेयक के अंतिम मसौदे को तैयार किया गया।

# पाकिस्तान की शीर्ष अदालत में इमरान खान की याचिका खारिज

## तोशखाना मामला:

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को झटका देते हुए उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था।

यह मामला उन आरोपों से संबंधित है जिनमें कहा गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान तोशखाना से अपने पास रखे गए उपहारों और उनकी कथित बिक्री से प्राप्त आय का विवरण जानबूझकर छिपाया था। तोशखाना में विदेशी अधिकारियों द्वारा सरकारी अधिकारियों को सौंपे गए उपहार रखे जाते हैं।

खान पर आरोप है कि उन्होंने 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री पद का दुरुपयोग कर सरकार के नियंत्रण वाले उन उपहारों को खरीदा और बेचा जो उन्हें विदेश यात्राओं के दौरान प्राप्त हुए थे और जिनकी कीमत 6,35,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी।

जियो न्यूज समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) द्वारा मामले में राहत देने से इनकार किए जाने के बाद 70 वर्षीय खान ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पिछले साल 21 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री को तोशखाना मामले में झूठे बयान और गलत घोषणा करने के लिए संसद के प्रति अयोग्य घोषित कर दिया था।

मई में, एक निचली अदालत ने मामले की पोषणीयता को चुनौती देने वाली खान की याचिका खारिज कर दी और पीटीआई प्रमुख को दोषी करार दिया था, जिन्होंने उपहारों के संबंध में गलत घोषणा करने से जुड़े सभी आरोपों से इनकार किया था।

इसके बाद, खान ने निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी, जिसने मामले को दोबारा जांच के लिए निचली अदालत में वापस भेज दिया।

निचली अदालत ने आठ जुलाई को फैसला सुनाया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) की याचिका विचार योग्य है और पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ आगे की कार्यवाही की जाए। इसके बाद इमरान ने राहत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

बुधवार की सुनवाई के दौरान दो सदस्ईय पीठ के जज याह्या अफरीदी ने टिप्पणी की कि शीर्ष अदालत तोशखाना भ्रष्टाचार प्रकरण में निचली अदालत के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी।



नुकुआलोफा टोंगा में टोंगा के प्रधान मंत्री सियाओसी सोवालेनी से हाथ मिलाते हुए बाएं अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन

# कार्यवाहक प्रधानमंत्री की बात जल्दबाजी अभी तो परामर्श भी शुरू नहीं हुआ: डार

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के वित्त मंत्री इसाक डार ने उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद की दौड़ में वह सबसे आगे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह की बात करना अभी जल्दबाजी होगी क्योंकि अभी तक तो परामर्श भी शुरू नहीं हुआ है।

निजी टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में मंगलवार को 73 वर्षीय डार ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) इसके बारे में निर्णय करेगा। पाकिस्तान की मुख्यधारा की मीडिया में आई खबरों के अनुसार सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी डार के नाम को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर पेश करने पर विचार कर रही है। मौजूदा नेशनल एसेंबली का कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी खबरों में कहा है कि डार का नाम तब चर्चा में आया जब प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने चुनाव अधिनियम 2017 में बदलाव पर विचार किया।

जियो न्यूज की खबरों के अनुसार, डार ने कहा कि वह नियुक्ति पर नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करेंगे, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यवाहक व्यवस्था की शक्तियों को बढ़ाया जाना चाहिए। अंतरिम सरकार का कार्यकाल 90 दिन का होना चाहिए, न कि 60 दिन। इस बीच सूत्रों ने संकेत दिया कि पीडीएम सरकार कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही विधानसभाओं को भंग कर सकती है ताकि कार्यवाहक व्यवस्था को 90 दिन का समय मिले। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) पारदर्शी चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है।

पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, यदि नेशनल असेंबली अपना कार्यकाल पूरा कर लेती है तो 60 दिनों के भीतर चुनाव कराने होते हैं, लेकिन विधानसभा समय से एक दिन पहले भी भंग होने की स्थिति में सरकार को चुनाव कराने के लिए 90 दिन का समय मिल जाएगा। आम चुनाव के बाद नई सरकार बनने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री देश का प्रशासन संभालेंगे।

# उत्तरी सागर में करीब 3,000 कार ले जा रहे जहाज में लगी आग, एक व्यक्ति की मौत

एपी। द हेग

**उत्तरी** सागर में करीब 3,000 कार को लेकर जा रहे एक मालवाहक जहाज में बुधवार को आग लग गई और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई है तथा अन्य घायल हो गए हैं। पुर्तगाल तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि वह इस जहाज को डूबने से बचाने पर काम कर रहा है। यह जहाज प्रवासी पक्षियों के एक अहम पर्यावास के करीब है।

तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा कि चालक दल के 23 सदस्यों को जहाज से निकालने के लिए नौकाओं तथा हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया है।

एक जीवनरक्षक नौका के कैप्टन ने पुर्तगाली प्रसारणकर्ता एनओएस को बताया कि चालक दल के कुछ सदस्यों ने जान बचाने के लिए जहाज से समुद्र में छलांग लगा दी और उन्हें एक जीवनरक्षक नौका की मदद से बचाया गया।

आपात सेवाओं ने बताया कि चालक दल के कुछ सदस्यों की हड्डियां टूट गई, कुछ झुलस गए और कुछ को सांस लेने में दिक्कत हो रही है तथा उनसभी उत्तरी नीदरलैंड के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

तटरक्षक बल के प्रवक्ता ली वर्सटीग ने टेलीफोन पर कहा, अभी स्थिति पर नजर रखने तथा आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर कई नौकाएं हैं।

यह जहाज वैडन सागर में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय पुर्तगाली और जर्मन द्वीपों के समीप है। वैडन सागर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया हुआ है।

# चिकित्सकों का वेतन विवाद बढ़ा, अगस्त में चार-दिवसीय कार्य बहिष्कार की घोषणा की

**लंदन।** ब्रिटेन की राज्य-वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा के हजारों डॉक्टर अगस्त में चार दिनों के लिए हड़ताल पर रहेंगे क्योंकि सरकार के साथ उनके वेतन विवाद के समाधान की गुंजाइश कम ही नजर आ रही है। चिकित्सकों के संघ ने बुधवार को कहा। हाल में हुई पांच-दिवसीय हड़ताल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में सबसे लंबा बताया गया था। इस बार डॉक्टर 11 अगस्त से 15 अगस्त के बीच इंग्लैंड में हड़ताल करेंगे।

ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन की जूनियर चिकित्सकों की कमेटी के सह-अध्यक्ष डॉ. रॉबर्ट लॉरेन्सन और डॉ. विवेक त्रिवेदी ने कहा, इसे कभी उस बिंदु तक नहीं पहुंचना चाहिए था, जहां हमें पांचवें दौर की हड़ताल की घोषणा करने की आवश्यकता पड़े। उन्होंने कहा, हमारा संदेश आज भी वही है: एक जिम्मेदार सरकार की तरह कार्य करें, अच्छे इरादे और विश्वसनीय पेशकश के साथ हमसे बातचीत के लिए मेज पर आएं और इस हड़ताल को आगे बढ़ाने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। लगभग 75,000 तथाकथित जूनियर डॉक्टर मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए 2008 के स्तर पर वेतन पाने के लिए 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं।

# श्रीलंका: अल्पसंख्यक तमिलों के मुद्दे पर राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने सर्वदलीय बैठक बुलाई

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे बुधवार को द्वीपीय देश में अल्पसंख्यक तमिलों के जातीय मेल-मिलाप के जटिल मुद्दे पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक करेंगे।

राष्ट्रपति द्वारा यह बैठक सरकार के राष्ट्रीय सुलह कार्यक्रम और इसकी आगे की राह पर चर्चा के लिए बुलाई गई है। यह कदम पिछले सप्ताह राष्ट्रपति की दो दिवसीय भारत यात्रा के तुरंत बाद उठाया गया है, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

दिल्ली यात्रा से पहले, विक्रमसिंघे ने उत्तर और पूर्वी प्रांतों में प्रतिनिधित्व करने वाली तमिल पार्टियों के साथ एक बैठक में सर्वदलीय सहमति के साथ श्रीलंकाई संविधान के 13वें संशोधन (13ए) को प्रांतों को पुलिस शक्ति दिए बिना पूर्ण रूप से लागू करने पर सहमति जताई थी। सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि श्रीलंका का विपक्ष बंटा हुआ है।

राष्ट्रीय सुलह पर सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के लिए संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी राजनीतिक दलों और स्वतंत्र समूहों के नेताओं को निमंत्रण दिया गया है, इनमें से कुछ विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि इस बैठक के एजेंडे के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

श्रीलंका कि संसद में मुख्य विपक्षी नेता सजित प्रेमदासा ने कहा, हमें बैठक के एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन, लोगों के लिए हम इसमें शाामिल होंगे

उन्होंने कहा कि अगर यह वास्तविक प्रयास के बजाय राजनीतिक नौटंकी साबित हुई तो उनकी पार्टी समागी जन बालवेगया (एसजेबी) ने बैठक से बाहर निकलने का अधिकार सुरक्षित रखा है। दूसरे सबसे बड़े विपक्षी समूह जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने कहा कि वे इसमें भाग नहीं लेंगे, अन्य राजनीतिक दलों ने कहा कि वे भाग लेंगे। पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के दयासिरी जयशेखरा ने कहा, हम जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में विक्रमसिंघे के साथ बातचीत के दौरान उम्मीद जताई थी कि श्रीलंकाई नेता 13ए को लागू करने और प्रांतीय परिषद चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। उन्होंने तमिलों के लिए सम्मान के साथ जीवन सुनिश्चित करने का आग्रह किया था।

# फिलीपीन में तूफान के कारण दो की मौत

**मनीला।** फिलीपीन में बुधवार को तूफान डोकसुरी से द्वीपों के समूह और उत्तरी प्रांतों में तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई तथा हजारों लोग विस्थापित हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण ग्रामीण इलाकों में कई मकानों की छत उड़ गई, निचले गांवों में बाढ़ आ गई और पेड़ उखड़ गए।

तूफान ने फुगा आइलैंड और बाद में कागायन प्रांत में एक अन्य द्वीप में कहर बरपाया जहां करीब 16,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया तथा एहतियात के तौर पर स्कूलों तथा कार्य स्थलों को बंद कर दिया गया। उत्तरी पर्वतीय शहर बागुइयो के अधिकारियों ने बताया कि शहर में भारी बारिश के कारण मिट्टी धंसने से 17 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस के एक रिपोर्ट के अनुसार, इसाबेला प्रांत में बुधवार को एक बुजुर्ग महिला विक्रेता के सिर पर नारियल का पेड़ गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

मौसम विज्ञानियों ने बताया कि डोकसुरी थोड़ा कमजोर पड़ गया है लेकिन अब भी खतरनाक है और तूफान के कारण 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।



अंकारा, तुर्की में एक स्वागत समारोह के दौरान एक सैन्य सम्मान गार्ड की समीक्षा करते तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन, बाएं, और फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास

# अल-जजीरा ने अपने पत्रकारों को आतंकियों की सूची में शामिल करने पर मिस्र की निंदा की

एपी। दुबई

**अरब** के समाचार चैनल अल जजीरा ने उसके कुछ पत्रकारों को आतंकवादियों की सूची में शामिल करने के मिस्र सरकार के हालिया फैसले की निंदा की है।

खाड़ी देश कतर के स्वामित्व वाले मीडिया चैनल ने कहा है कि काहिरा की आपराधिक अदालत के एक फैसले के बाद इस महीने के शुरू में एक सरकारी अखबार में प्रकाशित कथित आतंकवादियों की सूची में अल जजीरा के लिए काम करने वाले मिस्र के कई पत्रकार और प्रस्तोता शामिल हैं।

नेटवर्क ने मंगलवार को एक बयान में कहा, अल जजीरा मीडिया नेटवर्क आतंकवादियों की नई सूची में उसके कई पत्रकारों को फिर से शामिल करने के मिस्र सरकार के हालिया कदम की कड़ी निंदा करता है। चैनल ने अपने दो संवाददाताओं- बहा अल-दीन इब्राहीम और राबे अल शेख की रिहाई की मांग भी की। इब्राहीम को फरवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था, जबकि शेख को अगस्त 2021 में गिरफ्तार किया गया था।

नेटवर्क के मुताबिक, दोनों अपने परिवारों से मिलने के लिए कतर से मिस्र गए थे।

# आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के लिए काम कर सकता है ब्रिक्स: डोभाल

भाषा। जोहानिसबर्ग

**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने चीन पर परोक्ष हमला करते हुए कहा है कि ब्रिक्स संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध व्यवस्था के तहत आतंकवादियों और उनके लिए छद्म रूप से काम करने वालों को सूचीबद्ध करने के लिए मिलकर काम कर सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया राजनीति एवं दोहरे मापदंडों से मुक्त होनी चाहिए।

डोभाल ने यहां मंगलवार को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक के दौरान ए टिप्पणियां की। इस बैठक में चीन का प्रतिनिधित्व वांग ई ने कहा। वांग ई को उनके पूर्ववर्ती क्विन गांग को बर्खास्त किए जाने के बाद फिर से देश का विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान के मित्र देश चीन ने लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान से काम कर रहे अन्य आतंवादियों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित करने के कदमों को बार-बार अवरुद्ध किया है।

डोभाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था के तहत आतंकवादियों और उनके लिए छद्म रूप से काम करने वाले वालों को सूचीबद्ध करना ऐसा क्षेत्र है, जिसमें ब्रिक्स देश मिलकर काम कर सकते हैं।

उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, यह महत्वपूर्ण है कि यूएनएससी प्रतिबंध समिति की निर्णय लेने की प्रक्रिया राजनीति एवं दोहरे मानकों से मुक्त हो।

ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के सदस्य हैं।

डोभाल ने ब्रिक्स देशों के एनएसए की 13वीं बैठक में कहा कि आतंकवाद राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

उन्होंने कहा, अफ-पाक (अफगानिस्तान-पाकिस्तान) क्षेत्र में आतंकवादी संगठन किसी कार्वाई के डर के बिना काम कर रहे हैं।

डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स एनएसए की बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब वैश्विक सुरक्षा की स्थिति अनिश्चित है, तनाव बढ़ रहा है और दुनिया की अर्थव्यवस्था वैश्विक महामारी के बाद के प्रभाव से अब भी उबर रही है। उन्होंने कहा कि साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष संबंधी वैश्विक साझा मामलों पर विवाद है।

डोभाल ने कहा कि खाद्य, पानी और ऊर्जा सुरक्षा की गैर-परंपरागत चुनौतियां बढ़ गई हैं और दक्षिण अफ्रीका द्वारा इन मामलों को ब्रिक्स एनएसए की बैठक में शामिल करना सुरक्षा के व्यापक आयाम की स्पष्ट समझ को दर्शाता है। उन्होंने जी20 की भारत की मौजूदा अध्यक्षता के लिए सहयोग देने पर दक्षिण अफ्रीका की सराहना की और अगले साल दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता के दौरान भारत के सहयोग का आश्वासन दिया।

डोभाल ने साझा लक्ष्यों को पूरा करने और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय तंत्र के उपयोग पर जोर दिया। डोभाल ने जल का हथियार की तरह इस्तेमाल किए जाने के उदाहरणों का उल्लेख किया और सीमा पर साझा जल संसाधनों के संबंध में पूर्ण पारदर्शिता बरतने एवं निर्बाध तरीके से जानकारी साझा करने की व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पानी के राजनीतिकरण का विरोध करने की जरूरत है। सिंधु नदी के जल के बंटवारे को लेकर भारत का पाकिस्तान के साथ विवाद है। भारत ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की बांध निर्माण गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की है। डोभाल ने उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय श्रीअन्न दिवस घोषित किया है।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SHRI ARUN GARG S/O LATE SHRI ANAND SWAROOP GARG R/O K-9, UPPER ANAND PARBAT, NEW DELHI-110005, is the mutate / allottee of DDA MIG FLAT NO. 249-A, ON GROUND FLOOR, BLOCK-C-2-A, POCKET-16 SITUATED AT JANAK PURI, NEW DELHI-110058, VIDE DDA FILE NO. F.21(59)82/MIG/NP.** The original documents i.e. **Original POSSESSION LETTER and NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION** of the above said property have been lost or misplaced by our client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No. 697686/2023 dated 26.07.2023)**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named** person at above Address/Phone No. **8470046553**, within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB Housing) MIG or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

## बाढ़ के पानी में पाक पहुंचा भारतीय नागरिक, खुफिया एजेंसी को सौंपा गया

**लाहौर।** सतलुज नदी के बाढ़ के पानी के साथ बहकर पाकिस्तान पहुंचे एक बधिर भारतीय नागरिक को खुफिया एजेंसी को सौंप दिया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने यहां कहा, 50 वर्षीय भारतीय नागरिक बधिर है और ईशारों में वह बातचीत करता है। उसने कहा कि वह एक हिंदू है और बाढ़ का पानी उसे बहाकर यहां ले आया है।

# कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन तीन सप्ताह में देंगे इस्तीफा, अब बेटे को सौपेंगे सत्ता

एपी। नोम पेन्ह (कंबोडिया)

**दशकों** से कंबोडिया की सत्ता पर आसीन प्रधानमंत्री हुन सेन ने कहा है कि वह तीन सप्ताह में अपने पद से इस्तीफा दे देंगे और अपने सबसे बड़े बेटे हुन मानेत को सत्ता सौंप देंगे।

प्रधानमंत्री हुन सेन ने बुधवार को यह घोषणा उस वक्त की जब उनकी पार्टी कंबोडियन पीपुल्स पार्टी ने सप्ताहांत में हुए चुनाव में मुख्य विपक्षी दल का लगभग सूपडा साफ करते हुए प्रचंड जीत हासिल की है। हालांकि पश्चिमी देशों तथा अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि न तो ए चुनाव स्वतंत्र हैं और न ही निष्पक्ष।

हुन सेन पिछले 38 वर्षों से देश की कमान संभाल रहे हैं और उन्होंने चुनाव से पहले ही घोषणा की थी कि वे अपने बड़े बटे हुन मानेत को कमान सौंप देंगे।

हुन मानेत फिलहाल देश की सेना के प्रमुख हैं और उन्होंने रविवार को हुए चुनाव में पहली बार संसदीय सीट पर जीत हासिल की है।

प्रधानमंत्री हुन सेन ने टेलीविजन में दिए अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने शाह नोरोडोम सियाहमनी को अपने निर्णय से अवगत करा दिया है तथा शाह ने उन्हें इसकी मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि एक बार राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग चुनाव पर अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश कर दे, इसके बाद उनके बेटे को प्रधानमंत्री पद सौंपा जाएगा। रविवार को हुए चुनाव में सेन की पार्टी सीपीपी ने 125 सीट में से 120 सीटें जीती थीं।

उन्होंने यह भी कहा है कि नई सरकार 22 अगस्त को गठित की जाएगी और उसमें कई शीर्ष मंत्री पद नई पीढ़ी के लोगों को दिए जाएंगे।

भले ही हुन सेन प्रधानमंत्री पद से हट रहे हैं लेकिन कंबोडिया को चलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका बरकरार रहने की व्यापक उम्मीद है।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Romila Majumdar Sundaresan D/o Sh. Samit Kumar Majumdar R/o Flat No-302, Tower-03 N.R.I Residency, Next to Prateek Stylome, Sector-45 Noida Distt-Gautam Budh Nagar, U.P-201303 have change my name to Romila Sundaresan For all future purposes.

PD(109)C

# पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए अभियान शुरू किया

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थरमन षणमुगरत्नम ने देश के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए बुधवार को औपचारिक रूप से अपने अभियान की शुरुआत की।

इस मौके पर थरमन ने देश की संस्कृति को दुनिया में चमकते सितारे के रूप में बनाए रखने का संकल्प जताया।

करीब महीने भर पहले थरमन (66) ने सक्रिय राजनीति से हटने की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल नहीं होने की बात कही थी। हालांकि, अब उन्होंने अपना औपचारिक अभियान शुरू कर दिया है।

थरमन ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा, मैं इस दौड़ में शामिल हुआ क्योंकि मैं सिंगापुर की संस्कृति, हमारे कुछ मानदंडों और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने के तरीके को विकसित करने की आवश्यकता को बहुत दृढ़ता से महसूस करता हूं ताकि हम दुनिया में एक चमकता सितारा बने रहें। राष्ट्रपति चुनाव इस साल सितंबर में प्रस्तावित है क्योंकि राष्ट्रपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को समाप्त हो रहा है। अपनी पत्नी जेन युमिको इत्तोगी के साथ मौजूद थरमन ने वैश्विक और घरेलू स्तर पर सिंगापुर के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के समक्ष असली चुनौती समाज में विभाजन को रोकना है। वरिष्ठ नेता थरमन ने कहा कि राजनीति में 22 वर्ष के अनुभव के बलबूते वह लोगों को एकजुट रखने में पूरी तरह सक्षम हैं, जो राष्ट्रपति की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2001 में राजनीति में आने से पहले थरमन एक अर्थशास्त्री और सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण में लोकसेवक थे।

उन्होंने शिक्षा और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया है और वह 2011 से 2019 तक देश के उप प्रधानमंत्री थे। थरमन ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व आर्थिक मंच और संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भी प्रमुख पदों पर कार्य किया है।

# पाक के मंत्रिमंडल ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए राष्ट्रीय योजना को मंजूरी दी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के मंत्रिमंडल ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए लचीली व्यवस्था बनाने के वास्ते बुधवार को राष्ट्रीय अनुकूलन योजना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस योजना को पिछले साल देश में आई भीषण बाढ़ के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम करार दिया।

राष्ट्रीय अनुकूलन योजना को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्था के तौर पर देखा जा रहा है। इसका उद्देश्य विस्तृत तरीकों को अपना कर और दीर्घकालिक योजना के जरिए जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटना तथा इसके प्रतिकूल प्रभावों को कम करना है।

शरीफ ने ट्वीट किया, जलवायु परिवर्तन इस धरती के सभी मनुष्यों के अनुभवों को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है, खासतौर पर पाकिस्तान में। इसके प्रति लचीली व्यवस्था बनाने की लंबी यात्रा में हमारी सरकार को गर्व है कि उसने अपने देश के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन योजना को मंजूरी दी है, जो पाकिस्तान को जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए आवश्यक हथियार मुहैया कराएगी।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that the original DEMAND CUM ALLOTMENT LETTER, FIFTH AND FINAL DEMAND, DDA COST CHALLAN, DDA POSSESSION AND SITE POSSESSION CORRESPONDENCE WITH DDA (THE COMPLETE FILE) in respect DDA Flat No. 317, SECTOR-A, PKT-C, VASANT KUNJ, NEW DELHI, been misplaced/lost and is not traceable, and a report in this regard has also been filed online vide LR No. 1650784/2019 Delhi Police, P.S.: Crime Branch, Delhi dated 28.09.2019. Any person, Bank, Company, Financial Institution, Firm, Society, Government, Semi - Government Organization etc. etc., knowing the whereabouts or having in their possession the above mentioned documents may inform B K DUTTA Son of J.N.Dutta at 67 Cedar Drive Malibu Town Sector-47 Gurgaon- 122018 or to my email address : shomita617@gmail.com or my phone no. at 9810544621 or Dy. Director (SFS) LAB (H) D Block, Vikas Sadan, DDA, New Delhi, within 30 days of publication of this Public Notice.

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 जुलाई 2023



# राष्ट्रपति ने कारगिल युद्ध के नायकों को दी श्रद्धांजलि न्यायिक प्रक्रिया में और तेजी लाने का आह्वान किया

**भाषा।** कटक

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने करगिल विजय दिवस के मौके पर करगिल युद्ध के नायकों को बुधवार को यहां श्रद्धांजलि अर्पित की। मुर्मू अपने गृह राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं और उन्होंने 1999 के करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही ओडिशा के पद्मपाणि आचार्य की युद्ध के दौरान की शौर्य गाथा को याद किया। आचार्य को मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति ने उड़ीसा उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने समापन संबोधन में कहा कि इससे जुड़े लोगों को न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में काम करना चहिए तथा देश के समक्ष उदाहरण पेश करना चाहिए। आज



करगिल विजय दिवस के मौके पर सभी देशवासी हमारे सशस्त्र बलों के अभूतपूर्व पराक्रम से मिली विजय को याद कर रहे हैं। देश की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान कर विजय का मार्ग प्रशस्त करने वाले सेनानियों को एक कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से मैं श्रद्धांजलि देती हूं। उनकी शौर्य गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

राष्ट्रपति ने सभी संबद्ध लोगों से मामूली आरोपों में जेल में बंद मासूम लोगों को आजाद कराने की दिशा में तेजी से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने मशहूर कहावत विलंब से मिला न्याय,न्याय नहीं कहलाता का जिक्र करते हुए कहा कि देर से न्याय मिलने के कारण बहुत से लोग जीवन के अहम वर्ष खो देते हैं। पीड़ित भी अपने जीवनकाल में दोषी को दंड पाते देखने की उम्मीद खो देते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, यह विषय मेरे दिल के काफी करीब है और मैं पहले भी कई मौकों पर इसका जिक्र कर चुकी हूं।

मुर्मू ने कहा कि संविधान लिखने वालों ने समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को न्याय दिलाने को प्राथमिकता दी। समाज के ऐसे वर्गों के लोगों के पास न्याय तक पहुंचने के लिए ना तो अधिक ज्ञान है और ना ही संसाधन, इसलिए उन्हें न्याय कैसे मिलेगा, इस सवाल पर गहन मंथन की जरूरत है। एक साल पहले पदभार संभालने के बाद तीसरी बार अपने गृह राज्य की यात्रा पर आईं मुर्मू ने करगिल युद्ध के नायकों को याद किया और उन सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 1999 में अपनी मातृभूमि के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया था। देश में कानूनी पेशा समय की कसौटी पर खरा उतरा है और इसने नागरिकों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के स्तंभों में से एक होने के लिए देश की न्यायपालिका को बधाई दी। आजादी के बाद पिछले 75 वर्षों के दौरान उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा किए गए परिवर्तनों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था जो समय के साथ नहीं बदलती है, वह पिछड़ जाती है। उड़ीसा उच्च न्यायालय ने न्यायिक प्रणाली में तकनीकी प्रगति को शामिल करने का प्रयास किया है। इसके साथ ही उन्होंने कई आधुनिक और तकनीकी अधारित परिवर्तनों के माध्यम से गति में तेजी लाने की अदालत की पहल को सराहा।

## राजस्थान मे वर्षा का दौर जारी कई जगह भारी बारिश

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक गंगानगर में 64.6 मिलीमीटर, पिलानी में 41.6 मिमी, सिरोही में 39 मिमी, बीकानेर में 22.2 मिमी, करौली में 15.5 मिमी, वनस्थली और सीकर में 4-4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बुधवार सुबह तक बीते चौबीस घंटों के दौरान जयपुर के कोटपूतली में छह सेंटीमीटर, पावटा, भरतपुर के नदबई, बयाना, झुंझुनू के चिड़ावा, सिरोही के माउंट आबू तहसील और अलवर के बानसूर में 5-5 सेंटीमीटर और अन्य कई स्थानों पर चार से एक सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। जयपुर मौसम केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार, 27 जुलाई को भी दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने से हल्की-मध्यम बारिश व कोटा, उदयपुर, जयपुर संभाग में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

# हिमाचल में फिर फटा बादल, घर बह गए, राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित

**भाषा।** शिमला/रामपुर

**हिमाचल प्रदेश** में शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में बादल फटने से एक स्कूल और पांच घर बह गए एवं खेतों को नुकसान पहुंचा है जबकि झाकड़ी और जोएरी क्षेत्रों के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-5 भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रामपुर के उपमंडल मस्जिट्रेट निशांत तोमर ने कहा कि मंगलवार को सरपारा पंचायत के कंधार गांव में बादल फटने से लगभग 20 भेड़-बकरियां और कुछ गाएं बह गईं और भूस्खलन से शिमला-किन्नौर मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उनके अनुसार सुरेंद्र कुमार, विजय नंद, मोहन, नरेन्द्र और संगत राम के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

उन्होंने कहा कि जहां भूस्खलन हुआ है वहां पर मशीनों को काम पर लगाया गया है लेकिन ऊपर से पत्थरों के गिरने से सड़क के मरम्मत कार्य में बाधा आ रही है। तोमर ने कहा कि अबतक किसी व्यक्ति के हताहत होने की जानकारी नहीं है तथा प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई है। रामपुर के पास सुंडा गांव में बारिश के कारण चट्टान खिसकने से दो वाहन उसके नीचे दब गए, लेकिन उसमें सवार चालकों और यात्रियों को बचा लिया गया।

राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक, 24 जून को मानसून के पहुंचने के बाद से वर्षा जनित घटनाओं में प्रदेश में 652 घर पूरी तरह से और 6686 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा 236 दुकानों और 2037 गौशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। स्थानीय मौसम केंद्र ने 26,27 और 28 जुलाई को राज्य में छिपपुट स्थानों पर भारी बारिश का अंदेशा जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है तथा भूस्खलन तथा बाढ़ आने की भी चेतावनी दी है।

मौसम विभाग ने 29 जुलाई के लिए भारी बारिश का एलो अलर्ट भी जारी किया है और एक अगस्त तक राज्य में बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। इसने चंबा, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर जिलों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी भी दी है। सिरमौर जिले में भारी से बहुत भारी बारिश हुई। जत्तन बैराज में 156 मिलीमीटर, रेणुका में 120 मिमी, नाहन में 113 मिमी, पच्छाड़ में 103 मिमी, राजगढ़ में 74 मिमी और संगड़ाहा में 68 मिमी बारिश हुई है। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के अनुसार, प्रदेश में 25 जुलाई तक वर्षाजनित और सड़क दुर्घटनाओं में 168 लोगों की मौत हो गई है और राज्य को 5,350 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

# महिलाओं पर अत्याचार के मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नही मिलने से भाजपा का विस से बहिर्गमन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा के विधायकों ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी द्वारा प्रक्रियागत खामी का हवाला देते हुए राज्य में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश करने की अनुमति नहीं देने पर सदन से बहिर्गमन किया। प्रस्ताव को तय प्रक्रिया के तहत पेश नहीं किया गया था। भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल ने कहा कि पार्टी राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वक्तव्य चाहती है। भाजपा विधायकों को जब चर्चा या प्रस्ताव पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई तब राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सदन से बहिर्गमन किया। बाद में सदन के बाहर भी नारेबाजी की और मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर वक्तव्य की मांग की। राज्य में पूरी तरह से अराजक स्थिति उत्पन्न हो गई है। हम विस में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी अनमुति नहीं दी। विपक्ष राज्य के लोगों से जुड़े मुद्दों को जब भी उठाने की कोशिश करता है, हमें ऐसा करने नहीं दिया जाता है। यह खेदजनक है। भाजपा के सदन से बहिर्गमन पर राज्य के संसदीय कार्यमंत्री सोवनदेब चटोपाध्याय ने आरोप लगाया कि भगवा खेमा जातीय संघर्ष से ग्रस्त मणिपुर में अपनी नाकामी से ध्यान भटकाना चाहता है। भाजपा मणिपुर से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। वे भाजपा शासित मणिपुर हिंसा की तुलना पश्चिम बंगाल के शांतिपूर्ण माहौल से करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इतने ही चिंतित हैं तो क्यों नहीं पूर्वोत्तर राज्य में महिलाओं के प्रति हिंसा की निंदा करते हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा पर चर्चा और वहां की घटनाओं की निंदा के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सोमवार को प्रस्ताव पेश करेगी।

## मुंबई मे भारी बारिश, मौसम विभाग ने 27 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया

**मुंबई।** मुंबई में बुधवार को भारी बारिश के कारण यातायात प्रभावित हुआ लेकिन कुछ देरी के साथ उपनगरीय रेल सेवाओं का परिचालन सामान्य रहा। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट चेतावनी जारी की है। विभाग ने इस दौरान कुछ इलाकों में बहुत भारी से भी भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। बुधवार सुबह जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, मौसम विभाग ने मुंबई और उपनगरों में भारी बारिश तथा अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने 24 घंटों में 45-55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान जताया है। ऑरेंज अलर्ट के बीच मुंबई और उपनगरों में सुबह से भारी बारिश हो रही है। विभाग के मुताबिक, मुंबई में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे के बीच 61.19 मिमी बारिश हुई।

# अखिल भारतीय सेवाओं का लक्ष्य आर्थिक विकास के साथ नागरिक सेवा सुनिश्चित करना है: बिरला

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं का लक्ष्य देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ नागरिक सेवा सुनिश्चित करना है और सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाना इसके अधिकारियों का दायित्व है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा, भारतीय सूचना सेवा और भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

वन सेवा के सन्दर्भ में बिरला ने कहा कि देश की समृद्ध और विविधतापूर्ण वन संपदा और जैव विविधता को सुरक्षित रखते हुए देश के वनवासी समुदायों की विरासत और परंपराओं का संरक्षण करना इस सेवा के अधिकारियों का दायित्व है। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा कि सतत प्रबंधन के माध्यम से देश के पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने में भारतीय वन सेवा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत में पर्यावरण से संबधित विमर्श में नेतृत्वकारी भूमिका का निर्वहन किया है।

बिरला ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि उन्हें सरकार की कल्याणकारी नीतियों और पहलों की जानकारी को जनता तक पहुंचाते हुए सरकार और जनता के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में सूचना के आदान प्रदान की बड़ी भूमिका है जिसमे भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि भारतीय कॉर्पोरेट विधि सेवा के अधिकारियों का दायित्व है कि वे कंपनियां और व्यवसाय आरम्भ करने और उनके कुशल संचालन की प्रक्रिया को अधिक से अधिक रूप से सरल और सुगम बनाएं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस सेवा की अर्थव्यवस्था की विश्वसनीयता और शक्ति को बनाए रखने में उल्लेखनीय भूमिका रही है। देश की प्रगति में उन्नत एवं नवीन प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि जनकेंद्रित और विकासोन्मुखी शासन व्यवस्था में प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण भूमिका है जिससे जनता की समस्याओं के समाधान निकलते हैं और बेहतर परिणाम भी मिलते हैं। बिरला ने सुशासन, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही पर ज़ोर देते हुए अधिकारीयों का आह्वान किया कि वे सम्पूर्ण समर्पण और सेवा भाव से अपना कार्य करें।

## जेल में कैदी को निर्वस्त्र करके घुमाने पर मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब

**इंदौर।** बलात्कार और हत्या के मामले में इंदौर के केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास काट रहे एक कैदी को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके घुमाने को लेकर मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग ने जेल विभाग के एक शीर्ष अफसर से जवाब मांगा है। आयोग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आयोग ने मीडिया में आई एक खबर पर संज्ञान लेते हुए राज्य के महानिदेशक (जेल और सुधारात्मक सेवाएं) को आदेश दिया है कि वह इंदौर के केंद्रीय जेल में एक सजायाफ्ता कैदी को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके और जूतों का हार पहनाकर घुमाए जाने के मामले की जांच कराएं।

अधिकारी ने बताया कि जेल विभाग के शीर्ष अफसर से कहा गया है कि वह इस मामले की जांच के बाद तीन सप्ताह में आयोग के सामने अपना जवाब प्रस्तुत करें तथा केंद्रीय जेल का सीसीटीवी फुटेज भी सुरक्षित रखवाएं। आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बलात्कार और हत्या के जुर्म केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास काट रहे एक कैदी की बैरक के पास गड्ढा खोदा गया, तो उसमें दबी थैली में तंबाकू की पुड़िया और 9,100 रुपए की नकदी मिली थी।

विज्ञप्ति के मुताबिक, इस बरामदगी के बाद एक जेलर के आदेश पर सजायाफ्ता कैदी को जेल के चौक में बुलाकर कथित तौर पर निर्वस्त्र कर जूतों का हार पहनाया गया और ढोल-ढमाके के साथ उसे घुमाया गया। पीटीआई-भाषा के पूछे जाने पर केंद्रीय जेल की अधीक्षक अलका सोनकर ने इस कैदी के साथ किसी भी अमानवीय बर्ताव से साफ इनकार किया। सोनकर ने कहा कि हफ्ते भर पहले इस कैदी के पास से तंबाकू और कुछ नकदी मिली थी और उसके खिलाफ जेल के नियम-कायदों के तहत उचित कार्वाई की गई थी।

# महाराष्ट्र में संविदा पर पुलिसकर्मियों की भर्ती नहीं मुंबई पुलिस में 10 हजार जवानों की कमी: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधान मंडल में जोर देकर कहा कि राज्य में पुलिसकर्मियों की भर्ती संविदा पर नहीं होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि मुंबई में करीब 10 हजार पुलिस कर्मियों की कमी है। राज्य के गृह विभाग की जिम्मा भी संभाल रहे फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि मुंबई पुलिस ने राज्य पुलिस के निकाय महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम (एमएसएससी) से तीन हजार कर्मियों की मांग की है ताकि मानवबल की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस में करीब 10 हजार जवानों की कमी है और देश की वित्तीय राजधानी की उचित सुरक्षा इस कमी को पूरा किए बिना नहीं की जा सकती है। इससे पहले विधानसभा में उप मुख्यमंत्री ने कहा था, कहीं भी पुलिस कर्मियों की भर्ती संविदा पर नहीं होती है और यहां (महाराष्ट्र में) भी नहीं होगी।

विधान परिषद में फडणवीस ने कहा कि एमएसएससी से मांगे गए कर्मियों का इस्तेमाल सुरक्षा, पहरेदारी संबंधी ड्यूटी और अन्य स्थिर कार्यों में किया जाएगा। विधानमंडल के उच्च सदन में उप मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें (एमएसएससी कर्मियों को) जांच या कानून व्यवस्था लागू करने से जुड़े कार्य नहीं दिए जाएंगे। यह पुलिस कर्मियों की संविदा पर नियुक्ति नहीं है ...ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। फडणवीस ने यह जवाब विपक्षी सदस्यों की आलोचना के बाद दी। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया था कि राज्य में पुलिस कर्मियों की भर्ती संविदा पर हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मुंबई पुलिस में 10 हजार पद रिक्त हैं और हर साल 1500 कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में 2019, 2020 और 2021 में कोई नई भर्ती नहीं हुई और तीन साल कोविड-19 महामारी के दौरान करीब 500 पुलिस कर्मियों की मौत हुई। उन्होंने बताया कि 18,331 पुलिस कर्मियों की भर्ती के लिए राज्यव्यापी प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें से पुलिस आरक्षियों के 14,956 पद , चालक (आरक्षी रैंक) के 2174 और राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के कर्मियों की भर्ती शामिल है।

इससे पहले विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, आप (सरकार) पुलिसकर्मियों की भर्ती संविदा पर कर रहे हैं। आपके मंत्री भी संविदा पर हैं। जब वे (अधिकारियों) से जानकारी लेते हैं तो वे जवाब को मोड़ देते हैं जिसकी वजह से प्रश्नों का उत्तर देने में समय लगता है। सटीक और बिंदुवार जवाब दें। जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा, अगर आप संविदा पर आना चाहते हैं तो हम इसपर विचार करेंगे। कहीं भी पुलिसकर्मियों की भर्ती संविदा पर नहीं होती है और यह नहीं किया जाएगा। मैं इसपर विस्तृत बयान दूंगा।

## गुजरात की अदालत ने आपराधिक मानहानि मामले में पेशी के लिए केजरीवाल, सिंह को और समय दिया

**अहमदाबाद।** यहां की एक अदालत ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को आपराधिक मानहानि मामले में पेश होने के लिए और समय दे दिया। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस. जे. पांचाल की अदालत ने आप नेताओं की छूट की अर्जी खारिज कर दी और मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की। केजरीवाल और सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर उनकी व्यंग्यात्मक और अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय (जीयू) द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं। अपने वकील के माध्यम से दोनों नेताओं ने अदालत को आश्वासन दिया कि वे सुनवाई की अगली तारीख के दौरान उपस्थित रहेंगे, बशर्ते ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न न हों जो उनके नियंत्रण से परे हों। उनके वकील ने अदालत को बताया कि अगर उन्हें ऐसी किसी परिस्थिति का सामना करना पड़ता है जो उन्हें उपस्थित होने से रोकती है, तो ऐसे निर्णय हैं जो वकीलों को अनुरोध दर्ज कराने की अनुमति देते हैं।

प्रतिवादियों ने विभिन्न आधारों पर छूट की मांग की और कहा कि उन्होंने सत्र अदालत में समन को चुनौती दी है और मामले की सुनवाई पांच अगस्त को होने की संभावना है। जीयू ने छूट के आवेदनों का कड़ा विरोध किया और इसे कार्यवाही में देरी करने की रणनीति बताया। उसने अदालत से उनके खिलाफ वारंट जारी करने की अपील की। अदालत ने केजरीवाल और सिंह के छूट आवेदनों को स्वीकार करने से इनकार करते हुए दोनों के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की मांग के अनुसार वारंट जारी करने से भी मना कर दिया। मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के बीच दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण वह अदालत में पेश होने में असमर्थ हैं। सिंह ने इस आधार पर छूट मांगी थी कि उन्हें मणिपुर में जातीय हिंसा का मुद्दा उठाने के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है और वह संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन करने और अपना निलंबन रद्द कराने की कोशिश में व्यस्त है।

# ओडिशा के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश मलकान गिरि में बाढ़ में बहने से एक की मौत

**भाषा।** भुवनेश्वर/मलकानगिरि

**बंगाल** की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बनने से ओडिशा के दक्षिणी हिस्से के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। वहीं, एक बार फिर अचानक बाढ़ का सामना कर रहे मलकानगिरि में एक व्यक्ति पानी में बह गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मलकानगिरि को पिछले सप्ताह अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा था। यहां मंगलवार से सर्वाधिक 80.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। गंजम में 53, कंधमाल जिले के फिरिंगिया में 34.8 और कलिंगा में 33 मिमी बारिश दर्ज की गई।

मौसम कार्यालय ने गंजम, गजपति, पुरी, रायगढ़, मलकानगिरि और कोरापुट जिलों के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक, नबरंगपुर, कालाहांडी, कंधमाल, बलंगीर, नयागढ़, खुर्दा, कटक, जगतसिंहपुर और मयूरभंज के कुछ इलाकों में भी भारी बारिश की संभावना है। एक आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, मलकानगिरि जिले के मुदुलीगुडा गांव का एक व्यक्ति मंगलवार को खेत में जाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। बाद में उसका शव पास की एक नहर में मिला। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार रात से हो रही लगातार बारिश के कारण मलकानगिरि में कंगुरुकोंडा पुल डूब गया है, जिससे ओडिशा और आंध्र प्रदेश बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-326 का संपर्क टूट गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान ओडिशा में औसतन 9.7 मिमी बारिश हुई है। आईएमडी ने कहा कि एक जुलाई से 26 जुलाई तक राज्य में बारिश का औसत 259.3 मिमी है, जबकि जुलाई का मासिक औसत 339.9 मिमी है।

विभाग के मुताबिक, मलकानगिरि, कोरापुट, नबरंगपुर, कालाहांडी, नुआपाड़ा और बलांगीर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा (7 से 20 सेमी) की संभावना है। वहीं, रायगढ़, गजपति, कंधमाल, गंजम, नयागढ़, बौध, कटक, ढेंकनाल, अंगुल, संबलपुर, सोनपुर और बारगढ़ में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा (7 से 11 सेमी) का भी पूर्वानुमान है। आईएमडी के अनुसार, दिन के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने तथा गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

# बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन, पुलिस की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**भाषा।** कटिहार-पटना

**बिजली** की समस्या को लेकर बुधवार को कटिहार जिले के बारसोई थाना क्षेत्र में स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान भीड़ में शामिल असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। इसी क्रम में आत्मरक्षा और बिजली विभाग के कर्मियों के रक्षार्थ पुलिस द्वारा चलाई गई गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पटना में स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को कटिहार जिला के बारसोई थाना में कथित बिजली की समस्या को लेकर थाना से लगभग सौ मीटर की दूरी पर बारसोई अनुमण्डलीय कार्यालय परिसर में स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पर लगभग एक हजार की संख्या में स्थानीय नागरिकों ने दोपहर करीब साढ़े बारह बजे प्रदर्शन किया।

पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार, इसी दौरान भीड़ में शामिल असमाजिक तत्वों ने बिजली कर्मियों पर हमला कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी उग्र असमाजिक तत्वों ने लाठी-डंडों, ईंट तथा पत्थर से जानलेवा हमला किया। उसमें कहा गया है, पुलिस की चेतावनी और भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास के बावजूद जब स्थिति काबू में नहीं आई तो पुलिस ने बिजली कर्मियों के प्राण रक्षा के लिए एवं आत्मरक्षार्थ नियंत्रित एवं सीमित गोलीबारी की। घटना में एक व्यक्ति की मौत होने और दो अन्य के घायल होने की सूचना है।

पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, मृतक की पहचान खुर्शीद आलम (34) के रूप में हुई है जो बासल गांव का रहने वाला था। उसमें बताया गया है कि उग्र भीड़ के हमले में लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी तथा बिजली विभाग के कर्मियों को चोट आई है जिन्हें बारसोई अनुमण्डल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बारसोई सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बल उपस्थित हैं। कटिहार के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक भी घटना स्थल पर पहुँच कर घटना की विस्तृत जाँच कर रहे हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए कहा कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर विधि सम्मत कार्वाई की जा रही है। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा भी स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। वह भाजपा के एक कार्यक्रम के लिए कटिहार में थे।

## नगालैंड : राइफल की गोलियां बेचने के आरोप में पुलिस निरीक्षक और पांच अन्य व्यक्ति गिरफ्तार

**दीमापुर।** नगालैंड पुलिस के एक निरीक्षक और एक महिला समेत पांच अन्य लोगों को यहां सुरक्षा बल के केंद्रीय भंडार से राइफल की गोलियां चुराकर बेचने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दीमापुर पुलिस आयुक्त केविथुटो सोफे ने बताया कि पुलिस निरीक्षक माइकल यान्थान इस मामले का मुख्य आरोपी पाया गया है और उसने राइफल की गोलियों को चुराने व उन्हें बेचने के अपने अपराध को कबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किसे ए गोलियां बेची जा रही थीं। भंडार की जांच के दौरान राइफल की गोलियों की चोरी का पता चलने के बाद नौ जुलाई को इसके खिलाफ पुलिस अभियान शुरू किया गया था। सोफे ने बताया कि पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 29 के कई स्थानों पर जांच चौकियां स्थापित की थीं, लेकिन पहले दिन कुछ हाथ नहीं लगा।

# असम राइफल्स के लिए मणिपुर में शांति बहाली का काम कम चुनौतीपूर्ण नही

**इंफाल।** सेना की 3 कोर की कमान के तहत काम कर रहे असम राइफल्स के लिए मणिपुर में संघर्षरत दो जातीय समूहों के बीच शांति बनाए रखने का काम मौजूदा हालात में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। बल के अधिकारियों का कहना है कि देश के सबसे पुराने अर्द्धसैनिक बल को अकसर विरोधी भीड़ और कभी-कभी असहयोगात्मक राज्य मशीनरी का भी सामना करना पड़ता है। पूर्वोत्तर के प्रहरी और पहाड़ी लोगों के मित्र के रूप में पहचाने जाने वाले अधिकारी और जवान तीन मई को बहुसंख्यक मेइती और पहाड़ी जनजाति कुकी के बीच जातीय संघर्ष के बाद से मनोवैज्ञानिक लड़ाई लड़ रहे हैं। इन जातीय झड़पों में अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

पूरे मणिपुर में मौजूदगी वाले असम राइफल्स के साथ सेना व अन्य अर्द्धसैनिक बलों को प्रदेश में शांति बनाए रखने अथवा दोनों समुदायों के नाराज लोगों को समझाने-बुझाने का काम सौंपा गया है। नाम न उजागर करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, लेकिन अंततः हमें हर तरफ से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हिंसा भड़कने के बाद से घाटी और पहाड़ी इलाकों में स्थिति की निगरानी करने वाले अधिकारी ने कहा, हममें से कोई भी 96 घंटों तक नहीं सोया और हमने विस्थापित लोगों के लिए अपने शिविर खोल दिए हैं, चाहे वह मेइती हों या कुकी। दंगों में फंसा हर व्यक्ति कोई सुरक्षित ठिकाना जानता था तो वह था असम राइफल या सेना का शिविर।

अधिकारी ने बताया, लेकिन आज दोनों समुदाय हम पर दूसरे की मदद करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि हमारा एकमात्र काम यह सुनिश्चित करना है कि शांति बनी रहे और मानव जीवन और गरिमा का सम्मान किया जाए। हाल ही में 31 विधायकों ने राज्य में एकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता का हवाला देते हुए असम राइफल्स की 9वीं, 22वीं और 37वीं बटालियन को अन्य केंद्रीय सुरक्षा बलों से बदलने की मांग की थी।

प्रदेश के चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों की सीमा पर नौ असम राइफल्स के जवानों को तैनात किया गया है, 22 असम राइफल्स को कांगपोकपी क्षेत्र में और 37 असम राइफल्स को सुगनू क्षेत्रों में तैनात किया गया है। हालांकि, विधायकों की इस मांग ने इन इकाइयों के अधिकारियों और जवानों को हैरान कर दिया है क्योंकि हिंसा भड़कने के बाद बल के जवानों ने कई लोगों की जान बचाई थी। उसके बाद, ए इकाइयां बफ़र ज़ोन , जहां दोनों जातीय समूहों के गांव आसपास हैं, में शांति स्थापना में मदद कर रही हैं। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, इन इकाइयों के संचालन के बारे में बताते हुए, अधिकारी ने बताया कि तीन मई से इकाई के जवानों ने दो पक्षों के संघर्ष के कारण अपने-अपने घरों को छोड़कर भागने वाले अनेक लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

अधिकारियों को लगता है कि कुछ लोग प्रत्यक्षदर्शी की विश्वसनीयता को कमतर करने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं, और इस मामले में, असम राइफल्स को इस बात का अंदाजा है कि चीजें कहां सही या गलत हुई हैं।

एक अन्य अधिकारी ने उदाहरण के तौर पर एक छोटे से शहर सुगनू में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां भारतीय सेना के कर्नल रैंक के एक अधिकारी के साथ मणिपुर पुलिस के कर्मियों ने मारपीट की थी। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक कनिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सेना अधिकारी पर गुस्से में अपनी राइफल तान दी, जो उनके शिविर के सामने बदमाशों द्वारा पूरी सड़क खोदने की शिकायत करने आया था। सड़कों की खुदाई यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि अगर आसपास के क्षेत्र में सशस्त्र झड़प होती है, जहां संघर्षरत समुदायों के दोनों पक्ष रहते हैं, तो असम राइफल्स के वाहनों को मौके पर जाने से रोका जा सके। तीन मई से पहले भी, सेना और असम राइफल्स ने कम समय में सूचना पर किसी भी आकस्मिक स्थिति का जवाब देने के लिए 17 टुकड़ियों को तैयार रखा था।

# सिंधू फिर हारीं, सात्विक-चिराग दूसरे दौर में

भाषा। तोक्यो



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू बुधवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की झेंग ई मान के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ एक बार फिर पहले दौर से बाहर हो गईं लेकिन लक्ष्य सेन साथी भारतीय प्रियांशु राजावत की कड़ी चुनौती से पार पाकर दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। कोरिया ओपन चैंपियन सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए अपने विजई क्रम को 11 मैच तक पहुंचाया। यह पुरुष युगल जोड़ी एओसु और इंडोनेशिया में खिताब जीत चुकी है।

सिंधू को चीन की खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ 32 मिनट में 12-21 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी को इस साल 13 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में सातवीं बार पहले दौर में शिकस्त झेलनी पड़ी है।

लक्ष्य ने पहले दौर में राजावत को तीन गेम चले कड़े मुकाबले में 21-15 12-21 24-22 से हराया। वह दूसरे दौर में जापान के केंता सुनेयामा से भिड़ेंगे। चोट के बाद वापसी करते हुए सिंधू उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही हैं और विश्व रैंकिंग में भी 17वें स्थान पर लुढ़क गई हैं। सिंधू लगातार गलतियां कर रही हैं और कम रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ भी उन्हें महत्वपूर्ण समय पर अंक हासिल करने के लिए जूझना पड़ रहा है। सिंधू ने हाल में 2003 के ऑल इंग्लैंड चैंपियन मोहम्मद हाफिज हशीम के मार्गदर्शन में खेलना शुरू किया है और उन्हें उम्मीद है कि उनके प्रदर्शन में सुधार होगा। सिंधू ने दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को इस साल मई में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था लेकिन चीन की खिलाड़ी से जापान ओपन में इस हार का बदला चुकता कर लिया। झेंग की सिंधू के खिलाफ पांच मैच में यह तीसरी जीत है जबकि दो बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सिंधू जहां फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही हैं तो वहीं सात्विक और चिराग की जोड़ी शानदार फॉर्म में है। इस पुरुष युगल जोड़ी ने पहले दौर में लियो रोली कर्नांडो और डेनियल मार्टिन की इंडोनेशिया की जोड़ी को तीन गेम में 21-16 11-21 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।

रविवार को कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाली सात्विक और चिराग की तीसरी वरीय जोड़ी अगले दौर में एपे बे और लेसी मोहेडे की डेनमार्क की जोड़ी से भिड़ेगी।

मिथुन मंजूनाथ को हालांकि पहले दौर में चीन के वेंग होंग एंग के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजदू एक घंटा और 25 मिनट में 21-13 22-24 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। मालविका बंसोड़ को भी जापान की आया ओहोरी के खिलाफ 14-21 17-21 से हार झेलनी पड़ी।

एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिल की पुरुष युगल जोड़ी एक बार फिर मुकाबले के बीच से हट गई। इस भारतीय जोड़ी ने चोट के कारण जब आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी के खिलाफ हटने का फैसला किया जब वे पहले गेम में 5-15 से पीछे थे। अर्जुन कोरिया ओपन में भी पीठ में जकड़न के कारण मुकाबले के बीच से हट गए थे।

# एशियाई खेलों के लिए 15 टीमों को स्वीकृति

## वाटर पोलो और सॉफ्टबॉल के अलावा दो और खेल चूके

भाषा। नई दिल्ली

**खेल** मंत्रालय ने बुधवार को एशियाई खेलों में 15 टीम के प्रतिनिधित्व को स्वीकृति दी लेकिन महिला सॉफ्टबॉल और पुरुष वाटर पोलो टीम सहित चार टीम को इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की स्वीकृति नहीं मिली।

हांगझोउ एशियाई खेलों की आयोजन समिति (एचएजीओसी) को लिखे पत्र में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने महिला सॉफ्टबॉल और पुरुष वाटर पोलो टीम के अलावा पुरुष हैंडबॉल और फाइव एक साइड बास्केटबॉल टीमों को प्रतियोगिता से हटा लिया।

बुधवार को लिखे पत्र में कहा गया, 27 जुलाई 2023 को होने वाले टीम ड्रॉ समारोह को देखते हुए भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति एचएजीओसी को सूचित करना चाहती है कि निम्न टीम खेलों की प्रविष्टियां वापस ली जाती हैं।

इसमें कहा गया, ए टीम वाटर पोलो, बास्केटबॉल फाइव ए साइड पुरुष टीम, हैंडबॉल पुरुष टीम और सॉफ्टबॉल टीम शामिल है।

मंत्रालय से जिन खेलों की टीम को स्वीकृति मिली है उनमें पुरुष और महिला क्रिकेट, पुरुष और महिला हॉकी, पुरुष और महिला कबड्डी, महिला हैंडबॉल, महिला रग्बी, महिला फाइव ए साइड बास्केटबॉल, पुरुष और महिला बास्केटबॉल थ्री ए साइड, पुरुष और महिला वॉलीबॉल टीम तथा पुरुष और महिला फुटबॉल टीम शामिल हैं।

खेल मंत्रालय में खेल निदेशक एसपीएस तोमर ने कहा कि जिन टीम को स्वीकृति मिली है उन्हें सरकारी खर्चे पर हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भेजा जाएगा।

तोमर ने कहा, अन्य टीम की प्रतिविष्टियां वापस ली जाती हैं। बाकी दल के प्रतिनिधित्व की स्वीकृति के बारे में समय आने पर सूचित किया जाएगा। इसे सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बाद जारी किया जाएगा।

एशिया में शीर्ष आठ में शामिल होने की खेल मंत्रालय की पात्रता पूरी नहीं करने के बावजूद पुरुष और महिला फुटबॉल टीम को स्वीकृति मिली जबकि एशिया में नौवें स्थान पर मौजूद पुरुष वाटर पोलो टीम को हरी झंडी नहीं मिल सकी।

भारतीय तैराकी महासंघ की सचिव मोनल चोकसी ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यशाली और निराशाजनक है कि नौवें नंबर पर होने के बावजूद वाटर पोलो टीम खेलों में जाने से चूक गई। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ के लिए भी यह फैसला हैरानी भरा है जिसने सोमवार को महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए महिला टीम की घोषणा की थी।

भारतीय सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने पीटीआई से कहा, मैंने अभी इसके बारे में सुना। यह हैरान करने वाली सूचना है। हम पहले ही टीम घोषित कर चुके हैं। मुझे आधिकारिक रूप से अब तक कोई सूचना नहीं मिली है।

उन्होंने कहा, इस संबंध में मेरे पास कोई सूचना नहीं है और ना ही मुझे ऐसे संकेत मिले कि इस तरह का कुछ होने वाला है। हांगझोउ एशियाई खेल चीन में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने हैं।

# मयंक अग्रवाल की 98 रन की पारी से दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को हराया

भाषा। पुदुचेरी



**कप्तान** मयंक अग्रवाल की 98 रन की पारी की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में बुधवार को यहां पश्चिम क्षेत्र को 12 रन से हराया।

दक्षिण क्षेत्र इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके दो मैचों में आठ अंक हैं। उसे इस स्थिति में पहुंचाने का श्रेय अग्रवाल को जाता है जिन्होंने शानदार पारी खेली।

जिस पिच पर गेंदबाजों का दबदबा था, अग्रवाल ने उस पर 115 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 98 रन की पारी खेली जिससे दक्षिण क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46. 4 ओवर में 206 रन बनाए। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने कमाल दिखाया और पश्चिम क्षेत्र को 36.2 ओवर में 194 रन पर आउट कर दिया।

अग्रवाल ने ऑफ साइड में अधिकतर रन बटोरे। दक्षिण क्षेत्र के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें केबी अरुण कार्तिक ने 23 रन का योगदान दिया। उन्होंने अग्रवाल के साथ पांचवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की।

पश्चिम क्षेत्र की तरफ से सौराष्ट्र के बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में दक्षिण क्षेत्र के तेज गेंदबाजों विद्वाथ कावेरप्पा और वासुकी कौशिक ने पश्चिम क्षेत्र के शीर्ष क्रम को लड़खड़ा दिया। मध्यक्रम में सरफराज खान (42), शिवम दुबे (29) और अतीत शेठ (40) ने पश्चिम क्षेत्र की वापसी की उम्मीद जगाई लेकिन वे अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। पश्चिम क्षेत्र का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 163 रन था लेकिन इसके बाद दक्षिण क्षेत्र के स्पिनर वाशिंगटन सुंदर और आर साईं किशोर ने उसके निचले क्रम को समेटने में देर नहीं लगाई। किशोर ने तीन जबकि वाशिंगटन ने दो विकेट लिए।

# ट्रायल विजेताओं ने विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल की तैयारी के लिए 20 अगस्त तक समय मांगा

भाषा। नई दिल्ली

**एशियाई** खेलों के लिए हाल में हुए ट्रायल में जीत दर्ज करने वाले पहलवानों ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के तदर्थ पैनल और खेल मंत्रालय से आग्रह किया है कि वे 20 अगस्त से पहले विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल नहीं कराएं। इन पहलवानों का कहना है कि वजन घटाने की पीड़ादायक और थकाऊ प्रक्रिया को दोहराने से बड़ी प्रतियोगिता से पहले चोटें लग सकती हैं।

बाइस जुलाई को हुए ट्रायल में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता सरिता मोर को हराकर उलटफेर करने वाली मानसी अहलावत (महिला 57 किग्रा), विशाल कालीरमन (पुरुष 65 किग्रा), अमन सहरावत (पुरुष 57), पूजा गहलोत (महिला 50 किग्रा), विक्की (पुरुष 92 किग्रा), सुनील (ग्रीको रोमन 87 किग्रा) और नरिंदर चीमा (ग्रीको रोमन 97 किग्रा) सभी ने यह आग्रह किया है। इस पत्र की प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेजी गई है। आईओए तदर्थ पैनल के एशियाई खेलों के ट्रायल की तारीख और पात्रता की घोषणा में विलंब से दावेदार संशय में थे और इससे उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल 10 अगस्त तक होने की उम्मीद थी जिससे एशियाई खेलों की चयन स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले पहलवानों को एक और कड़े मुकाबले की तैयारी के लिए लगभग 17 दिन का समय मिलता।

# एशियाई खेलों में खेलने से भारतीय फुटबाल को बड़ा बढ़ावा मिलेगा

भाषा। नई दिल्ली

## सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय पुरुष टीम ने हाल में इंटर कॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीता।

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बुधवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल टीमों की नौ साल बाद एशियाई खेलों में वापसी से खिलाड़ियों के मनोबल में बड़ा इजाफा होगा।

खेल मंत्रालय ने बुधवार को अपनी चयन पात्रता में छूट देते हुए भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीम का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व का रास्ता साफ किया।

चौबे ने इसे देश में खेल के लिए महत्वपूर्ण दिन करार दिया। चौबे ने कहा, यह भारतीय फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण दिन है और भारत में खेल का विकास करने के हमारे संकल्प का प्रमाण है। सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय पुरुष टीम ने हाल में इंटर कॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीता।

चौबे ने कहा, हाल में भारतीय फुटबॉल में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और मेरा मानना है कि इस प्रोत्साहन से आने वाले सभी टूर्नामेंट में हमारे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, एआईएफएफ का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और इस तरह के लम्हे देश में पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को जारी रखने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करते हैं।

चौबे ने कहा, हम भारत सरकार और खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय को उनके समर्थन और 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय फुटबॉल को विशेष छूट प्रदान करने के लिए धन्यवाद देते हैं।

खेल मंत्रालय ने हालांकि आईओए और सभी राष्ट्रीय खेल महासंघ को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया था कि टीम प्रतियोगिताओं में केवल उन्हीं खेलों की भागीदारी पर विचार किया जाना चाहिए जिनकी एशिया में रैंकिंग कम से कम आठ है।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम की एशिया में रैंकिंग 18 जबकि महिला टीम की 11 है। इसके बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एआईएफएफ ने खेल मंत्रालय से अपील की थी। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की थी।

स्टिमक ने कहा, यह भारतीय फुटबॉल के लिए शानदार दिन है और माननीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर जी और हमारी सरकार का एक बेहद उत्साहवर्धक निर्णय है।

उन्होंने कहा, एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने का मौका देने के लिए उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

# निधि बुले और रितिका सहित चार महिलाएं बीसीसीआई अंपायरिंग पैनल में

भाषा। नई दिल्ली

**इंदौर** की रहने वाली बुले बहनें, निधि और रितिका संन्यास ले चुकी उन चार महिला क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अंपायर पैनल में जगह बनाई है।

निधि ने 2006 में भारत की तरफ से एक टेस्ट और वनडे मैच खेला था जबकि उनकी छोटी बहन रितिका ने मध्यप्रदेश की तरफ से 31 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

बीसीसीआई ने 10 से 13 जून के बीच संन्यास ले चुके क्रिकेटरों के लिए परीक्षा आयोजित की थी जिसके परिणाम बुधवार को घोषित किए गए।

उम्मीदवारों को अंपायर पैनल में जगह बनाने के लिए 150 में से कम से कम 120 अंक लाने जरूरी थे। निधि ने 133.5 और रितिका ने 133 अंक के साथ इस में जगह बनाई।

बीसीसीआई पैनल में जगह बनाने वाली अन्य महिलाओं में तमिलनाडु की वी कृतिका और विदर्भ की अंकिता गुहा शामिल हैं। इस तरह से बीसीसीआई के पैनल में शामिल



महिला अंपायरों की कुल संख्या सात हो गई है। मुंबई क्रिकेट संघ के निखिल पाटिल ने 147 अंकों के साथ परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

मिताली राज की कप्तानी में अपना एकमात्र टेस्ट मैच लीस्टर में खेलने वाली 36 वर्षीय निधि ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में मैं लॉर्ड्स में नहीं खेल पाई। इंग्लैंड के 2006 के दौरे में हमारा वहां मैच था लेकिन मैं अंतिम एकादश में शामिल नहीं थी। यदि मुझे लॉर्ड्स में अंपायरिंग करने का मौका मिलता है तो यह सपना सच होने जैसा होगा। इस साल के शुरू में वृंदा राठी, एन जननी और वी गायत्री प्रतिष्ठित पुरुष रणजी ट्रॉफी में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बनी थी।

## क्विक न्यूज

### अभिमन्यु ईश्वरन के शतक से पूर्व क्षेत्र की बड़ी जीत

**पुडुचेरी।** सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन के शतक और रियान पराग की शानदार गेंदबाजी से पूर्व क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बुधवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र पर आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। पूर्व क्षेत्र ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया तथा पराग की शानदार गेंदबाजी से पूर्वोत्तर क्षेत्र को 48 ओवर में 169 रन पर ढेर कर दिया। पराग ने 30 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मुख्तार हुसैन और शाहबाज अहमद ने दो-दो विकेट हासिल किए। पूर्वोत्तर क्षेत्र की तरफ से रेक्स राजकुमार ने सर्वाधिक नाबाद 65 रन बनाए। इसके जवाब में पूर्व क्षेत्र ने अभिमन्यु के नाबाद 100 रन की मदद से केवल 31.3 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर दिया। अभिमन्यु ने 102 गेंदों का सामना किया तथा 13 चौके लगाए। यह उनका लिस्ट ए में आठवां शतक है। यह पूर्व क्षेत्र की लगातार दूसरी जीत है और वह आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण क्षेत्र के भी आठ अंक हैं लेकिन वह बेहतर नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष पर काबिज है।

### चेन्नईयिन एफसी ने स्कॉटलैंड के कोनोर शील्ड्स से करार किया

**चेन्नई।** दो बार के इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने स्कॉटलैंड के स्ट्राइकर कोनोर शील्ड्स से अनुबंध किया है। शील्ड्स दूसरे विदेशी खिलाड़ी है जिससे चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सत्र के लिए करार किया है। पच्चीस साल के शील्ड्स स्कॉटिश प्रीमियर लीग टीम मदरवेल का साथ छोड़कर चेन्नईयिन से जुड़ेंगे। शील्ड्स 2021 से मदरवेल के साथ खेल रहे थे। शील्ड्स ने अब तक 186 प्रतिस्पर्धी मैच खेले है और इस दौरान उन्होंने 30 गोल दागे। उन्होने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अल्बियोन रोवर्स के लिए किया जिसके लिए उन्होंने 46 मैच में 12 गोल किए।

### स्पेन और जापान महिला फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड)।** जेनिफर हर्मोसो के दो गोल की मदद से स्पेन ने जाम्बिया को बुधवार को 5 . 0 से हराकर फीफा महिला विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। स्पेन की जीत के साथ ही जापान ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों के बीच सोमवार को होने वाले मैच से शीर्ष दो टीमों का निर्धारण होगा। अपना सौवां मैच खेल रही स्पेन की हर्मोसो ने आक्लैंड में खेले गए मैच में 13वें और 70वें मिनट में गोल दागे। वही टेरेसा एबेलेइरा ने नौवें मिनट में पहला गोल किया था। अल्बा रेडोंडो ने 69वें और 85वें मिनट में गोल किया। इससे पहले हिकारू नाओमोतो और ओबा फुजिनो ने पहले हाफ में दो मिनट के भीतर गोल करके जापान को कोस्टा रिका पर 2 . 0 से जीत दिलाई। इस मैच को देखने के लिए सात हजार से भी कम दर्शक मौजूद थे जबकि आक्लैंड और सिडनी के मैचों में एक लाख से अधिक दर्शक उमड़े। जापान का सामना अब वेलिंगटन में स्पेन से होगा जबकि कोस्टा रिका की टक्कर जाम्बिया से होगी। जाम्बिया और कोस्टा रिका दोनों ग्रुप सी से नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुके है।

### आदित्य सामंत भारत के 83वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** आदित्य एस सामंत बुधवार को भारत के 83वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए। सत्रह साल के सामंत ने बील शतरंज एमटीओ 2023 टूर्नामेंट में हमवतन आर्यन चोपड़ा के खिलाफ अपनी नौवें दौर की बाजी शुरू करते ही यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बु ज़ियांगज़ी के खिलाफ अपने आठवें दौर की बाजी को ड्रा कराया था और उन्हें नौवें दौर में खेलकर अपना आखिरी जीएम नार्म हासिल करना था चाहे इसका परिणाम कुछ भी रहे। महाराष्ट्र के रहने वाले सामंत ने अपनी लाइव रेटिंग पहले ही 2500 ईएलओ अंक के पार पहुंचा दी थी। उन्होंने पहले ही दो जीएम नार्म हासिल कर लिए थे और उन्हें ग्रैंडमास्टर बनने के लिए केवल अंतिम जीएम नार्म हासिल करने की जरूरत थी।

### पांचवें एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में कोई बदलाव नहीं

**लंदन।** इंग्लैंड ने द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के लिए बुधवार को अपनी टीम में कोई बदलाव नही किया। पांचवें टेस्ट के चौथे दिन 41 बरस के होने जा रहे इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज जेम्स एंडरसन श्रृंखला में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपनी जगह बचाने में सफल रहे हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड और ऑलराउंडर क्रिस वोक्स को भी फिट घोषित किया गया है। पांचवां टेस्ट गुरुवार से शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 2-। से बढ़त बना रखी है जिससे तय हो चुका है कि एशेज उसके पास बरकरार रहेगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच ।-। से ड्रा खेला

**बार्सिलोना।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्पेनिश हॉकी महासंघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में बुधवार को यहां इंग्लैंड को ।-। से बराबरी पर रोका। होली हंट ने इंग्लैंड को सातवें मिनट में ही बढ़त दिला दी थी। भारत की तरफ से लालरेम्सियामी (41वें मिनट) ने बराबरी का गोल किया। इंग्लैंड ने मैच में शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। उसे इसका तुरंत ही फायदा मिल गया जब हंट ने मैदानी गोल दागा। शुरू में ही पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने अपने खेल में आक्रमकता का पुट भरा। उसने लगातार हमला करके इंग्लैंड की रक्षा पंक्ति को व्यस्त रखा।

# शफीक का दोहरा शतक, पाक ने श्रीलंका पर 397 रन की बढ़त बनाई

एपी। कोलंबो



**सलामी** बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक के करियर के पहले दोहरे शतक से पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी के आधार पर 397 रन की विशाल बढ़त बना ली।

बुधवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने पहली पारी में पांच विकेट पर 563 रन बना लिए हैं। शफीक ने 201 रन की पारी खेली। उन्होंने 326 गेंद का सामना करते हुए 19 चौके और चार छक्के मारे। टेस्ट क्रिकेट में इससे पहले शफीक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 160 रन था जो उन्होंने पिछले सल श्रीलंका के खिलाफ ही बनाया था। उन्होंने असिता फर्नांडो (133 रन देकर तीन विकेट) पर एक रन के साथ अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया। दोहरा शतक पूरा करने के तुरंत बाद शफीक ने प्रबाथ जयसूर्या (181 रन देकर दो विकेट) पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन लांग ऑफ पर दिलशान मदुशंक को कैच दे बैठे।

दिन का खेल खत्म होने पर आगा सलमान 132 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि मोहम्मद रिजवान 37 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं।

श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में सिर्फ 166 रन ही बना पाई थी।

शफीक को पहले दिन के खेल के दौरान जयसूर्या ने 42 रन के स्कोर पर जीवनदान दिया था जब उन्होंने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया था। शफीक को 74 रन के निजी स्कोर पर जयसूर्या की गेंद पर मैदानी अंपायर ने पगबाधा आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा।

श्रीलंका को कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। टीम ने गॉल में भी सऊद शकील के दो कैच टपकाए थे और उन्होंने दोहरा शतक जड़ दिया था।

शफीक ने कप्तान बाबर आजम (39) के साथ तीसरे विकेट के लिए 89 रन जोड़े। जयसूर्या ने पाकिस्तान के कप्तान को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा।

शफीक ने इसके बाद शकील (57) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : जायसवाल 11 स्थान आगे बढ़े , रोहित नौवें स्थान पर

भाषा। दुबई

**भारत** के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 11 पायदान चढकर 63वें स्थान पर पहुंच गए जबकि कप्तान रोहित शर्मा नौवें स्थान पर हैं।

जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट आफ स्पेन में ड्रॉ रहे दूसरे टेस्ट में 57 और 38 रन की पारियां खेली। अब उनके 466 अंक हैं। दूसरे टेस्ट में 80 और 57 रन बनाने वाले रोहित के 759 अंक हैं और वह श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करूणारत्ने के साथ नौवें स्थान पर हैं।

ऋषभ पंत एक पायदान नीचे गिरकर 12वें और विराट कोहली 14वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और इंग्लैंड के जो रूट क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के जाक क्राउले 13 पायदान चढकर 35वें स्थान पर हैं। वहीं हैरी ब्रूक 11वें और जॉनी बेयरस्टो संयुक्त 19वें स्थान पर हैं। भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जबकि रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के प्रबाथ जयसूर्या कैरियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर हैं। जयसूर्या के स्पिन जोड़ीदार रमेश मेंडिस एक पायदान चढकर 21वें स्थान पर हैं।

# फुटबॉल महिला विश्व कप में कनाडा ने आयरलैंड को हराया

एपी। पर्थ

**कनाडा** ने महिला फुटबॉल विश्व कप में बुधवार को यहां ग्रुप बी मैच में आयरलैंड के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-। से जीत दर्ज की। मैच का आकर्षण हालांकि आयरलैंड की कप्तान कैटी मैकेब का गोल रहा। कैटी ने कॉर्नर किक से सीधा गेंद को गोल में पहुंचाया। यह आयरलैंड का महिला विश्व में कप में पहला गोल है और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोल का दावेदार हो सकता है। फुटबॉल में कॉर्नर किक पर सीधे गोल बहुत कम देखने को मिलते हैं।

कैटी ने दाएं छोर से कॉर्नर किक पर सीधे गोल दागकर चौथे मिनट में ही आयरलैंड को बढ़त दिला दी।

आयरलैंड ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों तक इस बढ़त को बरकरार रखा लेकिन इंजरी टाइम में मेगान कोनोली ने आत्मघाती गोल दागकर कनाडा को बराबरी हासिल करने का मौका दे दिया। एड्रियाना लियोन (53वें मिनट) ने इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में कनाडा को 2-। से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। आयरलैंड को पिछले हफ्ते टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-। से हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा के खिलाफ हार के साथ आयरलैंड की टीम सोमवार को नाइजीरिया के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच से पहले ही नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई है।

# जमशेदपुर एफसी ने डिफेंडर लाकड़ा से अनुबंध किया

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से खेलने वाले डिफेंडर प्रोवात लाकड़ा के साथ एक साल का करार किया है, जिससे उनकी रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी। लाकड़ा ने पिछले कुछ वर्षों में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की तरफ से अहम भूमिका निभाई थी। वह 2018 में इस क्लब से जुड़े थे और उन्होंने उसकी तरफ से कुल 36 मैच खेले।

यह 25 वर्षीय खिलाड़ी जरूरत के अनुसार दाएं और बाएं दोनों छोर से खेलने में सक्षम है। उन्हें रक्षा पंक्ति के मजबूत खिलाड़ियों में से एक माना जाता है जिससे कि जमशेदपुर को आगामी सत्र में फायदा मिलेगा।

# ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहेंगी भारतीय हॉकी टीमें

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** पुरूष और महिला हॉकी टीमें अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के मकसद से एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने को लालायित हैं।

तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली पुरूष टीम तीन अगस्त से चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेगी।

भारतीय पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हॉकी इंडिया से कहा , पेरिस ओलंपिक से पहले हमें कई अहम मैच खेलने हैं। हम आगामी दौरे को लेकर उत्सुक हैं क्योंकि इससे हमें बेहतरीन टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलेगा।

भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में दक्षिण कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान , जापान और चीन के खिलाफ खेलेगी। हरमनप्रीत ने , ए मैच हमारे लिए अहम है क्योंकि इससे हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी का मौका मिलेगा। हम किसी भी मैच को हलके में नहीं लेंगे। हॉकी इंडिया ने पुरूष टीम के लिए मानसिक अनुकूलन विशेषज्ञ पैडी उपटन की सेवाएं ली है। इसके अलावा नीदरलैंड के मशहूर गोलकीपिंग कोच डेनिस वान डे पोल के विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जर्मनी में खेल चुकी महिला टीम स्पेन में स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही है। कप्तान सविता ने कहा , हमें पता है कि हमें हर हालत में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई कर सकें। उन्होंने कहा , हम इसी निरंतरता और फॉर्म को बरकरार रखेंगे। भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड से 3 . 4 से हार गई थी।